वाराणसी, सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024

मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 13, अंक 301, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : रोहित ने हार पर निराशा जताते हुए कहा ये सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा



अन्दर : केवल वादे नहीं प्राथमिकताएं जरूरी

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सीरियाई राष्ट्रपति असद ने देश छोड़ा

## सेना ने कहा, उनकी सत्ता खत्म, लोगों ने राष्ट्रपति भवन लूटा

**दिया इस्तीफा**

### टैंकों पर चढ़कर जश्न मना रहे विद्रोही और आमजन

**दमिश्क।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद ने प्रबल विरोध के बाद पद से इस्तीफा दे दिया और देश छोड़कर रवाना भी हो गए। इसी के साथ आधी शताब्दी तक असद परिवार का सीरिया की सत्ता पर रहा शासन भी खत्म हो गया है। सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है।

सीरिया में पिछले 11 दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। विद्रोही लड़ाकों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई पीएम ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा है कि वो देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे, उसके साथ मिलकर काम करेंगे।



रिपोर्टों के मुताबिक, पिछले एक हफ्ते में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क के अलावा सीरिया के चार बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है। इनमें अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा शामिल हैं। विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में दारा शहर की तरफ से घुसे थे, जिस पर उन्होंने 6 दिसंबर को कब्जा किया था। दारा वही शहर है, जहां से 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरूआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गई थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। यहां स्थानीय विद्रोहियों ने कब्जा किया है। वहीं, अलेप्पो, हमा और होम्स इस्लामी चरमपंथी ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम की गिरफ्त में है। संघर्ष की वजह से अब तक 3.70 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हालांकि लोग असद सरकार के गिरने की खुशी मना रहे हैं। लोगों के सेना के टैंकों पर चढ़कर सेलिब्रेट करने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

### असद ने 11 दिन में सत्ता गंवाई

सीरिया में 27 नवंबर को सेना और सीरियाई विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम के बीच 2020 के सीजफायर के बाद फिर संघर्ष शुरू हुआ था। इसके बाद एक दिसंबर को विद्रोहियों ने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जा कर लिया। इसे राष्ट्रपति बशर अल असद ने सीरिया की जंग के दौरान 4 साल की लड़ाई के बाद जीता था। अलेप्पो जीतने के 4 दिन बाद विद्रोही गुटों ने एक और बड़े शहर हमा और फिर दक्षिणी शहर दारा पर कब्जा कर लिया। इसके बाद राजधानी दमिश्क को दो दिशाओं से घेर लिया है। दारा और राजधानी दमिश्क के बीच सिर्फ 90 किमी की दूरी है। इस तरह असद ने सिर्फ 11 दिन के भीतर अपनी सत्ता गंवा दी और सीरिया पर असद परिवार के 50 साल का शासन खत्म हुआ। सीरियाई राजधानी दमिश्क में स्थानीय समय के मुताबिक रविवार शाम 4 बजे से सोमवार सुबह 5 बजे तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया है कि बशर अल-असद ने राष्ट्रपति पद छोड़ दिया है। साथ ही वे सीरिया छोड़ चुके हैं। रूसी मंत्रालय के मुताबिक बशर विद्रोही गुटों को शांतिपूर्वक सत्ता सौंपने के लिए राजी हो गए हैं। नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि असद गए। उन्होंने अपना देश छोड़ दिया है। ट्रम्प ने लिखा कि असद को बचाने में उनके सहयोगी रूस और राष्ट्रपति पुतिन की कोई दिलचस्पी नहीं है।

### नागरिकों ने राष्ट्रपति भवन में लूटपाट की

राष्ट्रपति असद के देश छोड़ने के बाद राजधानी दमिश्क में मौजूद उनके आवास में सीरियाई नागरिक घुस गए हैं। नागरिकों ने राष्ट्रपति भवन में लूटपाट की है और वहां मौजूद सामान अपने साथ ले गए।

### असद का विमान दुर्घटनाग्रस्त?

**दमिश्क।** सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की तलाश की जा रही है। विद्रोही गुट के लड़ाके उन लोगों से पूछताछ कर रहे हैं, जिन्हें असद के बारे में जानकारी हो सकती है। इस बीच, एक फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट ने बताया कि सीरिया की राजधानी दमिश्क से उड़ान भरने वाला आखिरी विमान इल्युशिन-76 था, जिसकी उड़ान संख्या सीरियन एयर 9218 और उस विमान में बशर अल-असद के सवार होने की संभावना जताई जा रही है। विमान ने दमिश्क से उड़ान भरी और बाद में उसका संपर्क अचानक टूट गया। अब विद्रोही यह जानने की कोशिश कर रही हैं कि असद के साथ क्या हुआ। विमान के उड़ान भरने से कुछ समय पहले विद्रोही सेनाओं ने हवाई अड्डे पर कब्जा करना शुरू किया। विमान पहले पूर्व की दिशा में उड़ान भरता है, फिर अचानक उत्तर दिशा में मुड़ता है। लेकिन थोड़ी देर बाद जब विमान होम्स (सीरिया का एक प्रमुख शहर) के ऊपर उड़ रहा था, उसका संपर्क टूट गया।

# महाकुंभ के लिए दो वर्षों में रेलवे ने खर्चे 5 हजार करोड़



**बोले-अश्विनी वैष्णव**

### केंद्रीय रेल मंत्री ने महाकुम्भ -2025 की तैयारियों का किया अवलोकन

### प्रयागराज क्षेत्र में सुगम रेल परिचालन के लिए 21 रोड ओवर ब्रिजों और रोड अंडर ब्रिजों का किया गया निर्माण

**प्रयागराज।** केंद्रीय मंत्री, रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज क्षेत्र में महाकुम्भ-2025 के लिए की जा रही तयारियों का रविवार को अवलोकन किया। इसके पश्चात पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि महाकुंभ-2025 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के संभावना को देखते हुये गत 2 वर्षों से वृहत स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। इससे संबंधित कार्यों में गत 2 वर्षों में प्रयागराज क्षेत्र में 5000 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि खर्च की गई है। इस धनराशि से बड़े स्तर पर विकास किए गए हैं। प्रयागराज क्षेत्र में सुगम रेल परिचालन के लिए 21 रोड ओवर ब्रिजों और रोड अंडर ब्रिजों का निर्माण किया गया है।

महाकुंभ -2025 के दौरान 3000 स्पेशल गाडियां सहित 13000 से अधिक रेल गाडियां चलायी जाएंगी जब कि गत कुम्भ मेला में 7000 गाड़ियों का संचालन किया गया था। छोटी दूरी के लिए बड़ी संख्या में मेमू ट्रेन का इंतजाम किया जा रहा है। महाकुंभ -2025 के रेगुलर गाड़ियों में दोनों तरफ इंजन लगाया जाएगा जिससे समय की बचत होगी। बनारस से प्रयागराज के मध्य दोहरीकरण किया गया है इसी खंड में गंगा नदी पर 100 वर्ष बाद नया ब्रिज बने गया है। एवं फाफामऊ-जंघई के मध्य दोहरीकरण होने से ट्रेन परिचालन क्षमता में वृद्धि हुयी है। महाकुंभ-2025 के दौरान बेहतर सुविधाओं के लिए विभिन्न स्टेशनों पर 43 स्थायी होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है।

प्रयागराज क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर सभी फुट ओवर ब्रिजों पर एकदिशीय यातायात की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया कर्मियों को महाकुंभ के दौरान दिशावार कलर कोडिंग व्यवस्था और टिकटिंग व्यवस्था के बारे में भी बताया। रेल मंत्री ने डीएफसी के कंट्रोल सेंटर का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत मंत्री ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में रेल अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, यदि आवश्यकता हो तो होल्डिंग एरिया की क्षमता और बढ़ाई जाए एवं मेला अवधि में अधिकतम ट्रेनो का परिचालन किया जाए। इसी के साथ ही अयोध्या, चित्रकूट एवं विंध्याचल के लिए भी ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने की बात की। उन्होंने चित्रकूट एवं विंध्याचल में भी होल्डिंग एरिया विकसित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में श्री वैष्णव ने स्वच्छ एवं प्लास्टिक फ्री कुंभ की दिशा में प्रयास करने की बात कही। उन्होंने मेडिकल के संबंध यदि आवश्यकता हो तो बाहर से अतिरिक स्टाफ हायर करने और यात्रियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। अपने संबोधन में रेल मंत्री महोदय ने कानपुर एरिया को बुंदेलखंड, लखनऊ एवं अयोध्या के दिशा में जाने वाले यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए वहां भी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रयास की आवश्यकता जताई। अंत में उन्होंने जिला प्रशासन व रेल विभाग को समन्वय से काम करने के निर्देश दिए और मेला को सुचारु और सुरक्षित बनाने के सभी प्रयास करने की बात कही। इस दौरान अध्यक्ष रेलवे बोर्ड सतीश कुमार सहित उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक एवं संबंधित मंडल रेल प्रबंधकों के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# किसानों को शंभू बॉर्डर पर रोका गया

**नई दिल्ली।** एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत कई मांगों को लेकर 101 किसानों के जत्थे ने दिल्ली कूच की कोशिश की। हालांकि शंभू बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने उन्हें रोक दिया। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे किसानों पर फूल बरसाए। लेकिन भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने कम से कम 50 आंसू गैस के गोले भी दागे। किसान नेताओं का आरोप है कि कई किसान इस दौरान घायल हो गए। कुछ किसानों के घायल होने के बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने दिल्ली की ओर अपना पैदल मार्च स्थगित कर दिया था।

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि कम से कम 8 किसान घायल हुए हैं। एक किसान को चंडीगढ़ पीजीआई ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि किसान संगठनों ने बैठक के बाद जत्थे को वापस बुलाने का फैसला किया है।

**मार्च रुका**

### बोले किसान, सोमवार को फिर बढ़ेंगे दिल्ली की ओर

### पुलिस ने खींचतान के बाद आंसू गैस के गोले दागे

हमने शांतिपूर्ण तरीके से हरियाणा की ओर जाने की कोशिश की। लेकिन 101 किसान हरियाणा पुलिस का सामने करने लायक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रचार कर रही है कि हमारे पास हथियार हैं। पंढेर ने कहा कि कल संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा बैठक करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। **किसानों पर पुलिस ने बरसाए फूल :** पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर एक ओर पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए भारी बैरिकेडिंग की थी। किसानों के जत्थे ने बैरिकेडिंग तोड़ हरियाणा की ओर दाखिल होने की कोशिश की। इस खींचतान के बीच एक खास नजारा भी देखने को मिला। शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर हरियाणा पुलिस ने फूल बरसाए।



### फूल बरसाने के कुछ मिनट बाद दागे रबर के गोले

किसानों पर फूल बरसाने के कुछ ही मिनट बाद पूरा नजारा बदल गया। किसानों ने नारेबाजी शुरू की। देखते ही देखते पुलिस ने किसानों पर आंसू गैस के गोले दागने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारी किसानों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने कार्रवाई की। आंसू गैस के गोले दागे जाने के कारण किसानों को कुछ मीटर पीछे हटना पड़ा। इनमें से कुछ किसानों ने अपने चेहरे ढके हुए थे और कुछ ने चश्मे पहने हुए थे। कुछ किसान जूट के गीले बोरों से आंसू गैस के गोलों से बचते दिखाई दिए।

### रात से ही बॉर्डर पर पुलिस ने की तैयारी

शंभू बॉर्डर पर सुबह से ही किसानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पुलिस ने रात में ही कई स्तर की बैरिकेडिंग लगा दी थी। किसानों ने ऐलान किया कि वे दोपहर 12 बजे दिल्ली की ओर पैदल मार्च शुरू करेंगे। पंजाब के सीमा क्षेत्र में आने वाले शंभू बॉर्डर पर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी संख्या में तैनाती की गई है। दिल्ली के लिए निकले 101 किसानों के जत्थे को शंभू बॉर्डर पर रोक दिया गया। उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। पुलिस ने किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

## पूर्वांचल व तराई में बूंदाबांदी के आसार

**प्रदेश के कई इलाकों में पछुआ हवाओं ने बढ़ाई सर्दी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रही पछुआ हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी है। मेरठ समेत कई इलाकों में रात का पारा लुढ़ककर 6 डिग्री के आसपास आ गया है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोमवार को प्रदेश के तराई और पूर्वांचल के इलाकों में बादलों की आवाजाही रहेगी, बूंदाबांदी और हल्की बारिश के भी आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिन में बदली और बूंदाबांदी से अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी, लेकिन रात के पारे में 2 से 3 डिग्री तक उछाल देखने को मिल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ गुजर जाने के बाद मंगलवार से न्यूनतम पारे में फिर से गिरावट आएगी और ठिठुरन बढ़ेगी। पुरवाई चलने से बुधवार के बाद तराई और पूर्वांचल में मध्यम से घने कोहरा होने के आसार हैं। रविवार को उरई में सर्वाधिक 29 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मेरठ में सबसे कम 5.4 डिग्री तो अयोध्या में 6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

# पूर्व आईपीएस ऑफिसर संजीव भट्ट बरी

**बड़ी राहत**

### गुजरात कोर्ट ने किया बरी हिरासत में कैदी को यातना देने का था आरोप

**पोरबंदर।** पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को बड़ी राहत मिली है। गुजरात के पोरबंदर कोर्ट ने हिरासत में यातना देने मामले में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी संजीव भट्ट को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप को साबित नहीं कर सका।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश पंड्या ने शनिवार को पोरबंदर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) भट्ट को उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज मामले में सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इससे पहले भट्ट को जामनगर में 1990 में हिरासत में हुई मौत के मामले में आजीवन कारावास और 1996 में पालनपुर में राजस्थान के एक वकील को फंसाने के लिए मादक पदार्थ रखने से जुड़े मामले में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। वह वर्तमान में राजकोट के केंद्रीय कारागार में बंद हैं।



अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष इन आरोपों को साबित नहीं कर सका कि शिकायतकर्ता को अपराध कबूल करने के लिए विवश किया गया और खतरनाक हथियारों का इस्तेमाल कर और धमकियां देकर आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया गया था। अदालत ने इस बात पर भी गौर किया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी नहीं ली गई थी जो उस समय एक लोक सेवक था।

संजीव भट्ट और कांस्टेबल वजुभाई पर भारतीय दंड संहिता की धारा 330 (अपराध स्वीकार करवाने के लिए चोट पहुंचाना) और 324 (खतरनाक हथियारों से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। कांस्टेबल वजुभाई की मृत्यु के बाद उसके खिलाफ मामले को खत्म कर दिया गया। दोनों के खिलाफ यह मामला नारन जादव नामक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किया गया था जिसमें आरोप लगाया गया कि आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) और शस्त्र अधिनियम के मामले में अपराध कबूल करवाने के लिए पुलिस हिरासत में उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं दी गईं।

# कोलकाता में ढाका की साड़ियां जलाईं

**विरोध**

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। कोलकाता, कांथी, काकद्वीप, संदेशकाली और पुरुलिया में हिंदुत्ववादी संगठनों की ओर से आयोजित रैलियों में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इन प्रदर्शनों में लोगों ने हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की भी मांग की।

कोलकाता के सॉल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनस के पास प्रदर्शन में लोगों ने बांग्लादेश की जमदानी साड़ियों को जलाया। उन्होंने बांग्लादेश के सामान का बहिष्कार करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अगर तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे, तो भारत के लोग चुप नहीं बैठेंगे।



एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाए जाने और भारत विरोधी नफरत फैलाने वाले बयानों की कड़ी निंदा करते हैं।

हम चुप नहीं बैठेंगे। इसलिए, इन साड़ियों को जलाकर हम बांग्लादेशी उत्पादों का बहिष्कार करने की अपील कर रहे हैं। दूसरे प्रदर्शनकारी ने कहा, यह कैसा बांग्लादेश है? जो लोग 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में लड़े थे, अब वे अपनी ऐतिहासिक धरोहर को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।

कांथी में आयोजित विरोधी रैली का नेतृत्व राज्य के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने किया। उन्होंने कहा, बांग्लादेश की कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ सभी सनातनी एकजुट हैं। उन्होंने कहा, 1971 में बांग्लादेश के स्वाधीनता संग्राम में 30 हजार से अधिक भारतीयों की शहादत को अब वहां के कट्टरपंथी भूल गए हैं। आज की रैली सीमा पार के तत्वों के लिए एक चेतावनी है कि वे इस प्रकार की नफरत फैलाने वाली बयानबाजी बंद करें। अधिकारी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल और संयुक्त राष्ट्र के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार उचित कदम उठाएगी।

# 'रूस से तेल खरीदना भारत के लिए सस्ता सौदा नहीं' : विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**नीतिगत मुद्दा**

### रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जयशंकर ने दी प्रतिक्रिया, आपके पास कोई डील हो तो बताएं

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस का बहिष्कार किया, लेकिन भारत ने अपनी दोस्ती बरकरार रखी। इसको लेकर जब विदेश मंत्री एस जयशंकर से सवाल पूछे गए तो उन्होंने करारा जवाब दिया। जयशंकर ने शनिवार को भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले का जोरदार बचाव किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विश्व के पास भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोई बेहतर विकल्प है। यह बयान उन्होंने 22वें दोहा फोरम के पैनल नए युग में संघर्ष समाधान पर चर्चा के दौरान दिया।



जयशंकर ने स्पष्ट किया कि रूस से तेल खरीदना भारत के लिए कोई सस्ता सौदा नहीं है, बल्कि यह देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की एक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं तेल खरीदता हूं। यह सच है। यह सस्ता नहीं है। क्या आपके पास बेहतर डील है? भारत ने हाल के वर्षों में रूस से कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रूस अब भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन चुका है, जो भारत के कुल तेल आयात का 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल की शुरूआत में कीव का दौरा किया और राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की।

पीएम मोदी ने भारत के शांति के पक्ष में रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। दूसरी ओर जेलेंस्की ने भारत से यूक्रेन का समर्थन करने और संतुलनकारी रवैया न अपनाने की अपील की।दोहा फोरम में जयशंकर ने संकेत दिया कि वैश्विक राजनीति में यथार्थवाद की ओर रुख हो रहा है। उन्होंने कहा, वार्ता की आवश्यकता को स्वीकार करना युद्ध जारी रखने की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण हो रहा है।

### पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने ट्रंप व जेलेंस्की का किया स्वागत

**पैरिस।** नोट्रे-डेम डे पेरिस के री-ओपनिंग समारोह में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शहर में आये अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की का स्वागत किया। इस मुलाकात में जेलेंस्की ने यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की और उन्होंने ट्रंप और मैक्रों के साथ मिलकर बैठक की। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने आध्यात्मिक व्यक्तित्व के साथ कहा कि उनका ट्रंप और मैक्रों के साथ बैठक सकारात्मक और आरामदायक रहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा की तरह दृढ़ हैं। इसके साथ ही उन्होंने पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों का शुक्रिया व्यक्त किया और शांति की दिशा में आगे काम करने की चेतावनी दी। इमैनुएल मैक्रों ने इस मौके पर कहा कि फ्रांस और अमेरिका के बीच दोस्ती पर गर्व है।

# आक्रोश: शरीफ सरकार के खिलाफ एफआईआर कराएगी पीटीआई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने 26 नवंबर को इस्लामाबाद में हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर संघीय सरकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट बताया गया है कि पीटीआई कोर कमेटी की बैठक में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू करने के बारे में चर्चा की गई।

आंदोलन को आगे बढ़ाने या न बढ़ाने के बारे में फैसला लेने के लिए एक उप-समिति की स्थापना की गई थी क्योंकि उप-समिति को 48 घंटे के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करना है, जिसका प्रमुख बैरिस्टर गौहर अली खान को नियुक्त किया है। इसके अलावा पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान द्वारा स्थापित पार्टी के नेताओं ने कोर कमेटी की बैठक में 26 नवंबर के विरोध प्रदर्शन के संबंध में सरकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का फैसला किया है।



एफआईआर दर्ज करने के लिए पूर्व अटॉर्नी जनरल लतीफ खोसा की अध्यक्षता में एक अलग समिति बनाई गई है, जबकि समिति में नईम हैदर पंजोथा जैसे प्रमुख वकील शामिल होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक बैठक में पीटीआई नेताओं ने कहा कि 26 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के बाद पार्टी के 146 कार्यकर्ता लापता हैं।

पीटीआई ने 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन शुरू किया था जब पीटीआई का कारवां खैबर पख्तूनख्वा से इस्लामाबाद चला गया। प्रदर्शनकारी 26 नवंबर तक डी-चौक पहुंचे, जहां सुरक्षाकर्मियों ने लोगों को तितर-बितर करने और विरोध प्रदर्शन को खत्म करने के लिए देर रात कार्रवाई की थी। इससे पहले नवंबर में, पीटीआई ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई को क्रूर, फासीवादी सैन्य शासन के तहत नरसंहार बताया था।

# ट्रैक्टरों की टक्कर में दो की मौत

**हादसा**

### मौत की सूचना पर गांव में फैला मातम

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहन सराय चौकी अंतर्गत नेशनल हाईवे दो पर गलत दिशा से जा रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारा टक्कर जिससे सभी घायल हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे द्वितीय पर बी एच यू स्थित किसी परिचित को देखने एक ही बाइक पर सवार बिना हेलमेट तीन लोग बेनीपुर मिजार्मुराद निवासी लालचंद , चंदू व रिंकू राजातालाब से अखरी की तरफ जा रहे थे मोहन सराय हाईवे के ओवर ब्रिज पर पहुंचे ही थे कि रॉन्ग साइड से आ रही ट्रैक्टर ने सामने से टक्कर मार दी जिसमें तीनों घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायल को उपचार हेतु ट्रामा सेंटर भिजवाया जहां पर उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल चंदू व करिया को मृत घोषित कर दिया। तथा लालचंद का उपचार जारी है। वही टक्कर मार भाग रहे ट्रैक्टर व चालाक मोहन सराय गंगापुर मोड से अजय को पुलिस ने हिरासत में ले लिया अजय ने बताया कि निजी कंपनी द्वारा हाईवे पर बीच में लगे खराब ग्रिल को बदलने का कार्य किया जा रहा था मृतक रिंकू गुप्ता 35 पावर लूम का काम कर माता विमला देवी पिता लक्ष्मी शंकर पत्नी मीना देवी सहित तीन लड़की की एक लड़का भरण पोषण करता था तथा चंद्रबली 50 चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था पावर लूम का कार्य कर माता शांति पिता किशोर पत्नी कुसुम देवी सहित एक लड़की दो लड़को का भरण पोषण करता था वहीं घटना के बाद एक साथ दो लोगों की मौत की खबर मिलने पर परिजनों के साथ-साथ पूरे गांव में मातम फैल गया।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत



**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के अमरीपुर (पतेरवा) गांव के सामने रविवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से 58 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार अमरीपुर गांव के रहने वाले विश्राम प्रजापति उम्र 58 वर्ष रविवार सुबह साइकिल से अपने छोटे पुत्र बृजेश कुमार को लड़की देखने मुरकटिया गांव जा रहे थे वह ज्यों ही गांव के एक जनरल स्टोर की दुकान पर रुक कर खैनी लेने के बाद आगे बढ़े ही थे कि प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर कुचलते हुए चौखंडी की तरफ भाग निकला घटना की सूचना मिलते ही जंसा पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को समझने का प्रयास किया लेकिन परिजन शव को अमरीपुर-चौखंडी मार्ग पर रखकर सड़क को जाम कर दिया। और मुआवजे की मांग पर अड़ गये मृतक तीन पुत्र एवं एक पुत्री का पिता बताया जाता है। और कुल्हड़ बनाने के साथ खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था वहीं घटना से पत्नी पंचन देवी रो रोकर बेहाल थी। मृतक का बड़ा बेटा सागर मुंबई में रहकर किसी कंपनी में काम करता है। वही घटना की जानकारी मिलने पर मुंबई से घर के लिए रवाना हो गया है।परिजनों ने लगभग तीन घंटे बाद मांग को लेकर पुलिस के आश्वाशन पर जाम को समाप्त किया। और पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिजली अभियंता और कर्मी कल बांधेंगे काली पट्टी

**प्रस्तावित निजीकरण**

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति वाराणसी इकाई की भेलूपुर पावर हाउस पर रविवार को हुई बैठक में बताया गया कि समूचे प्रदेश में बिजली अभियंता और कर्मचारी 10 दिसम्बर को बांह पर काली पट्टी बांधकर प्रस्तावित निजीकरण का विरोध करेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने एकतरफा मनमाने ढंग से पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है। इसके विरोध में प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करने को प्रदेश के समस्त ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी व अभियंता 10 दिसम्बर को पूरे दिन काली पट्टी बांधेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से संघर्ष समिति ने अपील की है कि वे कर्मचारियों के व्यापक हित में निजीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी न दें।

संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण से बड़े पैमाने पर होने वाली छंटनी और पदावनति से कर्मचारियों के मन में भारी चिंता है। पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन घाटे के झूठे आंकड़े देकर प्रदेश को गुमराह कर रहा है और कर्मचारियों में भय का वातावरण बनाया जा रहा है। बैठक को ओपी सिंह, विजय सिंह, मायाशंकर तिवारी, राजेंद्र सिंह, जमुना पाल, संतोष वर्मा, रमाशंकर पाल, अनिल कुमार आदि ने संबोधित किया।

## संक्षेप

### हमले में पशु घायल

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के स्थानीय बौरहवां गांव में बीती रात अज्ञात जानवर के हमले से टीन शेड में बंधे तीन पालतू पशुओं की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्सक घायल पशु का इलाज करते हुए वन विभाग की टीम के साथ मामले की जांच कर रही है।

### एक के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा

**वाराणसी।** कैन्ट के लच्छीपुरा निवासिनी महिला ने अपनी बालिग पुत्री को बहका फुसला कर भगा ले जाने के मामले में एक व्यक्ति पता अज्ञात के खिलाफ कैन्ट में मुकदमा दर्ज कराया। महिला के अनुसार उसकी 23 वर्षीय बेटी जिसकी शादी आगामी 15 जनवरी को होना तय था 7 दिसम्बर को घर से सामान लेने के बहाने निकली और वापस नहीं आई।आरोप है कि बेटी अपने साथ बिना बताए जेवर व नगदी भी ले कर गई है।परिजनों ने मनवीर सिंह नामक युवक पता अज्ञात के ऊपर लड़की को बहका फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कैन्ट थाने में सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ई-रिक्शा चोरी के मामले में तहरीर

**वाराणसी।** नदेसर के अंधरापुल, लच्छीपूरा कालोनी निवासिनी हुस्ना ने अपना ई रिक्शा गायब होने के मामले में कैन्ट थाने में दो नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता के अनुसार राजा बाजार,नदेसर निवासी विपिन यादव व अंधरा पुल निवासी विनीत ने ही ई रिक्सा गायब किया खोजबीन के बाद परिजन जब दोनों से पूछने गए तो दोनों ने ई रिक्सा भूल जाने की धमकी देते हुए गालीगलौज किया। कैन्ट पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### अधिवक्ता सहित पांच पर मुकदमा

**वाराणसी।** भेलूपुर के बजरडीहा मखदूम बाबा देव पोखरी मोहल्ले में रहने वाले इरम सबा की शिकायत पर पुलिस आयुक्त की निर्देश पर मोहम्मद ईसा, नसीम अख्तर,तनवीर आलम,अधिवक्ता श्वेता श्रीवास्तव,संतोष पांडेय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता का आरोप है कि उनके पति स्व आजाद अहमद ने वर्ष 2018 में तीन लाख रुपए में उक्त मकान को मोहम्मद ईसा से खरीदा था। वर्ष 2023 में आजाद की मौत हो गई। आजाद की मौत के बाद मोहम्मद ईसा उनके बेटे तनवीर नसीम अख्तर मकान को खाली करवाने के लिए गुंडों को भेजकर अश्लील हरकतें करवाते है।बीते 3 दिसंबर को शाम 6 बजे 5 से 6 की संख्या में कुछ महिला पुरुष उनके घर पर पहुंचे। इसके बाद सभी ने गाली गलौज करते हुए मकान खाली करने के लिए धमकी देने लगे। पुलिस मुकदमा दर्ज कर पीड़िता की तरफ से मुहैया करवाए गए वीडियो फुटेज की मदद से जांच करने में जुटी है।

### वाराणसी वेटरंस पांच विकेट से विजयी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश वेटरंस क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे वेटरंस क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को वाराणसी वेटरंस ने लखनऊ वेटरंस को पांच विकेट से परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया। एक निजी कॉलेज के मैदान पर खेले गए 20-20 ओवरों के मैच में वाराणसी वेटरंस के कप्तान खुर्शीद खान ने टॉस जीतकर लखनऊ वेटरंस को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। लखनऊ वेटरंस की पूरी टीम 18.2 ओवर में 121 रन पर आउट हो गयी। लखनऊ वेटरंस की ओर से संदीप मेहरोत्रा ने सर्वाधिक 60 रनों की पारी खेली। वाराणसी वेटरंस की तरफ से राकेश गुप्ता ने तीन, अविनाश यादव, आशीष यादव व चंद्रप्रकाश ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाराणसी वेटरंस की टीम ने आशीष यादव की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आसानी से मैच जीत लिया। आशीष ने नौ चौकों की मदद से 58 रन की पारी खेली, जबकि प्राशु चैरसिया ने 19 रन बनाये। लखनऊ वेटरंस की तरफ से शिव ने तीन विकेट लिया। आशीष यादव को उनके शानदार प्रदर्शन की वजह से प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

### फोटोग्राफी ने बनाया प्रियंकर को बनारसिया

**वाराणसी।** फोटोग्राफी ने वाराणसी के प्रियंकर को बनारसिया बना दिया वो भी इस कदर की उन्हें निकॉन ने अपने साथ जोड़ लिया। बनारस की हर गलियों में अपने फोटोग्राफी के प्रसिद्ध प्रियंकर को कैमरे का शौक था जिसे उन्होंने अब अपना प्रोफेशन बना लिया। उनके द्वारा खिची जाने वाली सभी पिक्चर निहारने वालों को चित्र के माध्यम से ही बनारस के जिंदादिली के दर्शन हो जाते हैं। बनारस ही नहीं बल्कि चार धाम, दस ज्योतिलिंगों के दर्शन को अपने कमरे में संजो लिया। भारत भर में उन्हें लोगों ने अपना क्रियेटर बनाया। भारत के लगभग 18 राज्यों में फैलाया और उनके दर्शन को अपने लेंस में संजोया।

**शुद्धि-पत्र**
दिनांक 08.12.2024 के अंक में पेज नम्बर 02 पर प्रकाशित विज्ञापन कार्यालय ग्राम पंचायत बलिहार, वि. ख. बैरिया, बलिया में भूलवश ग्राम पंचायत का नाम छूट गया है। जिसमें ग्राम पंचायत का नाम बलिहार जोड़कर पढ़ा व समझा जाय। शेष नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

# भाजपा को मजबूत बनाने के लिए चुनाव महत्वपूर्ण

**बोले सुब्रत पाठक**

### भाजपा जिला इकाई की रोहनिया कार्यालय पर बैठक सम्पन्न



**वाराणसी।** पूर्व सांसद व जिले के चुनाव पर्यवेक्षक सुब्रत पाठक ने कहा कि भाजपा को मजबूत बनाने के लिए संगठन का चुनाव महत्वपूर्ण है। मंडल इकाई के चुनाव 13 से 15 दिसम्बर के बीच सम्पन्न कराये जायेंगे। वह जिला इकाई की रोहनिया स्थित संगठन कार्यालय में रविवार को हुई बैठक में मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने कहा कि संगठन के गठन में हर समाज का प्रतिनिधित्व बनाने की खातिर आम सहमति के साथ कार्यों को सम्पादित कराया जायेगा। सामाजिक समरसता वर्तमान समय में विपक्ष की विघटनकारी राजनीति की दृष्टि से आवश्यक है। मुख्यमंत्री का नारा बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, पूर्ण रूप से सत्यता को परिभाषित करता है। विगत हजार वर्षों का हमारा इतिहास भी यही कहता है। आपसी रंजिश के कारण मुगल तथा अंग्रेज जो मुट्ठी भर आये थे। हम पर सैकड़ों वर्ष तक शासन करने में सफल रहे। आज पूर्व मुख्यमंत्री मायावती भी बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर मुखर हो गई है। जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और बताया कि जिले के सभी 20 मंडलों में बूथ गठन की प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है। सभी मंडल संगठन चुनाव के मापदंड भी पूरे हो चुके हैं। संचालन महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम ने किया। बैठक में विधायक अजगरा टी राम, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, प्रेम नारायण पटेल, डॉ. जेपी दुबे, सुरेंद्र पटेल, संजय सोनकर, अखंड सिंह, संजय सिंह, पवन? सिंह, अरविंद सिंह पटेल,अश्वनी पांडेय, दिनेश मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी श्रीनिकेतन मिश्र, फौजदार शर्मा, उषा राज मौर्य, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन सोनकर, सुनीता सिंह आदि थीं।

# लक्ष्य का 85 प्रतिशत उर्वरक बांटा, 15 तक मिलेगी नयी रैक

**लक्ष्य के करीब**

### सीडीओ ने बताया कालाबाजारी रोकने को जारी रहेगी छापेमारी

### निजी व सहकारी क्षेत्र में फास्फेटिक की उर्वरक की उपलब्धता का दावा

**वाराणसी।** जिले में खाद और बीज की किसानों को किल्लत न हो इसलिए इसका अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़ के लिए छापेमारी जारी रहेगी। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि दिसम्बी माह के लक्ष्य के सापेक्ष 85 प्रतिशत उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। फास्फेटिक उर्वरक डीएपी व एनपीके की इफको, एचयूआरएल, एनएफएल और आईपीएल कम्पनी की रैक शीघ्र ही 15 दिसम्बर तक प्राप्त होगी, जिससे निजी व सहकारी क्षेत्र में फास्फेटिक उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहेगी। किसान भाई अपनी फसल/जोत के अनुसार पीओएस मशीन में अंगूठा लगाकर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें किसी तरह से उर्वरक के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

सीडीओ ने बताया कि रबी 2024 में दिसम्बर माह तक 16538 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक डीएपी/एनपीके/एमओपी के वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष 14114 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को सहकारी समितियों व निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों के माध्यम से किया जा चुका है। आईएफएमएस पोर्टल के अनुसार जनपद में 1713 मीट्रिक टन डीएपी, 1508 मीट्रिक टन एनपीके, 10083 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक निजी बिक्री केन्द्र, सहकारिता केन्द्र, बफर गोदाम, थोक उर्वरक विक्रेताओं के यहां उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि फसल के अच्छे उत्पादन के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश का अनुपात 4:2:1 होना चाहिए लेकिन डीएपी के लगातार प्रयोग करने के कारण यह अनुपात 28:9:1 है, जो कि वैज्ञानिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। उन्होंने किसानों से डीएपी के स्थान पर एनपीके का प्रयोग करने की अपील की है। इससे फसलों को तीनों पोषक तत्वों की सन्तुलित मात्रा की पूर्ति हो जायेगी।

# नौनिहालों को पोलियो बूथ पर अवश्य लाएं:सीएमओ

**जागरूकता**

### साढ़े पांच लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की



**वाराणसी।** पल्स पोलियो विशेष अभियान की जागरूकता रैली के माध्यम से मुख्य चिकित्सक अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि अभियान के तहत चलाये जा रहे शिविर मे अपने पांच साल के तक के नौनिहालों को पोलियो बूथ तक लाएं।

ज्ञात हो कि शनिवार को सीएमओ ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। रैली के माध्यम से सभी ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाना है, पोलियो से बचाना है और अबकी बार भूल न जाना, दवा बूथ पर ही पिलाना के नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। पांच वर्ष तक के 5,68,511 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने कहा सभी अभिभावक अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप बूथ पर ही पिलवायें छह दिन तक चलने वाले इस अभियान में 5,68,511 बच्चे दवा पियेंगे। रविवार 8 दिसम्बर को बूथ दिवस से शुरूआत हो रही है। इसमें जिले में बने 1813 बूथों पर पोलियो की खुराक दी जायेगी। जबकि घर-घर भ्रमण के लिए कुल 1265 टीमें भी लगाई गई हैं। तथा 36 ट्रांजिट टीमें बनाई गई हैं बूथ तक न पहुंच पाने वाले बच्चों के लिए 9 दिसम्बर से घर-घर जाकर पोलियो की खुराक देने का काम होगा। इसके बाद भी अगर कोई बच्चा दवा पीने से वंचित रह जाता है तो उसे 16 दिसम्बर को पोलियो की खुराक दी जायेगी। इसलिए सतर्क रहें और अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलायें।

# अपार्टमेंट की लिफ्ट गिरी महिला घायल

**वाराणसी।** मंडुआडीह चौराहे के पास स्थित एक अपार्टमेंट की चलती लिफ्ट चौथी मंजिल से अचानक नीचे गिर गई। लिफ्ट गिरने से एक दम्पति सहित काम करने वाली नौकरानी घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार 10वी मंजिल से नीचे की तरफ आ रही लिफ्ट आठवी मंजिल पर रुकी वहां से एक डॉक्टर दम्पत्ति उसमे स्वर हुए।उसके बाद लिफ्ट नीचे की तरफ जैसे ही चली कि अचानक कुछ ही क्षणों बाद तेज आवाज के साथ अचानक नीचे गिर गई। गार्ड ने तत्परता से दरवाजा खोलकर घायलों को तुरंत बाहर निकाला। यह हादसा रविवार की सुबह लगभग आठ बजे उस समय हुआ जब अपार्टमेंट में रहने वाले डॉ. प्रत्यूष रंजन, उनकी पत्नी डॉ. सौम्या श्रीवास्तव, रिश्तेदार अनुभूति श्रीवास्तव, और घरेलू सहायक गीता अपने तीन बच्चों के साथ लिफ्ट में सवार थे। अचानक लिफ्ट गिरने से घरेलू नौकरानी गीता और डॉ. सौम्या की रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गईं। गीता को पैर में चोट आयी है । उसे शिवदासपुर स्थिति एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कांग्रेसजन अब आम लोगों को दिलाएंगे न्याय



**पहल**

### किसी की जमीन पर अवैध कब्जा, तो किसी की ऑफिस से फाइल गायब होने की मिली शिकायत

**वाराणसी।** तहसील समाधान दिवस के दिन शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल आउटरीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम पांडेय के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में प्रदेशव्यापी कार्यक्रम 'कांग्रेस दिलाएगी न्याय' के तहत वाराणसी सदर तहसील के बाहर आम जनता के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सहायता केंद्र खोला गया।

इसमें वाराणसी कांग्रेस दिलाएगी न्याय अभियान के प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस आउटरीच प्रकोष्ठ मोहम्मद आदिल और जिला अध्यक्ष डाक्टर नवरत्न सिंह के नेतृत्व में खुले केंद्र में आम जनता कांग्रेस के न्याय केंद्र पर आकर अपनी हर प्रकार की समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराया। शिकायत पत्र को एकत्र कर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय को प्रेषित किया गया है और सभी लोगों से समस्या के निदान के लिए विश्वास जताया गया कि सभी कांग्रेसजन उनकी हर समस्या व लड़ाई के लिए तैयार और संघर्षरत हैं। इस कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष पवन कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस आउटरीच प्रकोष्ठ मोहम्मद आसिफ, जिला अध्यक्ष जनसूचना राजेश त्रिपाठी, महताब आलम, रवि रंजन, शरद कुमार, गणेश कुमार, राहुल कुमार आदि समेत सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नवकागांव वि0 ख0 बैरिया जनपद-बलिया

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा पंचम राज्य वित्त 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ एसएलडब्ल्यूएम/ स्वच्छ भारत मिशन पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/ योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये स्थल पर निम्न है-

**1**-प्रथम श्रेणी ईंट 150 एमएम प्रति हजार, **2**-सीमेन्ट प्रति बैग, **3**-सफेद बालू, महीन बालू प्रति घन मीटर, **4**-स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) प्रति घन मीटर, **5**-सरिया प्रति कुन्तल, **6**- एसवेस्टस शीट, पैन शीट, दरवाजा लाईट, **7**-पंचायत भवन बाउण्ड्री कायाकल्प, आंगनबाड़ी के कायाकल्प, एएनएम सेन्टर कायाकल्प, **8**-ई-रिक्शा, साइकिल, आरआरसी का निर्माण, स्ट्रीट लाईट, **9**-इण्डिया मार्का हैण्डपम्प सामग्री मरम्मत प्रति नग, **10**-चूना ब्लिचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्पर प्रति किलोग्राम, सामग्री एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है। ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। तथा निविदा प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 09.12.2024 से 12.12.2024 तक अपनी दरें लेटरपैड पर संलग्न लिफाफ में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा खुलने की तिथि 14.12.2024 समय अपराह्न 01.00 बजे।

पत्रांक मेमो 2024-25

**हर्ष श्रीवास्तव**
**ग्राम पंचायत अधिकारी/**
**ग्राम विकास अधिकारी (सचिव)**
ग्राम पंचायत नवकागांव, वि0 ख0 बैरिया
जनपद बलिया

**रजनी सिंह**
**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत नवकागांव
वि0 ख0 बैरिया
जनपद बलिया

# मनुष्य और मनुष्यता ही साहित्य का उपजीव्य-प्रो. उषा यादव

**संभाषण**

### साहित्यिक संघ का 33वां वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**वाराणसी।** साहित्य सद्भावना व सौहार्द का संवाहक होता है। यह अपने समय और समाज की धड़कनों से स्पंदित होता रहता है। हिन्दी की प्रतिष्ठित संस्था साहित्यिक संघ के 33वें वार्षिक अधिवेशन के मौके पर मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. उषा यादव ने यह बात अपने उद्‌बोधन में कही। उन्होनें कहा कि मनुष्य और मनुष्यता ही साहित्य का उपजीव्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. रमाकांत शर्मा ने कहा कि भारतीय मनीषियों ने जिस आत्मनिष्ठा का प्रवर्तन किया एमएलसी धर्मेन्द्र राय ने कहा कि काशी की साहित्यिक परंपरा को हमे जीवन्त बनाए रखना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में साहित्यिक संघ के मंत्री डॉ. जितेन्द्र नाथ मिश्र ने संस्था एवं अधिवेशन के औचित्य पर प्रकाश डाला। इस मौके पर साहित्य की विभिन्न विधाओं से जुड़े रचनाकारों केदारनाथ सविता,(मिर्जापुर) श्री अक्षय पाण्डेय (गाजीपुर) रामप्यारे प्रजापति (सुल्तानपुर) धीरेन्द्र कुमार पटेल (जौनपुर) ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र (जमशेदपुर) राजनारायण बोहरे (दतिया)डॉ. अशोक द्विवेदी, डॉ. प्रीति जायसवाल, डॉ. शशिकला पाण्डेय (सभी वाराणसी) को सेवक साहित्यश्री सम्मान- 2024 प्रदान किया गया। अधिवेशन के अन्तर्गत महेन्द्र नाथ मिश्र स्मृति काव्य गोष्ठी में सम्मानित साहित्यकारों के साथ ही सुरेन्द्र वाजपेयी, डॉ. अशोक कुमार सिंह, श्री शिवकुमार पराग, धर्मेन्द्र गुप्त साहिल, अभिनव अरूण आदि ने काव्य पाठ किया। समारोह को डॉ. रामसुधार सिंह ने भी सम्बोधित किया। अतिथियों का स्वागत श्री हिमांशु उपाध्याय संचालन डॉ. बेनी माधव तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो श्रद्धानन्द ने किया। इस अवसर पर सर्वश्री अनिल सिंह, डॉ. दयानिधि मिश्र, वासुदेव उबेरॉय, ओम धीरज, अत्रि भारद्वाज, कंचन सिंह परिहार, कवीन्द्र नारायण, मनीष खत्री, वल्लभ दास अग्रवाल, श्रीराम माहेश्वरी, पं0 उमंग नाथ शर्मा, डॉ. रामअवतार पाण्डेय, डॉ. एस.एस.गांगुली, मनोज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स **वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 3386166 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र कही खो गया है। दीनानाथ यादव पुत्र लालजी यादव ग्राम-छातीडीह, पोस्ट-कुटीर चक्के, जौनपुर।



ठंड के बढ़ने के साथ ही लोग आग तापकर खुद को बचाने में लगे हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सोनबरसा (भगवानपुर) वि0 ख0 मुरलीछपरा जनपद-बलिया

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा पंचम राज्य वित्त 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ एसएलडब्ल्यूएम/ स्वच्छ भारत मिशन पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/ योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये स्थल पर निम्न है-

**1**-प्रथम श्रेणी ईंट 150 एमएम प्रति हजार, **2**-सीमेन्ट प्रति बैग, **3**-सफेद बालू, महीन बालू प्रति घन मीटर, **4**-स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) प्रति घन मीटर, **5**-सरिया प्रति कुन्तल, **6**-ब्रेंच,7-स्कूल में जीम, स्ट्रीट लाईट, 8-सोलर लाईट, 9-हाई मास्क, 10-लाईट, 11-आरआरसी का निर्माण, 12-इण्डिया मार्का हैण्डपम्प सामग्री मरम्मत प्रति नग, शर्तें-ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है। ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। तथा निविदा प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.12.2024 से 10.12.2024 तक अपनी दरें लेटरपैड पर संलग्न लिफाफ में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

निविदा खुलने की तिथि 12.12.2024 समय अपराह्न 01.00 बजे।

पत्रांक मेमो 2024-25

**रंजन कुमार यादव**
**ग्राम पंचायत अधिकारी/**
**ग्राम विकास अधिकारी (सचिव)**
ग्राम पंचायत सोनबरसा (भगवानपुर)
वि0 ख0-मुरलीछपरा
जनपद-बलिया

**प्रिया देवी**
**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत सोनबरसा (भगवानपुर)
वि0 ख0-मुरलीछपरा
जनपद-बलिया

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
78800/inc.GST


चांदी (99.50)
92450/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी भारत

# वाराणसी और अयोध्या तक चलेंगी चार रिंग रेल

**रेल मंत्री का निरीक्षण**

### यात्रियों की सुगमता के लिए लगेंगे 13 हजार फेरे

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** महाकुंभ में प्रयागराज से काशी और अयोध्या के बीच बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके लिए चार रिंग रेल चलाने की योजना है' महाकुंभ को देखते हुए रेलवे पिछ्ले तीन वर्ष से तैयारी कर रहा है' नए वेटिंग एरिया, होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं' ट्रेनों के निर्बाध परिचालन के लिए दोहरीकरण, प्लेटफॉर्म विस्तार, यात्री सुविधाएं बढ़ाई गई हैं' यह बातें रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहीं। वह वाराणसी से झूंसी के बीच विंडो ट्रेलिंग करने से पूर्व रविवार दोपहर बनारस स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, उन्होंने कहा महाकुंभ के दौरान 45 दिन तक अलग-अलग तरह की 13 हजार फेरे लगेंगी। जो देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओ को बेहतर अहसास कराएगी' रेलमंत्री ने कहा कि रेलवे ने आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं' ऑटोमेटिक सिग्नलिंग, यार्ड रीमॉडलिंग, प्लेटफॉर्मो पर अत्याधुनिक उपकरण लगाये गए हैं' हम यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए संकल्पित हैं' रेलमंत्री निरीक्षण यान से विंडो ट्रेलिंग करते हुए प्रयागराज रवाना हो गए' बनारस स्टेशन पर उनके साथ कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ सतीश कुमार, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक वर्मा, पूर्वोत्तर रेलवे की जीएम सौम्या माथुर समेत अन्य अधिकारी थे' इससे बाबतपुर एयरपोर्ट पर भाजपा जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय समेत कई भाजपा नेता थे।

# सीईओ ने अधिकारियों की लगाई क्लास

**नाराजगी**

### रेलवे बोर्ड अध्यक्ष के सख्त लहजे से सहमे अधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सीईओ सतीश कुमार ने रविवार को कैंट स्टेशन पर स्थानीय अधिकारियों के साथ यात्री सुविधाओं के साथ ही रेल के लगभग सभी विभागो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई स्थानों पर त्रुटियों को देख स्थानीय अधिकारियों की क्लास लगाते हुए उसे दुरुस्त करने की हिदायत दी।

कैंट स्टेशन पहुंचे सीईओ का स्थानीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागता किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ मंथन करते हुए मुख्य सर्कुलेटिंग एरिया पहुंचे और वहां स्थित चार पहिया पार्किंग में लंबे समय से खड़ी गाड़ियों पर संचालक से सवाल जवाब करते हुए स्थानीय अधिकारियों से पूरा हाल जाना, उन्होंने इस पर सख्ती दिखाते हुए स्थानीय अधिकारियों से सवाल किए। वहीं प्रीपेड ऑटो रिक्शा स्टैंड पर ऊबड़ खाबड़ सतहों को अविलंब मरम्मत कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने पार्किंग में कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध वसूली नहीं होनी चाहिए,वर्तमान में पार्किंग को ठेका निरस्त कर निःशुल्क कर दिया गया है। इसके पूर्व सीईओ ने पार्सल कार्यालय भी गये।

पावर केबिन में कंप्यूटराइज्ड इंटरलॉकिंग पैनल का मुआयना किया। द्वितीय प्रवेश द्वार पहुंचे सतीश कुमार ने पुरानी बिल्डिंग को अब तक ध्वस्त न कर पाने का कारण पूछा। सीओ जीआरपी कार्यालय को अन्यत्र शिफ्ट कर उसे गिराने का निर्देश दिया। प्लेटफार्म नंबर पांच पर फर्श की दशा देख एईएन पर बिफर पड़े।

मौके पर मौजूद स्थानीय अधिकारियों को कहा कि नवनिर्मित प्लेटफार्म नंबर दस और 11 तक यात्रियों को पहुंचने में फजीहत न हो, इसका मुकम्मल इंतजाम करे। उन्होंने रेलवे यार्ड पर संरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया।

# निजी कंपनी बनाने को यूपीपीसीएल प्रबंधन नहीं कर सकता विद्युत अधिनियम का प्रयोग

## कहा–पहले ही अधिनियम का प्रयोग कर पावर कॉरपोरेशन बना चुका है चार कंपनियां

**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**उपभोक्ता परिषद का विरोध**

### कर्मचारियों व उपभोक्ता परिषद के विरोध के बीच गेंद अब नियामक आयोग के पाले में

### इस बीच बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने पीपीपी मॉडल के आरएफपी प्रस्ताव को दी मंजूरी



**वाराणसी।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगमों के प्रस्तावित निजीकरण को लेकर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन और विभागीय कर्मचारियों के बीच 'शीतयुद्ध' छिड़ चुका है। हालांकि अभी कर्मचारियों का आंदोलन उस गतिसे जोर नहीं पकड़ रहा है, जिसके लिए कर्मचारी संगठन जाने जाते हैं। इसके बीच उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने भी बिजली व्यवस्था के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक नया पेंच फंसा दिया है। उपभोक्ता परिषद ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) प्रबंधन विद्युत अधिनियम की धारा 131(4) का प्रयोग अब निजी कंपनी बनाने के लिए नहीं कर सकता है। इस बीच, यूपीपीसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और एनर्जी टास्क फोर्स ने निजीकरण के पीपीपी मॉडल के रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल (आरएफपी) प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी है।

दरअसल, यूपीपीसीएल प्रबंधन राजस्व घाटे की बात कहकर पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगमों के निजीकरण का पूरी तरह मन बना लिया है। यही वजह है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की तरफ से पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम को पीपीपी मॉडल के आरईपी का प्रस्ताव प्रदेश सरकार की होने वाली कैबिनेट की बैठक में मंजूरी के लिए रखने की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

इसकी तैयारी ऊर्जा विभाग कर रहा है। माना जा रहा है कि एक बार कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। इस बीच, पावर कॉरपोरेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और एनर्जी टास्क फोर्स की बीते दिनों हुई बैठक में पहले ही पीपीपी मॉडल के आरएफपी को मंजूरी दी जा चुकी है। हालांकि, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रस्तावित निजीकरण का पूरजोर विरोध करते हुए बीते शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों और परियोजना मुख्यालयों पर सभा कर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच, पूर्वांचल और दक्षिणांचल को पीपीपी मॉडल में पांच कंपनियों को दिए जाने का मामला नियामक आयोग में पहुंच चुका है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की तरफ से आरएफपी को मंजूरी दिए जाने के खिलाफ नियामक आयोग में विरोध प्रस्ताव दाखिल किया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने कहा है कि पावर कॉरपोरेशन विद्युत अधिनियम की धारा 131(4) का पहले ही प्रयोग कर चार बिजली कंपनियां बना चुका है। ऐसे में अब इस धारा का प्रयोग कंपनियां तो कर सकती हैं, लेकिन पावर कॉरपोरेशन नहीं कर सकता है।

इसलिए पावर कॉरपोरेशन को पांच नई कंपनियां बनाने का अधिकार नहीं है। परिषद अध्यक्ष ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की कोई लीगल एंटीटी नहीं है। लिहाजा, पावर कॉरपोरेशन ने जो प्रस्ताव पास कराकर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और एनर्जी टास्क फोर्स में अनुमोदित करवाया गया है, वह असंवैधानिक है। नियामक आयोग को इसको तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।

### ऊर्जा क्षेत्र में हड़ताल का वातावरण बना रहा प्रबंधन


पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के फैसले का विरोध करते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति पूरे प्रदेश में बीते सात दिसंबर को विरोध सभाएं की। संघर्ष समिति ने पॉवर कॉरपोरेशन पर आरोप लगाया है कि प्रबंधन हड़ताल का वातावरण बनाकर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति पैदा कर रहा है। प्रबंधन की गतिविधियों से ऐसा लगता है कि वह कर्मचारियों पर हड़ताल थोपना चाहता है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों आरके वाही, अंकुर पांडेय एवं विद्युत मजदूर संगठन के वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश राय का कहना है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने कर्मचारियों के तेवर को देखते हुए कंट्रोल रूम बनाना, जिला अधिकारियों से सहयोग लेना और खुद चेयरमैन की तरफ से रोजाना विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आंदोलन से निपटने की तैयारी करना, यह सब देखकर लगता है कि प्रबंधन को कर्मचारी और उपभोक्ताओं के हित की कोई चिंता नहीं है। कर्मचारी नेताओं ने इस बाबत प्रदेश के मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से अपील की है कि वह तत्काल हस्तक्षेप करें और बिजली कर्मचारियों का लोकतांत्रिक ढंग से विरोध करने के अधिकार का हनन न होने दे।

# निजीकरण से घटेंगे सरकारी जॉब, युवा होंगे बेरोजगार

**उपभोक्ता कहिन**

### पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम के प्रस्तावित निजीकरण को लेकर उपभोक्ताओं ने जताई

**जनसंदेश न्यूज**


रविकांत शर्मा


राजेश राजभर


शिवकुमार पटेल


विकास दुबे

**वाराणसी।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम के प्रस्तावित निजीकरण के बाबत विद्युत उपभोक्ताओं ने चिंता जतायी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि तमाम विभागों में निजीकरण होने से सरकारी नौकरियां घटती जा रही है और निजी कंपनियों का एकाधिकार होने से युवाओं का शोषण हो रहा है। यहीं बात बिजली विभाग में होने जा रही है। क्योंकि बिजली व्यवस्था का निजीकरण होगा तो सरकारी नौकरियां घटेगी तो उन युवाओं के सपने चकनाचूर होंगे, जिन्होंने विद्युत विभाग में नौकरी करने का सपना देखा है।

तरना निवासी रविकांत शर्मा का कहना है कि यदि सच में देखा जाए तो पावर कॉरपोरेशन के 75 प्रतिशत सिस्टम पर निजी एजेंसियों का अधिकार हो चुका है, फिर भी सिस्टम में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। इसलिए इस विभाग के केवल अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्ण रूप से दोषी कहना अनुचित होगा। किसी भी विभाग का निजीकरण होने से पूंजीपति घरानों को मनमानी करने की छूट मिल जाती है और उस पर लगाम कसना मुमकिन नहीं होता। ऐसे में विद्युत विभाग का निजीकरण करना किसी समस्या का समाधान नहीं है। होना यह चाहिए कि सरकार अपने अधिकारियों और कर्मचारियों पर लगाम कसते हुए व्यवस्था में सुधार के और तरीके अपनाएं।

काजी सराय बाजार निवासी कारोबारी राजेश राजभर ने कहा कि हम गरीब लोग वैसे ही वर्तमान में इतनी महंगाई झेल रहे हैं कि परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। अभी भी महंगे रेट में बिजली का बिल हम लोगों को मिल रहा है।

निजीकरण के बाद क्या होगा, कुछ समझ में नहीं आता। वही, किसान शिवकुमार पटेल ने कहा कि बिजली विभाग का निजीकरण हुआ तो किसानों के ऊपर अतिरिक्त भार बढ़ जाएगा। किसानों के जीने खाने के तो दो ही साधन है-एक बिजली और दूसरे खाद-बीज-पानी। इनके दाम पहले से ही बढ़े हैं। यह तो निश्चित है निजीकरण हुआ तो बिजली का दाम और बढ़ जाएगा।

रघुनाथपुर निवासी विकास दुबे ने कहा कि हर चीज का निजीकरण होता जा रहा है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं, चाहे वह मजदूर हो छोटा या बड़ा व्यापारी हो। सरकार बिजली विभाग का निजीकरण क्यों कर रही है, यही नहीं समझ में आ रहा है। क्या सरकार खुद विभाग को चलाने में सक्षम नहीं है?

## सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर ब्लड डोनेशन कैंप आज

**वाराणसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष व राज्य सभा की सदस्य सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर नौ दिसंबर को सभी जनपदों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें कांग्रेसजन रक्तदान कर अपने नेता को उपहार देंगे। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के अनुसार सोमवार को दोपहर 12.30 बजे से लहुराबीर स्थित आईएमए बिल्डिंग में कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा देश के माहौल को विषाक्त बनाया जा रहा है। बटोगे तो कटोगे की सियासत करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर करती है। ये लोग भारत के लोकतांत्रिक और सेक्युलर चरित्र को खत्म करना चाहते हैं। मगर हम कांग्रेस के लोग इनके नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेसजनों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान शिविर में शामिल होने का आह्वान किया है। कैंप में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी उपस्थित रहेंगे।

# धर्म, आस्था और अध्यात्म के महाकुम्भ का समापन

## 25 हजार कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ की सुगन्धि से वातावरण सुगंधित

**समापन**

### स्वर्वेद महामन्दिर के जयघोष से गूंजा उमरहां गांव



**चौबेपुर।** क्षेत्र के स्वर्वेद महामंदिर धाम उमरहाँ के पवित्र प्रांगण में विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह पर आयोजित 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का रविवार को विधिवत समापन हुआ। इस महायज्ञ में देश-विदेश से लाखों भक्त-शिष्यों ने अपनी व्यक्तिगत एवं समष्टिगत कामनाओं की पूर्ति के निमित्त यज्ञ-कुण्ड में आहुतियां प्रदान कीं।

महायज्ञ के समापन अवसर पर देश-विदेश से आए लाखों भक्तों को संबोधित करते हुए सद्गुरु आचार्य स्वतंत्र देव महाराज ने कहा कि आत्मोद्धार का सर्वश्रेष्ठ साधन है भक्ति। लेकिन आज की भक्ति अज्ञान एवं आडम्बरयुक्त जड़भक्ति है। जड़भक्ति से ऊपर उठकर भक्ति के चेतन पथ पर अग्रसर होने की आवश्यकता है। अधिकांश व्यक्तियों का जीवन अविद्या एवं अंधकार में व्यतीत हो रहा है। समारोह के समापन पर भक्तों को संदेश देते हुए संत विज्ञान देव महाराज ने कहा कि हमारा अज्ञान ही हमारे दुःखों का कारण है।

कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। हमे दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है। उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो सामर्थ्य है वह अध्यात्म के आलोक से, स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है। वार्षिकोत्सव में आये लाखों भक्त-शिष्यो ने महाराज जी के समक्ष अपने दोनों हाँथ उठाकर विधिवत सेवा, सत्संग, साधना करने का संकल्प लिया, कार्यक्रम का समापन वंदना, आरती एवं शांति पाठ के द्वारा किया गया। इस आयोजन में प्रतिदिन निःशुल्क योग, आयुर्वेद, पंचगव्य, होम्योपैथ आदि चिकित्सा पद्धतियों द्वारा कुशल चिकित्सकों के निर्देशन में रोगियों को चिकित्सा परामर्श के साथ चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई थी। तीन दिनों के इस महा आयोजन में लाखों की संख्या में पहुँच कर श्रद्धालुओं ने स्वर्वेद महामंदिर का दर्शन किया।

# आरटीआई के निस्तारण में देरी का आयोग लेगा संज्ञान

## राज्य सूचना आयुक्त ने जनसूचना अधिकारियों की कसी चूड़ी

**सख्ती**

### मामलों के निस्तारण में देरी से लोगों में मन में पैदा होता है संदेह

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** राज्य सूचना से जुड़े मामलों के निस्तारण में लापरवाही अफसरों को भारी पड़ेगी। राज्य सूचना आयोग ऐसे अफसरों को चिह्नित कर कार्रवाई करेगा। उप्र के राज्य सूचना आयुक्त ने लंबित मामलों के निस्तारण को लेकर अफसरों को हिदायत दी। उन्होंने सभी विभागों के जनसूचना अधिकारियों व प्रथम अपीलीय अधिकारियों को जनसूचना अधिकार से जुड़े मामलों को संवेदनशील होकर निबटाने का निर्देश दिया। उप्र के राज्य सूचना आयुक्त राकेश कुमार ने रविवार को सर्किट हाउस सभागार में जनपद में सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 को लेकर सभी विभागों के जनसूचना अधिकारियों व प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

उप्र के राज्य सूचना आयुक्त ने लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण को लेकर कहा आयोग के स्तर से पुराने लंबित वादों का निस्तारण तेजी से किया गया है, लेकिन जनपद स्तर पर जागरूकता के अभाव में बहुत से वादों का निस्तारण नहीं हो पाता है। इससे लोगों के मन में संदेह पैदा होता है। यह सही नहीं है इसे दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिना वजह वादों को लंबित न रखा जाए और वादों का तय समय में निस्तारण किया जाए। सूचना आयुक्त द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम के विधिक पहलुओं की अधिकारियों को बारीकी बतायी। उन्होंने विभिन्न विभागों से आए जन सूचना अधिकारियों को अपील और शिकायत के अंतर को भी समझाया। राज्य सूचना आयुक्त ने अधिकारियों को रुचि लेकर और आपस में सामंजस्य बनाकर प्राथमिक स्तर पर ही वादों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सूचना देने में अनावश्यक विलंब नहीं करना चाहिए। 30 दिनों की तय अवधि के अंदर सूचना प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि जन सूचना जनता का अधिकार है और अधिकारियों का दायित्व है कि लोगों को समय से सूचना उपलब्ध कराएं।

### सूचना न देने का कारण भी करें स्पष्ट

राज्य सूचना आयुक्त राकेश कुमार ने सेक्शन 8, 9 के संबंध में अधिकारियों से सवाल- जवाब किया। उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियों/प्रथम अपीलीय अधिकारियों के अपने टेबल पर नेम प्लेट लगाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा की सभी जनता की सेवा के लिए बैठे हैं तो जनता की सहूलियत का पूरा ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह ध्यान दें कि जिस सूचना का उत्तर नहीं दिया जा सकता, उन सूचनाओं को देने से इनकार करने के बारे में स्पष्ट उल्लेख कर संबंधित को जानकारी दें। यदि सूचना किसी अन्य विभाग से संबंधित है तो स्पष्ट रूप से उसे संबंधित विभाग को भेजा जाए और लिखे कि यह इस विभाग से संबंधित नहीं है और इस विभाग से संबंधित है। अपने पास आरटीआई कभी भी लंबित न रखें। उसका जवाब 30 दिनों के भीतर अवश्य दें। सूचना अगर विस्तृत हो या अवलोकन करना हो तो उसके बारे में भी समय निर्धारित किया जाए।

### स्वयं को वादी की जगह रख लें निर्णय

राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि वादी की ओर से मांगी गई सूचना देने में वहीं भाव रखा जाए तो स्वयं इस अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना की प्रासि के समय होती है। उन्होंने कहा कि हमेशा वादी के स्थान पर स्वयं को रखकर सोचना चाहिए और सूचनाओं का उतर अविलंब दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम की मूलभूत जानकारी रखनी चाहिए। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचनाओं के संदर्भ में लोकहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा सूचनाओं को प्रदान करने में अनावश्यक विलंब नहीं किया जाना चाहिए। यदि विलंब हुआ तो उसका स्पष्ट कारण अवश्य दें। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के संदर्भ में पूरी जानकारी मतलब सूचना कब प्राप्त हुई, सूचना का विषय, सूचना की स्थिति आदि के संदर्भ में पूरी जानकारी एक पंजिका में रखी जानी चाहिए। इस दौरान संबंधित विभाग के जनसूचना अधिकारी/अपीलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोलर रूफ टॉप लगाने की रोज रिपोर्ट देंगे नोडल अधिकारी

**वाराणसी।** पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऊर्जा मंत्री की ओर से दिसम्बर में 10 हजार रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सीडीओ ने नोडल अधिकारियों से प्रतिदिन की रिपोर्ट तलब की है। नोडल अधिकारियों को संबद्ध सभी वेंडर से प्रतिदिन कितने रूफ टॉप सोलर लगाए है, कितने प्रगति पर है, इसकी सूचना प्रतिदिन एकत्रित कर कंट्रोल रूम व पीओ नेडा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि जनपद में इस महीने 10 हजार सोलर रूफ टॉप लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। टारगेट पूरा करने के लिए सभी 10 नोडल अधिकारियों को विभिन्न मोहल्लों व कॉलोनियों में सोलर रूफ टॉप लगवाने के लिए लोगों को जागरूक करने तथा आवेदनों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने सोलर रूफ टॉप लगाने वाले एक- एक वेंडर की भी मानीटरिंग की जाएगी जिससे की योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकें। उन्होंने बताया कि सभी वेंडर नियमित रूप से निर्धारित तिथि के अनुसार विभिन्न स्थानों पर सोलर रूफ टॉप लगा दें इसका नोडल अधिकारी विशेष ध्यान दें। सीडीओ ने बताया कि इसमें लापरवाही बरते जाने पर संबंधित नोडल और उनसे संबद्ध वेंडर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# प्रज्ञा व ईशान को मिलेंगे सर्वाधिक 5-5 गोल्ड मेडल

**दीक्षांत**

### बीएचयू का 104वां दीक्षांत समारोह 14 दिसंबर को 479 मेधावियों के नाम शामिल

### कला संकाय के 111 व विज्ञान संकाय के 92 मेधावियों को दिए जाएंगे मेडल



**वाराणसी।** बीएचयू के सेमिनार हॉल कांप्लेक्स में हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में 479 गोल्ड और सिल्वर मेडल पर अंतिम मुहर लगाई गई। सबसे ज्यादा 111 मेडल कला संकाय के विद्यार्थियों को और विज्ञान संस्थान के मेधावियों को 92 मेडल से नवाजा जाएगा। वहीं, वनस्पति विज्ञान विभाग की यूजी की छात्रा प्रज्ञा प्रधान और संगीत व मंच कला संकाय के छात्र ईशान घोष को सबसे ज्यादा पांच-पांच गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। इन दोनों मेधावियों को चांसलर मेडल भी मिलेगा।

14 दिसंबर को बीएचयू के 104वें दीक्षांत समारोह में कला संकाय के 111 मेडल के अलावा, आईएमएस के मेधावियों को 57 गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। संकाय स्तर पर मिलने वाले मेडल की बात करें तो मेडिसिन, आयुर्वेद और दंत चिकित्सा विभाग को 55 गोल्ड और दो सिल्वर मेडल मिलेंगे। कॉमर्स फैकल्टी को 22 गोल्ड मेडल, शिक्षा संकाय को नौ गोल्ड मेडल, विधि संकाय में 23 गोल्ड मेडल, मंच कला संकाय को 26 गोल्ड मेडल, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय को 16 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल और सामाजिक विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं के हिस्से 44 गोल्ड मेडल आएंगे।

वहीं संस्थान स्तर पर कृषि विज्ञान संस्थान को 32 मेडल, पर्यावरण संस्थान को पांच गोल्ड मेडल, मैनेजमेंट स्टडीज के मेधावियों को 10 गोल्ड मेडल और विज्ञान संस्थान के मेधावियों को 90 गोल्ड और दो सिल्वर मेडल दिए जाएंगे।

### संस्कृत मेधावियों को मिलेगी सुधीर जैन स्कॉलरशिप

बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के नाम पर नई स्कॉलरशिप की शुरूआत की गई है। बीएचयू के स्कूलों में संस्कृत के 10 छात्र और छात्राओं को ये स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसके लिए 10 लाख रुपये का स्कॉलरशिप फंड तैयार किया गया है। हर महीने मिलने वाले ब्याज से ये स्कॉलरशिप बच्चों को दी जाएगी। 28 नवंबर को इस स्कॉलरशिप फंड में चार लाख रुपये और जोड़े गए हैं। एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई। अगस्त से शुरू की गई इस स्कॉलरशिप के तहत पहले संस्कृत के चार छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा था। अब इसे बढ़ाकर 10 कर दिया गया है। काउंसिल की बैठक में इस स्कॉलरशिप को कुलपति सुधीर जैन स्कॉलरशिप का नाम दिया गया। इसमें बीएचयू के रणवीर संस्कृत विद्यालय के तीन छात्र, सेंट्रल हिंदू गर्ल्स स्कूल की चार छात्राएं और सेंट्रल हिंदू ब्वायज स्कूल के तीन मेधावी छात्रों को ये स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसके तहत हर महीने पांच हजार रुपये छात्र-छात्राओं को दिए जाते हैं।

### स्कॉलरशिप के लिए एक लाख की जरूरत

बीएचयू के विनियोजन इकाई द्वारा अवगत कराया गया कि स्कॉलरशिप के मद में 10 लाख रुपए प्राप्त हुए और 31 अक्टूबर तक 70529 रुपये ब्याज के तौर पर प्राप्त हुए। इस राशि को मिलाकर 10,72,529 रुपये हो गए। चूंकि स्कूल में हर एक स्कॉलरशिप के लिए एक लाख रुपये की जरूरत होती है। ऐसे में सुधीर जैन स्कॉलरशिप के अंतर्गत 10,72,529 रुपये मिल गए हैं।

## 17 को पेंशनर दिवस मनाने पर चर्चा

**वाराणसी।** पेंशनर्स कल्याण संस्था की रविवार को पीडब्ल्यूडी स्थित डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन में हुई बैठक में संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के मंडल पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। वहीं 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस मनाने की भी चर्चा हुई। पेंशनरों ने शासन स्तर पर उनकी समस्याओं के निस्तारण में विशेष रूचि न लिए जाने पर रोष व्यक्त किया। इस दौरान आरपी मिश्र, एसएसपी मिश्र, हीरालाल प्रसाद, देवेन्द्र लाल श्रीवास्तव, डा सुधाकर मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में जाएंगे ग्राम प्रधान

**सेवापुरी।** ब्लाक के आदर्श ग्रामसभा भीषमपुर के प्रधान राकेश कुमार सिंह राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 की कार्यशाला में शामिल होंगे। पंचायती राज मंत्रालय की ओर से कार्यशाला 11 दिसम्बर 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इससे ग्रामवासियों में काफी हर्ष है।

**संक्षेप**

### विद्यापीठ में 27 पाठ्यक्रमों में प्रवेश का एक और मौका

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2024-25 में एमए दर्शन, संस्कृत, उर्दू सहित 27 पाठ्यक्रमों में अभी सीटें रिक्त हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने अंतिम अवसर दिया है। कुलसचिव डा. सुनीता पांडेय ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 12 दिसंबर तक समर्थ पोर्टल पर अपने को पंजीकृत कर प्रवेश के लिए आवेदन पत्र को पूर्ण (सबमिट) कर लें। अभ्यर्थी पोर्टल से प्राप्त आवेदन पत्र के साथ समस्त प्रमाण पत्रों का सत्यापन 13 दिसंबर तक संबंधित विभाग में आवश्य करा लें।

### संगीत प्रमाण पत्रीय प्रथम व द्वितीय वर्ष में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायध्यक्ष प्रो. हरिशंकर पांडेय ने बताया कि विभागाध्यक्ष के प्रस्ताव पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 के विश्वविद्यालय परिसर में साहित्य विभाग द्वारा संचालित संगीत प्रमाण-पत्रीय प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों के प्रवेश की तिथि में वृद्धि की गई है। पूर्व में प्रवेश की तिथि दस दिसंबर निर्धारित थी, जिसे 17 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। छात्र ऑनलाइन पद्धति से पेमेंट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा कर प्रवेश आवेदन पत्र पूरित करने का निर्देश अभ्यर्थियों को दिया गया है। प्रवेश आवेदनपत्र विश्वविद्यालय की ऑनलाइन वेबसाइट के प्रवेश सत्र 2024-2025 विकल्प पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र भरने से पूर्व दिशा-निर्देशों को भलीभांति पढ़ लें तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17 दिसंबर व काउंसिलिंग की तिथि 19 से 22 दिसंबर तक निर्धारित है। प्रवेश के लिए पंजीकरण शुल्क दो सौ रुपये है। छात्रों को एंटी रैगिंग शपथ पत्र भी भरना होगा।

# शोध प्रवेश परीक्षा में 1111 अभ्यर्थी शामिल



**लिया भाग**

### काशी विद्यापीठ में आयोजित परीक्षा में 2476 में से 1365 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की शोध प्रवेश परीक्षा 2023-24 रविवार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुई। कुलसचिव डा. सुनीता पांडेय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर सवा एक बजे तक हुई, जिसमें कुल 2476 अभ्यर्थियों में से 1111 उपस्थित रहे। 1365 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल नहीं हुए। शोध प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर के अतिरिक्त हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज एवं जगतपुर पीजी कॉलेज में संपन्न हुई।

परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कुलसचिव ने किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई भी त्रुटि अथवा गड़बड़ी नहीं पाई गई। सकुशल परीक्षा संपन्न कराने के लिए को कुलसचिव ने तीनों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संचालित करा रहे केंद्राध्यक्ष, अध्यापकों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## एमएड स्ववित्तपोषित सीट पर प्रवेश के लिए कल तक करें आवेदन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में एमएड पाठ्यक्रम (2024-25) में नियमित सीट की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इस पाठ्यक्रम में स्ववित्तपोषित सीट पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को 10 दिसंबर की रात्रि 23:59 बजे तक प्रवेश आवेदन अग्रसारित करना होगा। कुलसचिव डा. सुनीता पांडेय ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल लिंक पर अपने पंजीकृत ई-मेल आईडी एवं पासवर्ड (जन्मतिथि) के द्वारा लॉगिन कर अपने प्रवेश आवेदन को स्ववित्तपोषित सीट के लिए अग्रसरित कर दें। अग्रसारण के अभाव में एमएड पाठ्यक्रम की स्ववित्तपोषित सीट पर प्रवेश के लिए मेरिट सूची में स्थान नहीं दिया जायेगा। स्ववित्तपोषित सीट पर प्रवेश शुल्क 70,600 रुपये प्रथम सेमेस्टर, 38,600 रुपये व द्वितीय सेमेस्टर 32,000 रुपये है।

# तीन राउंड में होगी काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता

**कार्यक्रम**

### 10 से 27 दिसम्बर तक होगी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता

### ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में विभाजित

**वाराणसी।** काशी सांसद प्रतियोगिताओं की अगली कड़ी में काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता 10 से 27 दिसम्बर 2024 तक होगी। यह प्रतियोगिता तीन राउंड में आयोजित की जाएगी। काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता का प्रथम राउंड 10 दिसम्बर से, दूसरा राउंड 18 दिसम्बर से व फाइनल राउंड 27 दिसम्बर को होगा। प्रतियोगिता को तीन श्रेणी में विभाजित होगी इसमें कक्षा 1 से 8, कक्षा 9 से 12 व आमजन वर्ग की होगी ।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में यह प्रतियोगिता आराजीलाइन, सेवापुरी, काशी विद्यापीठ व शहर क्षेत्र के पांचों जोनों के सभी परिषदीय व निजी विद्यालयों में आयोजित होगी।

आमजनों के लिए यह प्रतियोगिता सभी ब्लॉकों व जोनों के चिह्नित विद्यालयों में आयोजित की जायेगी। कक्षा 1 से 8 व कक्षा 9 से 12 की प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से साढ़े 10 बजे तक तथा आमजनों के लिए यह प्रतियोगिता अपराह्न दो बजे से ढाई बजे के बीच आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से हुआ था। जिन प्रतिभागियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं किया था वो अपने नजदीकी विद्यालय पर जाकर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर भी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

### जोन में यहां होगी प्रतियोगिता

सीडीओ ने बताया कि शहरी क्षेत्र में कक्षा-12 से ऊपर के लोगों के लिए पांचों जोनों की प्रतियोगिता का स्थान निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार भेलूपुर जोन में सीएम एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज, भेलूपुर, निवेदिता शिक्षण संस्थान इंटर कालेज, बंगाली टोला इंटर कॉलेज, सोनारपुरा में प्रतियोगिता होगी। आदमपुर जोन में नेशनल इंटर कॉलेज पीलीकोठी, गोलगड्डा, नगर निगम स्मार्ट हाईस्कूल, मच्छोदरी में होगी। वरुणापार जोन में उदय प्रताप इंटर कॉलेज, भोजूबीर, रानी मुरार इंटर कॉलेज, भोजूबीर व उदय प्रताप पब्लिक स्कूल, भोजूबीर में होगी। दशाश्वमेध जोन में राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज, लहुराबीर, कमलापति त्रिपाठी ब्वॉयज इंटर कॉलेज, कैंट, आर्य महिला इंटर कॉलेज, चेतगंज में होगी। कोतवाली जोन में हरिश्चंद्र बालक इंटर कॉलेज, मैदागिन में आदर्श कमलाकर चौबे इंटर कॉलेज, नाटी इमली में प्रतियोगिता होगी।

## भारतीयों के खून में संस्कृत व संस्कार : प्रो रविशंकर



**संबोधन**

### संपूर्णानंद संस्कृत विवि के दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में आयोजित संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन रविवार को विश्वविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक शिविर में भाग लिया और इस प्रशिक्षण से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए। शिविर में संस्कृत प्रशिक्षक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रवि शंकर पांडेय ने कथा कहानियों के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षित किया और कहां कि संस्कृत और संस्कार तो हम भारतीयों की रक्त में है। केवल आवश्यकता इस बात की है कि हमारी वाणी में भी संस्कृत हो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र की निदेशक प्रोफेसर विधु द्विवेदी ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में विश्वविद्यालय के किसी भी कक्षा के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। अतः आप लोग इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और संस्कृत संभाषण का अभ्यास करें। इसका आप सभी को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के शिक्षक डा. संदीप शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डा. विनय पांडेय ने किया। कार्यक्रम में अखिलेश कुमार मिश्रा, विष्णु पटेल, डाक्टर कंचन पाठक, अरुण पांडेय, अंजू देवी, अंजली कुमारी आदि उपस्थित रहीं।

# बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रहा हास्य दरबार उत्सव



**वार्षिक उत्सव**

### अलसुबह टहलान के समय काटा गया केक, हंसी-ठिठोली के बीच मना कार्यक्रम

**वाराणसी।** बुजुर्गों को हंसाने और उनको स्वस्थ रखने के लिए गठित किया गया राजर्षि हास्य दरबार उम्रदराज लोगों की पहली पसंद ही नहीं वरदान साबित हो रहा है। इस सामाजिक संगठन से जुड़े लोग रोजाना अलसुबह टहलते है और मौज-मस्ती करते अपने जीवन का आनंद उठा रहे हैं। हास्य दरबार का रविवार को 22वां वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से अलसुबह टहलान के समय केक काटकर मनाया गया।

राजर्षि हास्य दरबार में 50 से लेकर 90 साल तक के सदस्य है। रोजाना इन सदस्यों के प्रत्येक अंग का एक्ससाइज कराया जाता है। इसके तहत नमस्ते लाफ, अंगड़ाई लाफ, जापानी लाफ, चाइनीज गुस्सा, सिंह गर्जना, गोलमाल, कभी खुशी-कभी गम, किडनी-आंख-कान-गला-हार्ट की एक्सरसाइज आदि शामिल है। इसी क्रम में हारमोनियम लाफ, झूला लाफ, डमरू लाफ, मयूर डांस, चुटकुले वगैरह के जरिए एक हंसी-ठिठोली के माहौल के बीच लोगों को हर समय प्रसन्नरहने के लिए प्रेरित किया जाता है। हास्य दरबार को स्थापित करने का एक मात्र उद्देश्य सदस्यों के बीच आपसी बातचीत करके उनको स्वस्थ्य रखना एवं उदासीनजा को दूर करना है। इसी के तहत वार्षिकोत्सव हंसी-ठिठोली के बीच मनाया गया। संचालन आरपी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में तारा सिंह, तेज बहादुर सिंह, नरेंद्र द्विवेदी, योगनाथ सिंह, बृजेश चंद्र पांडेय, नीलम सिंह, कृष्ण कुमार प्रजापति, डॉ. रत्नेश चंद्र अग्रवाल, एसएल यादव, अशोक सिंह, डॉ. प्रवीन कुमार, एसके श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार, त्रिवेदी सिंह, अरविंद सिंह, डॉ. राजीव नयन, कर्नल एसपी सिंह आदि शामिल रहे।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हिंसा के खिलाफ आक्रोश

### फूंका यूनुस सरकार का प्रतीकात्मक पुतला



**वाराणसी ।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी बीच वाराणसी में हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें सैकड़ों लोगों की भागीदारी देखने को मिली। यह विरोध प्रदर्शन पड़ाव स्थित दीनदयाल उपवन से शुरू हुआ। 3 किलोमीटर लंबी हिंदू जन आक्रोश यात्रा ने सुजाबाद, बहादुरपुर, मढ़िया और पड़ाव मार्केट जैसे क्षेत्रों से होते हुए पड़ाव चौराहे तक का सफर तय किया। चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री यूनुस का प्रतीकात्मक पुतला फूंका और अपने आक्रोश का इजहार किया। इस यात्रा में बच्चे, युवा, और बुजुर्ग सभी एकजुट नजर आए। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा कर रहे थे। इस यात्रा में प्रमुख रूप से रामभरोस पटेल, मोतीलाल, संतोष जायसवाल, बृजेश वर्मा, सुशील सिंह, आकाश देववंशी, विष्णु पटेल, और राजू गांगुली समेत बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। उनकी एकजुटता और आक्रोश ने यह संदेश दिया कि अन्याय के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# पटरी व्यवसाइयों से मिले शहरी कार्य मंत्रालय के उप सचिव

**औचक निरीक्षण**

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत मिलने वाले लाभ की ली जानकारी




**सारनाथ।** शहरी कार्य मंत्रालय के उप सचिव सतीश कुमार सिंह रविवार को अचानक सारनाथ पहुंचे और स्थानीय संग्रहालय के समीप चल रहे प्रधानमंत्री स्वनिधि के तहत स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान वे पटरी व्यवसायियों से मिले और जानकारी ली।

जिला नगरीय विकास अभिकरण विभाग की तरफ से आयोजित पखवाड़े का निरीक्षण करने पहुंचे शहरी कार्य मंत्रालय के उप सचिव सतीश कुमार सिंह ने फेरीजपटरी व्यवसायियों से मुलाकात कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। वही, संग्रहालय के समीप डूडा की तरफ से लगाये गये प्रधानमंत्री स्वनिधि सहायता कैम्प का भी निरीक्षण किया। यहां फेरी-पटरी ठेला व्यवसायियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वित्तीय लेन-देन आप लोग अधिक से अधिक डिजिटल माध्यम से करें। जल्द ही उन सभी ठेला व्यवसायियों को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा जो स्वनिधि योजना के तहत 50 हजार का लोन लेकर अपने कारोबार में लगाए हैं। इस दौरान डुडा से शहरी मिशन प्रबंधक सुशील सिंह, प्रीति सिंह बबलू यादव, रामचंद्र प्रजापति, राजेश कुमार, राजू, सुनील कुमार, सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# मिनी मैराथन से दिया मानवता का संदेश

**दौड़े सभी**

### बीएचयू के विज्ञान संस्थान की ओर से 'एंड्योर द माइल्सः वेक अप फॉर ह्यूमैनिटी' के तहत किया गया आयोजन



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विज्ञान संस्थान द्वारा रविवार को 'एंड्योर द माइल्सः वेक अप फॉर ह्यूमैनिटी' की अपील के साथ मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विज्ञान से जुड़े छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ ही समस्त वैज्ञानिक-समुदाय द्वारा मानवता की भावना के प्रसार के लिए एकजुट होकर समाज को मानवता का संदेश देना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के रेक्टर और विज्ञान सस्थान के निदेशक प्रो. संजय कुमार और संकाय प्रमुख प्रो.सुखमोहिन्दर सिंह ने किया। विज्ञान संस्थान के प्रशासनिक भवन से आरंभ होकर विधि संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, छात्रावास मार्ग से कृषि संस्थान होते हुए वापस विज्ञान संस्थान पर समाप्त हुए इस मिनी मैराथन में सैंकड़ों की संख्या में शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों की पहचान के लिए उन्हें चेस्ट नंबर आवंटित किये गए थे। मैराथन के रास्ते में विभिन्न जगहों पर खड़े छात्र-छात्राओं के समूह ने दौड़ने वालों का तालियां बजाकर स्वागत और उत्साहवर्धन किया।

इस मिनी-मैराथन में छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारी वर्ग में विजेताओं को संस्थान के निदेशक प्रो. संजय कुमार, संकाय प्रमुख प्रो. सुखमोहिन्दर सिंह, छात्र सलाहकार प्रो. मधु तापड़िया और स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. निर्मला होरो द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विज्ञान संस्थान की छात्र सलाहकार प्रो. मधु तापड़िया ने सभी प्रतिभागियों और अभियान से जुड़े लोगों का धन्यवाद दिया। उन्होंने निकट भविष्य में सामाजिक उद्देश्यों से जुड़े सरोकारों को लेकर ऐसेऔर आयोजनों के संकल्प के साथ आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को तहेदिल से धन्यवाद दिया।

# किसानों को न्याय दिलाना ही छेदी बाबा को सच्ची श्रद्धांजलि

**बोले विनय राय**

### ट्रांसपोर्ट नगर किसान आंदोलन के अगुवा कृष्ण प्रसाद पटेल उर्फ छेदी बाबा को सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**रोहनिया।** मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर किसान आंदोलन के अगुवा कृष्ण प्रसाद पटेल उर्फ छेदी बाबा को भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए मोहनसराय किसान संघर्ष समिति के तत्वावधान में बैरवन स्थित उनके पैतृक आवास पर रविवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में किसानों का जनसैलाब उमड़ा। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं ट्रांसपोर्ट नगर किसानों के मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आकाश काकड़े सहित विविध सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के नेतृत्वकर्ता एवं हजारों किसानों ने एक स्वर से किसानों को वैधानिक हक व अधिकार दिलवाकर किसान आंदोलन के अगुवा कृष्ण प्रसाद पटेल उर्फ छेदी बाबा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का संकल्प लिया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी राजेश तिवारी ने कहा कि छेदी बाबा योद्धा अंदोलनकारी थे, उनके सपने किसानों को वैधानिक हक दिलवाने के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। मोहनसराय किसान अंदोलन के मुख्य संरक्षक किसान नेता विनय शंकर राय मुन्ना ने कहा कि निडर एवं योद्धा अंदोलनकारी छेदी बाबा आजीवन किसान हितों के लिए संघर्ष करते रहे। छेदी बाबा के बैरवन पैतृक निवास के सामने हजारों किसानों ने अपने आंदोलन के नेता के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन किसान नेता विनय शंकर राय ने किया। सभा में मुख्य रूप से शशि प्रताप सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, विजय नारायण वर्मा, उदय प्रताप,अवधेश प्रताप, शरद सिंह, अरूणेश सिंह अन्नू, जिला पंचायत सदस्य दर्शन यादव, ललित यादव, कैलाश पटेल, फूलचन्द पटेल, विश्वनाथ कुंवर, राजीव सिंह, संतोष मौर्य आशीष सिंह, अमलेश पटेल, प्रेम साव, मेवा पटेल, दिनेश तिवारी, विजय गुप्ता, नीरज सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।

## टीसीसी ने जीता कैनवास बाल क्रिकेट का उद्घाटन मैच

**वाराणसी।** स्व. नबी अहमद कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को सुबह नौ बजे अर्दली बाजार स्थित एलटी कालेज के प्रांगण में हुआ। उद्घाटन मैच अशोका सपोर्टिंग क्लब और टीसीसी के मध्य हुआ, जिसमें अशोका स्पोर्टिंग क्लब ने 85 रन बनाया और टीसीसी ने 86 रन बना कर मैच अपने नाम किया। टीसीसी के तरफ से खेलते हुए अब्दुल कादिर ने 42 रन बना कर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। आयोजक स्व. नबी अहमद स्पोर्टिंग क्लब के सचिव नफीस अहमद पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में रेलवे, एचडीएफसी, कमिश्नरेट पुलिस, नगर निगम, पत्रकार, टीसीसी, अशोका स्पोर्टिंग क्लब और सरैया-11 सहित कुल आठ टीमें प्रतिभाग करेंगी। फाइनल मैच एक जनवरी 2025 को होगा।

# जर्जर दीवार गिरने से आधा दर्जन महिलाएं घायल

**हादसा**

### घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़, मचा चीख-पुकार

**बलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घुरी टोला सिताब दियरा में शिव चर्चा के दौरान पुरानी जर्जर दीवार गिर जाने से आधा दर्जन महिलाएं घायल हो गई। इसमें एक महिला की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया गया, जहां से एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल से भी उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मौके पर सैकड़ों लोग जमा हो गये। घायल महिलाओं के परिजन चीख-पुकार करने लगे। बता दे कि घुरी टोला सिताब दियरा गांव में गोपाल प्रसाद के घर पर शनिवार की शाम शिव चर्चा हो रहा था कि अचानक उनके मकान का पुराना जर्जर दीवार भरभरा कर गिर गया। इससे देवान्ती देवी (60) पत्नी गोपाल प्रसाद, मुन्नी देवी (60) पत्नी स्व. दुर्गा, उर्मिला (45) पत्नी सुरेश, मीना देवी (50) पत्नी रविंद्र पासवान, धनवातीय देवी (45) पत्नी छोटू, सीता पत्नी राजकिशोर घायल हो गई। सभी घुरी टोला सिताब दियरा की ही रहने वाली है। सभी घायल महिलाओं को ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान धनवतिया देवी की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने भी उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। शेष घायल महिलाओं को प्राथमिक उपचार का बाद उनके घर भेज दिया गया।

## नये पुल से युवक ने गंगा में लगायी छलांग

**बलिया।** बक्सर-भरौली को जोड़ने वाले नये पुल से युवक ने बाइक खड़ी कर पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। पुल पर राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। शाम तक गोताखोर ढूंढते रहे, लेकिन उसे बरामद नहीं किया जा सका। रविवार को बक्सर जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के लोहंदी गांव निवासी अंकित (18) पुत्र डा. मनु कुशवाहा बाइक से बक्सर-भरौली को जोड़ने वाले नये पुल के मध्य पहुंचा। वह बाइक खड़ा कर पुल की रेलिंग पर चढ़ा और सीधे गंगा नदी में छलांग लगा दिया। पुल से गुजरने वाले राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। बक्सर पुलिस मौके पर पहुंच कर गाड़ी के आधार पर युवक का पता लगा कर परिजनों को सूचना दे दिया। गोताखोरों ढूंढते रहे, लेकिन शाम तक उसे बरामद नहीं किया जा सका था।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**बलिया।** फेफना जं. रेलवे स्टेशन पर एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार की शाम मौत हो गई। मृतक ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पर आया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सहतवार निवासी जयराम (30) अपनी पांच वर्षीय पुत्री तुलसी के साथ फेफना जं. रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए ई-रिक्शा से पहुंचा। इसके बाद वह अचेत होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। इसी बीच किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के साथ ही घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी।

# जनपद के सभी ब्लॉकों में तिथिवार लगेगा रोजगार मेला

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया है कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि. के तत्वावधान में बलिया के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु तिथिवार शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें विकास खण्ड मुरली छपरा, चिलकहर में 10 व 11 दिसंबर को, बैरिया, गड़वार में 12 व 13 दिसम्बर को, रेवती, रसड़ा में 16 व 17 दिसंबर को, सहतवार, नगरा में 18 व 19 दिसंबर को, बांसडीह, पंदह में 20 व 21 दिसंबर को, दुबहड, नवानगर में 23 व 24 दिसंबर को, बेलहरी, सीयर में 26 व 27 दिसंबर को, हनुमानगंज, बेरुआरबारी में 28 व 29 दिसम्बर को, 30 व 31 दिसंबर को विकास खण्ड मनियर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने बताया कि एसआईएस इंडिया लि. भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत एवं विदेशों में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व आफिसर ग्रेड की नियुक्ति की जायेगी। जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर के इंचार्ज डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने बताया कि सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर और आफिसर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। वही, सुपरवाइजर और अधिकारी के लिए इंटर और बीए पास होना चाहिए। लंबाई 170 सेंमी, उम्र 19 से 40 वर्ष जो देखने में होनहार हो।

ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें चयनित अभ्यर्थियों का पंजीकरण करने के लिए 350 रूपये आनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहां प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें सरकारी और गैर सरकारी जगहों के तैनाती स्थलों पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। जैसे बनारस में बड़े बड़े होटल, मंदिर, रेलवे, मेट्रो, हास्पिटल में तैनात कर दिया जाएगा।

## सात गांवों में आयुष्मान के लाभार्थियों की संख्या शून्य

**रतसर।** आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत लाभार्थियों का पांच लाख तक कैशलेस इलाज किए जाने का प्रावधान है। वहीं, बलिया जनपद के गड़वार ब्लाक के सात गांवों में लाभार्थियों की संख्या शून्य है। जनऊपुर, गड़वार, शाहपुर, नरायनपुर, बहादुरपुर, चांदपुर एवं सरयां गांव से जुड़े डेटा की सरकारी पोर्टल पर गलत फीडिंग के कारण ऐसा हुआ है। जनऊपुर गांव निवासी 72 वर्षीय हृदय नारायन पाण्डेय ने बताया कि 2011 में की गई जनगणना से जुड़े आंकड़ों को जनऊपुर की जगह जान्हुपुर गांव के नाम से सरकारी पोर्टल पर डाल दिया गया। इससे गांव का वजूद ही सरकारी आंकड़ों की गलत फीडिंग के बीच गुम हो गया। इस गांव की जियो टैगिंग और एनआईसी की सूची में नाम नहीं होने के कारण लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। बीएलई अशफाक अंसारी ने बताया कि 2022 तक ब्लाक के सभी ग्राम सभा में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनता है। 2023 में साफ्टवेयर चेंज होने के कारण इन गांवों की सूची पोर्टल पर नही प्रदर्शित कर रहा है। इससे आए दिन लोगों से आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर तकरार होती रहती है। सीएचसी रतसर के अधीक्षक डा. राकिफ अख्तर ने बताया कि इसके लिए शासन-प्रशासन को कई बार लिखित सूचना देने के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नही हुई है। संबन्धित ग्राम प्रधानों से लिखित रूप से सूचना मांगी गई है। ब्लाक से कवरिंग लेटर तैयार कर पुनः शासन को प्रेषित किया जाएगा।

# पुलिस चौकी के इंचार्ज सहित सभी सिपाही निलंबित

**कार्रवाई**

### एसपी ने शराब तस्करों के साथ मिलीभगत की शिकायत पर की कार्रवाई

**बैरिया।** आखिरकार शराब के समन्दर में जयप्रकाशनगर पुलिस चौकी डूब ही गयी। शराब तस्करों के साथ संलिप्तता और कई प्रकार के शिकायतों के इनपुट में बैरिया थाना क्षेत्र के जयप्रकाशनगर पुलिस चौकी के सभी सिपाहियों सहित चौकी इंचार्ज गुरु प्रसाद सिंह को पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर द्वारा निलंबित कर दिया गया है। वहीं, बैरिया थाने के दो सिपाही एवं उप निरीक्षक प्रदीप कुमार को जयप्रकाशनगर चौकी की व्यवस्था अस्थाई रूप से देखने के लिए कोतवाल बैरिया रामायण सिंह ने तैनात किया है। कोतवाल का कहना है कि जैसे ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय से उप निरीक्षक और सिपाहियों की तैनाती होगी, वैसे ही इन लोगों को वहां से थाने बुला लिया जाएगा। गौरतलब है कि ग्रामीणों द्वारा काफी दिनों से शराब तस्करी की शिकायत की जा रही थी। इसी बीच आबकारी विभाग द्वारा की गई शिकायत ने आग में घी डालने का काम किया और पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने चौकी इंचार्ज सहित पूरी पुलिस चौकी को ही निलंबित कर दिया। जयप्रकाशनगर पुलिस चौकी का एक सिपाही जिसकी बलिया पुलिस लाइन में ड्यूटी लगी है, वह निलंबन से बच गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। लोगों का कहना है कि भले ही अधिकारी स्तर पर शराब तस्करी को रोकने के लिए नकेल कसा गया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर सबकुछ पर्दे के पीछे पहले जैसा ही है। इस घटना के बाद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## एसडीएम ने किया अस्थाई रैन बसेरा का निरीक्षण




**बैरिया।** ठंड के दृष्टिगत नगर पंचायत बैरिया द्वारा 25 लोगों की क्षमता का अस्थाई रैन बसेरा नपं कार्यालय के बगल में स्थापित किया गया है। टेंट के बने अस्थायी रैन बसेरा में 25 बेड और उस पर ओढ़ने एवं बिछाने की व्यवस्था की गई है। शनिवार की देर शाम उप जिलाधिकारी सुनील कुमार एवं तहसीलदार सुदर्शन कुमार ने उक्त अस्थाई रैन बसेरा का निरीक्षण किया। वही, मौके पर मौजूद अधिशासी अधिकारी नौशाद आलम को उचित दिशा-निर्देश दिया। कहा कि 25 बेड भर जाने पर रैन बसेरा का और विस्तार करने की व्यवस्था होनी चाहिए। जो भी इस ठंड के मौसम में आए, उसे इस रैन बसेरा में ठंड से बचने के लिए शरण मिलना चाहिए। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जैसे ही 20 बेड भरेंगे, वैसे ही 25 बेड की क्षमता का एक और अस्थाई रेन बसेरा यहीं पर बनवाया जाएगा। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने स्पष्ट किया किया कि जरूरत पड़ने पर ग्राम प्रधानों द्वारा गांव में अस्थाई रैन बसेरा का निर्माण कराया जाएगा।

# ददरी मेले में भीड़ देख दुकानदारों के खिले चेहरे

## गर्म वस्त्रों, सौंदर्य प्रसाधन व खान-पान की दुकानों पर लगी रही भीड़



ददरी मेले में उमड़ी मेलार्थियों की भीड़



मौत का कुंआ में करतब दिखाता युवक



झूला व चरखी का लुत्फ उठाते लोग

**बलिया।** ऐतिहासिक ददरी मेले के चौथे रविवार को मेलार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया। कोई झूले पर तो कोई सर्कस में अपना समय बिताया। सबसे ज्यादा भीड़ झूले और चर्खी पर देखी गयी। गर्म वस्त्रों, सौंदर्य की दुकानों तथा खान-पान की दुकानों पर भीड़ लगी रहीं। जादूगर, भूत बंगला, मौत का कुंआ, बच्चों का मनोरंजन, चर्खी और झूले आकर्षक का केंद्र रहा। खादी प्रदर्शिनियों में भी भीड़ लगी रहीं।

मेला में रविवार के दिन सबसे ज्यादा लोग धूल से परेशान रहे। अधिकारी बंद गाड़ी से मेले में चलते रहे और उनकी चलती गाड़ी का उड़ता धूल मेलार्थियों को परेशान करता रहा। यही नहीं, मेला में कहीं पानी की भी व्यवस्था भी नहीं की गयी थी। लोग खरीदारी पानी पीने के लिये इधर-उधर भटकते रहे। इधर, ददरी मेला के मुख्य द्वारों पर जाम की स्थिति बनी रही। लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे और किसी तरह से निकलकर बाहर आये। हालांकि पुलिस के जवान जाम छुड़ाने का प्रयास करते रहे, लेकिन जाम उसी तरह से लगा रहा। चौथे रविवार के दिन लोग अपने पूरे परिवार के साथ मेले मे देखे गये। ऐतिहासिक ददरी मेला केवल एक मेला ही नहीं है। इसमें पर्यावरण संरक्षण का भी बेहतर संदेश देता है। मेला के एक छोर पर लगी पौधों की नर्सरी में लोगों ने खूब खरीदारी की। ददरी मेले के पौधशाला में इस वर्ष पौधे एवं फूलों की भरमार है। मेले के पौधशाला में इस वर्ष विभिन्न प्रकार के पौधे और फूलों की भरमार है। आम, अमरूद, केला व कटहल के पौधों की खूब बिक्री हुई। गांव से आने वाले हर व्यक्ति के हाथ में एक पौधा नजर आ रहा था। लोग इसकी खरीदारी कर अपने घर एवं खेतों में हर साल मेले से खरीदकर लगाते हैं। कुछ किसान बड़े पैमाने पर इसकी खरीदारी करते हैं।

## डिप्टी सीएमओ ने किया आरोग्य मेले का निरीक्षण

**रतसर।** जिले में रविवार को सीएचसी एवं पीएचसी पर लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. योगेन्द्र प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अति.प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गड़वार में चाक चौबंद व्यवस्था देख डिप्टी सीएमओ ने सराहना की। स्वास्थ्य मेलों की हकीकत परखने के लिए डा. योगेन्द्र प्रसाद ने अति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गड़वार का औचक निरीक्षण किया। यहां स्वास्थ्य कर्मी व्यवस्थित ढंग से स्टाल लगाकर मरीजों की जांचों से लेकर अन्य सुविधाएं प्रदान करते मिले। डिप्टी सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों के पंजीकरण रजिस्टर व इमरजेंसी की बारीकी से जांच की। साथ ही अस्पताल में आए मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली। वहीं, प्रसव कम होने पर एएनएम नम्रता सिंह को फटकार लगाई और प्रसव बढ़ाने के लिए निर्देश दिए। साथ ही बाहर गंदगी देखकर नाराजगी जताई। इस अवसर पर डा. सिद्धार्थ सिंह, कमलेश कुमार, नम्रता सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# पति के मित्र पर आया महिला का दिल, थाने पहुंचा मामला

**प्यार-मोहब्बत**

### घंटों चली पंचायत के बाद महिला को छोड़ने के लिए राजी हो गया पति

**बांसडीह।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक महिला का अपने ही पति के मित्र पर दिल आया तो मामले को लेकर घमासान मच गया। बवाल बढ़ते-बढ़ते थाने पहुंचा, जहां घंटों चली पंचायत के बाद आखिरकार महिला ने अपनी बात मनवा ही ली और उसका पति भी उसे छोड़ने को राजी हो गया।

बताते चलें कि महिला 25 वर्ष से अपने पति के साथ रह रही थी। इसी दौरान कुछ समय पूर्व गांव का ही एक व्यक्ति जो उसके पति का मित्र था और उसका महिला के घर अक्सर आना-जाना लगा रहता था, उससे उसकी नजरें लड़ गयी। दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खा लीं। इसके बाद इनका प्यार काफी दिनों तक गुपचुप परवान चढ़ता रहा। फिर अचानक महिला कुछ दिन पूर्व अपने मायके चली गयी। यहां से वह कुछ दिनों तक वापस नही लौटी तो उसके पति एवं अन्य ससुराल के लोग उसके घर पंहुचे। उसने उन सबके बीच यह कहकर बम फोड़ दिया कि वह अब अपने पति के साथ नही रहेगी। इसके बाद जब उससे पूछा गया तो उसने स्पष्ट रूप से अपने प्रेमी का नाम लेकर यह कह दिया कि अब वह उसके साथ ही रहेगी। अभी प्रकरण को लेकर बवाल चल ही रह था कि महिला शनिवार को अचानक अपने प्रेमी के घर में दिखाई दी। इसके बाद गांव में हलचल मची और मामला थाने पंहुच गया। थाने में महिला के पति, प्रेमी एवं महिला के बीच ग्रामीणों की उपस्थिति में घंटों पंचायत के बाद भी महिला इस बात पर अड़ी रही कि वह अपने प्रेमी के साथ ही रहेगी। इसके बाद पंचायत में यह तय हुआ कि महिला पहले अपने पति से तलाक लेगी।

इसके बाद ही अपने प्रेमी के साथ रह सकेगी। इस दौरान उसे गांव में नही रहना है। पति से तलाक के बाद वह गांव में उसके साथ रहने के लिए स्वतंत्र है। प्रकरण को लेकर दिन भर हंगामे की स्थिति बनी रही।

# भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**आयोजन**

### विधि-विधान से गोविंद बाबा समाधि स्थल पर हुई पूजा

### सुप्रसिद्ध लोक गायकों ने प्रस्तुत किया भजन एवं देवी गीत

**बलिया।** सहतवार रेलवे स्टेशन के समीप बेरुआर राजपूतों के कुलदेवता गोविंद बाबा समाधि स्थल पर श्रीरामचरित मानस एवं हरिनाम संकीर्तन का समापन विशाल भंडारे के साथ शनिवार की देर शाम संपन्न हो गया। इसमें नगर पंचायत सहतवार सहित ग्रामीण अंचलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस बीच गोविंद बाबा की जय इत्यादि भक्तिमय नारों से पूरा समाधि स्थल गुंजायमान हो उठा।


विशाल भंडारे में बाबा का प्रसाद हर जगह पहुंच जाए, इसके लिए आयोजन समिति अपनी पैनी नजर बनाई हुई थी। भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक दीपक सिंह ने कहा कि गोविंद बाबा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद सहित देश में पूजनीय है। जो भी भक्त समाधि स्थल पर पहुंचकर सच्चे मन से मन्नतें मांगता है, उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। बताया कि मैं बाबा से यही प्रार्थना करता हूं कि पूरे क्षेत्र में शांति, सुख और समृद्धि कायम हो। इधर, 500 जरूरतमंद लोगों में ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किया गया। देर शाम भोजपुरी के सुप्रसिद्ध लोक गायक अनूप दिलबर, अजीत सिंह गोलू, चिंटू सेवक द्वारा भजन एवं देवी गीत की प्रस्तुति की गई। सुरक्षा की दृष्टिगत से थाना प्रभारी दिनेश पाठक सदल-बल चक्रमण करते रहे। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विश्राम सिंह, पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान, विद्याशंकर प्रसाद, अजय सिंह, राजकुमार वर्मा, धर्मनाथ सिंह, प्रधान शैलेश पासवान, मिथिलेश तिवारी, दिनेश तिवारी, बृजेश सिंह, सभासद आनंद सिंह, रंजीत वर्मा, दयाशंकर प्रसाद, हृदयानंद गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, रंजन सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

## बाबा के चमत्कारों का बखान

**बलिया।** कार्यक्रम के आयोजक गनेश सिंह ने बाबा के चमत्कारों का बखान करते हुए कहा कि बाबा की समाधि स्थल से ठीक सटे हुए एक नीम का पेड़ है। यह सैकड़ों साल पुराना है। वह कई वर्षों से सूख चुका है, लेकिन उस पेड़ की डालिया टूट नहीं पाई है। जो भी उस नीम के सूखे हुए पेड़ को काटने के लिए जाता है, उसे बाबा तुरंत सजा देते है। इस नीम के सूखे हुए पेड़ से टहनियां निकल रही है। यह बाबा के चमत्कारों से ही संभव हो पाया है।

## फूलों से सजा समाधि स्थल

**बलिया।** गोविंद बाबा समाधि स्थल को प्राकृतिक फूलों से इतने आकर्षक ढंग से सजाया गया था कि मंदिर परिसर में आए श्रद्धालु दंग रह गये। नगर पंचायत सहतवार के हर वार्डों के लोगों ने बाबा की समाधि स्थल पर पहुंचकर अपने अभिष्ट की कामना किया। कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने में गोविंद बाबा सेवा समिति के सदस्य तत्परता से लगे रहे।



भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

## संक्षेप

### सड़क की पटरियों से हटाया गया अतिक्रमण



**बांसडीह।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश पर रविवार को अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू हो गई। इससे पहले पांच, छह और सात दिसंबर को अधिशासी अधिकारी बांसडीह की तरफ से लाउडस्पीकर से मुनादी भी कराई गई थी। प्रथम चरण में कोतवाली तिराहे से लेकर अंबेडकर तिराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अतिक्रमण की जद में आए कई दुकानों के टीन शेड सहित पक्के अतिक्रमण को बुलडोजर से ढहा दिया गया। जेसीबी लगाकर सड़क की पटरियों पर अवैध तरीके से लगी दुकानों को हटाते हुए पटरियों को कब्जा मुक्त कराया गया। ईओ संदीप सिंह ने कहा कि अतिक्रमण किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण हटवाने के दौरान व्यापारियों से काफी बहस भी हुई। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन अभियान में भेदभावपूर्ण कार्यवाही कर रही है। अभियान के दौरान कई दुकानदारों के टेबल, मेज इत्यादि जब्त कर ट्रैक्टर से नगर पंचायत कार्यालय ले जाया गया। इस कार्यवाही से हलचल मची रही। कई दुकानदार स्वयं भी अपना अतिक्रमण हटाते दिखे। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।

### रुई की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गुदरी बाजार रोड स्थित सुभाष जायसवाल के रुई की दुकान में रविवार की अपराह्न अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इसमें लाखों रुपए की रुई एवं कपड़े जलकर राख हो गए। संयोग अच्छा रहा कि कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना मिलते ही अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के गुदरी बाजार निवासी सुभाष जायसवाल की घर में ही नीचे जायसवाल बेस्ट काटन मर्चेंट के नाम से दुकान है। इस दुकान के ऊपर इनका परिवार भी रहता है। इसमें रविवार की अपराह्न अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसमें लाखों रुपए के रुई व कपड़े जलकर राख हो गए। आस-पास के लोगों ने आग बुझाने का काम शुरू किया और अग्निशमन को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन की टीम भी मौके पर पहुंच गई और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक लाखों रूपये की रूई और कपड़े जलकर राख हो गये। इस हादसे के बाद पीड़ित परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये नंदजी यादव



**बांसडीह।** क्षेत्र के पिंडहरा निवासी समाजसेवी नन्दजी यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। नन्दजी धाम पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके द्वारा गरीबों एवं असहायों के लिए किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि संस्कार का प्रभाव ही है कि पिता की याद में उनके पुत्र लक्ष्मी यादव और भाइयों ने नन्दजी धाम पर मूर्ति स्थापित करने का अनुकरणीय कार्य किया है। आयोजक लक्ष्मी यादव ने अतिथियों का स्वागत कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। शिक्षक लक्ष्मी यादव ने कहा कि जीवन में सबकुछ मिल सकता है, लेकिन माता-पिता की जगह कोई नही ले सकता है। इस मौके पर जवाहर चौधरी, राजेंद्र चौधरी, गुलाब, चौधरी, रामजी यादव, परशुराम यादव, राजेंद्र सिंह, अशोक यादव, भीम यादव आदि मौजूद रहे।

### समाचार पत्र अभिकर्ता की माता का निधन



**बांसडीह।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं समाचार पत्र अभिकर्ता वीरेंद्र वर्मा की माता लालमुनि देवी की शनिवार रात मऊ जनपद के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। उन्हें बीते चार दिन पूर्व ब्रेन स्ट्रोक की शिकायत हुई थी। इसके बाद उनका मऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। घटना की सूचना पाकर उनके पैतृक आवास मझुई (मझोस खुर्द) में शोक संवेदना व्यक्त करने वालो का तांता लग गया। बड़ी संख्या में लोग वर्मा परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। शोक में कस्बे के सभी दवा की दुकानें बंद रही। रविवार सुबह महावीर घाट बलिया पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र रामकुमार वर्मा उर्फ सिकंदर द्वारा दी गयी। शवयात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### क्रय केन्द्र पर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश

**बैरिया।** उप जिलाधिकारी सुनील कुमार एवं तहसीलदार सुर्दशन कुमार ने लालगंज (चांदपुर) सरकारी धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि पन्द्रह हजार कुन्तल के सापेक्ष क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा अभी तक 3363 कुंतल धान 33 किसानों से खरीद किया गया है। 32 किसानों को उनके खाते में 78 लाख 2162 रुपए का भुगतान किया गया है। धान क्रय केन्द्र प्रभारी शिवराम ने उप जिलाधिकारी को बताया कि धान क्रय के लिए 50 किसानों से और संपर्क किया गया है। अभी धान में नमी है। इसलिए तौल नहीं किया गया। धान से नमी समाप्त होते ही 50 किसानों का धान तौल किया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र पर धान बेचने आने वाले किसानों को बैठने के लिए उचित व्यवस्था एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही हर हाल में ई-पास मशीन से ही खरीदारी करने का निर्देश दिया। कहा कि बिना किंतु-परंतु के निर्धारित लक्ष्य पन्द्रह हजार कुंतल धान की खरीद पूरी करनी है।

### जिले में लगातार छह माह से मिल रहे डेंगू के मरीज

**बलिया।** ठंड का मौसम शुरू होने के बाद भी मच्छरों का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। इससे डेंगू के मरीजों के मिलने का क्रम जारी है। जनपद में दिसंबर माह में अब तक डेंगू के दो नये मरीज मिले है, लेकिन मच्छर जनित बीमारियों और संक्रमण का शिकार होकर बुखार से पीड़ित लोगों के अस्पताल पहुंचने की तादाद में कमी नहीं आ रही है। जिला अस्पताल के सीएमएस डा. एसके यादव ने बताया कि ज्यादा ठंड नहीं पड़ने से मच्छरों की तादाद में कमी नहीं आ रही है। इसके चलते डेंगू के मरीज मिल रहे है। जनपद में जनवरी से अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या 228 है। इनमे 19 केस एक्टिव है। इनका जनपद के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जबकि 48 केस गैर जनपदों के है। उनको स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हित कर इलाज किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी सुजीत प्रभाकर ने बताया कि बाहर से आये डेंगू के मरीजों का उनके नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से उपचार किया गया। वह स्वस्थ होकर काम पर लौट गये। बताया कि चिन्हित मरीजों के गांवों और मुहल्लों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव आदि कराया गया। जिला मुख्यालय समेत आठ विकास खडों में डेंगू के मरीज मिले थे। इनमें सबसे अधिक हनुमानगंज, दुबहर ब्लाक के अलावा शहर में सबसे अधिक केस मिले थे। वहीं, पंदह और मनियर विकास खंडों में सबसे कम डेंगू के मरीज मिले है। श्री प्रभाकर ने बताया कि इस वर्ष जनवरी में एक, फरवरी में चार, मई में एक, जुलाई में आठ, अगस्त में 13, सितंबर में 67, अक्टूबर में 62, नवंबर में 70 और दिसंबर में अब तक दो डेंगू के केस मिले है।

### एसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बांसडीह।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के हुसैनाबाद में एक वर्ष पूर्व एक अपराधी द्वारा जान माल की धमकी देने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव के जनार्दन दुबे ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया था कि वर्षों पूर्व उनके पिता शिवकुमार दुबे की गांव के रानू दुबे द्वारा हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई और वह 14 वर्षों तक जेल में रहा। इसके बाद वह छूटकर घर आया है और बीते वर्ष 2023 जुलाई में मेरे पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद से ही मैं बांसडीह कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने के लिए दौड़ता रहा, लेकिन पुलिस ने मेरा मुकदमा दर्ज नही किया। वह अब भी मुझे जान से मारने पर आमादा है। मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अपराधियों पर पुलिस रखे पैनी नजर : थाना प्रभारी

**बैठक**

### ठंड में बढ़ाई जाएगी सुरक्षा व्यवस्था



**दोहरीघाट, मऊ।** बढ़ते ठंड के मौसम में अपराधों पर नियंत्रण और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में उन्होंने अपराधियों पर कड़ी नजर रखने और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में अपराधी अक्सर अपनी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करते हैं। इसे रोकने के लिए पुलिस को सतर्क रहकर इलाके में नियमित गश्त करनी होगी। उन्होंने कहा कि हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखें और तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार जनता में विश्वास और सुरक्षा का माहौल पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्पष्ट किया कि सुरक्षा का मतलब सिर्फ अपराधियों को पकड़ना नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि हर नागरिक पुलिस की उपस्थिति से सुरक्षित महसूस करे। थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह ने विशेष रूप से रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात के समय गश्त में किसी भी प्रकार की ढिलाई न हो। पुलिसकर्मियों को यह भी निर्देशित किया कि इलाके के प्रमुख स्थानों, बाजारों, बैंक और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त करने को कहे। थाना प्रभारी ने जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के सहयोग से ही अपराधियों पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सकती है। पुलिस प्रशासन के इन प्रयासों से क्षेत्र में अपराधों को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का लक्ष्य है, जिससे नागरिकों को ठंड के मौसम में भी बिना किसी भय के जीवन यापन करने का मौका मिल सके। इस दौरान उप निरीक्षक आदर्श दुबे, उप निरीक्षक अंशी शुक्ला, उप निरीक्षक अमित सिंह, उपनिरीक्षक हंसराज यादव, उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक विजय कांत द्रिवेदी, का. आनंद कुमार, का. संजीव सिंह, हेड का. प्रेम शंकर यादव, अखिलेश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## ऑनलाइन डिजिटल अरेस्ट के नाम पर फ्राड किया गया 22 हजार रुपये साइबर पुलिस ने कराया वापस

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना मधुबन साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए आंनलाइन ठगी के शिकार पीडित प्रमोद जायसवाल पुत्र रामप्रसाद निवासी अहिलासपुर थाना मधुबन जनपद मऊ के कुल 22 हजार रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना मधुबन के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है। बरामदकर्ता पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय त्रिपाठी, अपराध निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, उ.नि. दुर्गेश कुमार, क.आ. पवन कुमार सिहं, का. राहुल मौर्य, का. शिव कुमार सरोज, म.आ. प्रज्ञा शुक्ला थाना मधुबन षामिल रही।



**संक्षेप**

### निजीकरण सरकार की विफलता का परिणाम



सांसद रमाशंकर राजभर

**बेल्थरारोड (बलिया)।** सलेमपुर से सपा सांसद रमाशंकर विद्यार्थी ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के दबाव में विद्युत का निजीकरण करने के फिराक में है। बिजली का निजीकरण सरकार की विफलता का परिणाम है। स्थानीय केंद्रीय कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में सांसद विद्यार्थी ने बिजली के निजीकरण के फैसले को गलत ठहराया। कहा कि सरकार भूल गई है कि प्राइवेट सेक्टर में बिजली को सौंप देने से जनता के आर्थिक शोषण का रास्ता खुल जाएगा। विद्युत कर्मचारियों का भी अहित होगा, जिससे बिजली कर्मचारी आंदोलन पर हैं। कर्मचारियों के आंदोलन को दबाने के लिए सरकार ने आंदोलन पर प्रतिबंध लगाने का फरमान जारी कर दिया। विद्युत बिल बढ़ाने पर भी सरकार का पेट नहीं भर रहा है और विद्युत व्यवस्था सुधारने की बजाय सरकार निजीकरण को आतुर है। सरकारी नौकरियों की जगह संविदा की नौकरियों के बाद भी सरकार अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटना चाहती है। बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार को अपने ही नियमों पर भरोसा नहीं है। जनता से जुड़े बिजली विभाग को निजी हाथों में देकर सरकार जनता को उद्योगपतियों से लुटवाना चाहती है। स्पष्ट किया कि आमजन से जुड़े बिजली व्यवस्था का निजीकरण सरकार को ले डूबेगा।

### व्यापार मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बेल्थरारोड (बलिया)।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल युवा प्रदेश मंत्री मनीष जायसवाल ने उप जिलाधिकारी निशांत उपाध्याय को क्षेत्रीय जनसमस्याओं से संबंधित 3 सूत्रीय ज्ञापन शनिवार को सौंपा है, और उसके निदान की अपील की है। ज्ञापन में स्थानीय नगर पंचायत की ओर से नगर की मुख्य सड़क पर आवंटित पटरी शुल्क में बिना नियम कानून का पालन किए एक हजार गुना की वृद्धि कर दी गई है। इससे पटरी दुकानदारों में भरी क्षोभ एवं रोष व्याप्त है। नगर में अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। नगर के पूर्व चेयरमैन को लारेंस विश्नोई गैंग के नाम पर पत्र भेज कर 10 करोड़ की फिरौती मांगी गई है। जिसका राजफाश हर हाल में आवश्यक है। इस घटना को लेकर व्यापारियों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। इस ज्ञापन पर कई अन्य व्यापारियों के हस्ताक्षर भी हैं।

### प्रधान प्रतिनिधि के माता का निधन

**मनियर।** स्थानीय ब्लाक के विशनपुरा गांव के प्रधान प्रतिनिधि एवं प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष श्रीराम तिवारी बबलू की माता का निधन रविवार को हो गया। इसकी जानकारी होते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार नौ दिसंबर को नवकागांव में घाघरा नदी के तट पर होगा।

### ब्लॉकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**बलिया।** वीर लोरिक स्टेडियम में शनिवार को एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी आशुतोष तिवारी, जितेंद्र सिंह, शर्मिला सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। प्रतियोगिता में नौ ग्राम पंचायतों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अजय सिंह, अजीत पाठक, श्याम सुंदर तिवारी, अमरीश पांडेय, शक्ति मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### हाई टेंशन विद्युत तार के नीचे बना प्राथमिक विद्यालय

**कलवारी।** स्थानीय तहसील मड़िहान के अंतर्गत जमुई स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम हाई टेंशन बिजली के तारों के नीचे लाखों की लागत से विद्यालय का निर्माण कराया गया है। लगभग एक वर्ष पूर्व विद्यालय का निर्माण कार्य प्रधानाध्यापिका चित्रकला देवी के द्वारा 11 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य कराया गया है। जहां एक तरफ बिजली के तार के नीचे प्राथमिक विद्यालय का निर्माण हो जाने से नौनिहालों के सिर पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापिका ने नियमों की अनदेखी कर विद्यालय का निर्माण करा दिया गया। विद्यालय में सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। शिक्षा विभाग के द्वारा पूर्व में विद्यालयों के ऊपर से गुजरे हाई टेंशन बिजली के तारों को हटाने की कवायत शुरू कर दी गई है। वहीं जान बूझकर प्रधानाध्यापिका के द्वारा बिजली के तार के नीचे प्राथमिक विद्यालय का निर्माण बीते साल में कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के नुमाइंदे सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। ग्रामीण मोहन कल्लू, सुरेश, मंगरु, कलौतिया ने बताया कि विद्यालय के भवन निर्माण के समय मानक का ध्यान नहीं दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मड़िहान मनोज कुमार राय ने बताया कि एचटी तार को हटाने के लिए पत्र लिखा गया है। पंचायत विभाग से धन मिलते ही तार को हटा दिया जाएगा।

## मखूलाल के कृतित्व व व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश



**मनियर।** स्थानीय नगर पंचायत निवासी कांग्रेसी नेता वीरेंद्र श्रीवास्तव उर्फ मखूलाल की चौथी पुण्यतिथि उनके आवास पर मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि मखूलाल श्रीवास्तव कांग्रेसी एवं किसान नेता थे। 2020 में कोरोना की वजह से उनका देहांत हो गया था।

इस अवसर पर कंचन सिंह, पृथ्वी सिंह, मिथिलेश सिंह, अंजनी पांडेय, मुहम्मद, सत्येंद्र श्रीवास्तव, दिग्विजय श्रीवास्तव, रंजन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# एडी की मौजूदगी में शाही इमाम के हाथों सुलेमान ने पी दो बूंद जिंदगी की



**मऊ।** शाही कटरा स्थित अस्तुपुरा अर्बनक्षेत्र में अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आजमगढ़ डॉ बाल चंद्रा और शाही इमाम इफ़्तेखार के द्वारा अपने हाथों से फीता काटकर और 6 माह के शिशु सुलेमान को पोलियो ड्राप पिला कर जिले में अभियान का आगाज किया गया। अभियान के पहले दिन कुल 1,75,419 बच्चों को पोलियो ड्राप से आच्छादित किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा संजय गुप्ता ने बताया कि पोलियो या पोलियोमाईलाइटिस एक गंभीर और खतरनाक बीमारी है जो वायरस से होती है। यह वायरस एक इंसान से दूसरे इंसान तक फैलता है। साथ ही यह वायरस जिस भी इंसान में प्रवेश करता है, उसके मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है, जिसकी वजह से लकवा भी हो सकता है और बच्चा जीवनभर के लिए अपाहिज हो सकता है। जिला इम्यूनाइजेशन ऑफिसर (डीआईओ) ने बताया कि लगातार पोलियो अभियान चलाए जाने से और उसकी दवा की खुराक नियमित बच्चों को दिए जाने के कारण 2011 से अभी तक भारत में पोलियो के एक भी रोगी नहीं देखे गए और डब्लूएचओ ने 2014 मे भारत को पोलिओ मुक्त देश घोषित किया है। यह दवा पाँच वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के लिये आवश्यक है। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा आरएन सिंह, डब्लूएचओ से सीएमओ डा सलीम खान, एफएम गौरव, यूनिसेफ से डीएमसी शौरभ, बीएमसी रजिआ और सलीम, दुर्गा प्रताप सिंह, डा जावेद, एएनएम शिमला यादव, आशा, आंगनवाड़ी, यूएनडीपी से वीसीसीएम कामाख्या मौर्या, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर देवेंद्र मौजूद रहे।

# पिछले चार साल में 10825 युवाओं को मिला रोजगार

**उपलब्धि**

### जिले में आयोजित 112 रोजगार मेले में 110 युवतियों का चयन

**बलिया।** पिछले चार साल में सेवायोजन विभाग की ओर से आयोजित 112 रोजगार मेला में 31.5 हजार युवा शामिल हुए, जिसमें 10825 युवाओं को रोजगार मिला। इसमें महिलाओं की संख्या एक फीसदी है। आकड़ों पर गौर करें तो पिछले चार साल में सेवायोजन विभाग की मदद से जनपद में कुल 10825 युवाओं को नौकरियां दी गई। इसमें युवतियों की संख्या लगभग 110 है। बता दें कि इस वर्ष जनवरी से अब तक आयोजित 21 रोजगार मेला में चयनित 2784 युवा भी है। चयन में पुरूषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या एक फीसदी है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विधानसभा से लेकर संसद तक में पक्ष-विपक्ष में बहस छिड़ी रहती है, लेकिन नौकरी की दौड़ में जिले में महिलाएं पीछे है। विभागीय अधिकारी रोजगार मेला में युवतियों को नौकरी नहीं मिलने की मुख्य वजह उनके पास तकनीकी डिप्लोमा का अभाव बता रहे है। सेवायोजन विभाग के अनुसार पिछले चार साल में जनपद में विभिन्न स्थानों पर 112 रोजगार मेला लगाये गये। इसमें 31568 युवा शामिल हुए और 10825 युवाओं को नौकरी दी गई। इसमें 110 महिलाएं है। निजी कंपनियों में नौकरी पाने वाली महिलाएं पुरूषों के मुकाबले ना के बराबर है।

इस संबंध में सीडीओ ओजस्वी राज ने बताया कि रोजगार मेले में नोएडा, दिल्ली आदि जगहों की कंपनियां आती है। इंटरव्यू के आधार पर युवाओं का चयन किया जाता है। रोजगार मेले में जो महिलाएं आती है, उनमें से अधिकतर का चयन हो जाता है। जागरूकता के माध्यम से कोशिश की जाती है कि अधिकाधिक युवतियां मेले में शामिल होकर योजना का लाभ लें।

> रोजगार मेले में शामिल होने वाली महिलाओं के पास तकनीकी डिप्लोमा का अभाव रहता है। जो कंपनियां रोजगार मेला में आती है, उनमें अधिकतर को डिप्लोमा धारक की दरकार होती है। डिप्लोमा नहीं होने के कारण अधिकतर महिला अभ्यर्थियों की नौकरी नहीं लग पाती है। हालांकि, कोशिश की जाती है कि नौकरी में महिलाओं को भी पूरी हिस्सेदारी मिले।
>
> **विकास कुमार, सहायक सेवायोजन अधिकारी, सेवायोजन विभाग**

## प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**बलिया।** सुखपुरा स्थित मिनी स्टेडियम में शनिवार को ब्लाकस्तरीय बेसिक शिक्षा बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख चंद्रभूषण सिंह उर्फ भोला सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कस्तूरबा गांधी विद्यालय सुखपुरा की गोल्डी एवं पायल राजभर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। ब्लाक प्रमुख भोला सिंह ने कहा कि खेलकूद से बच्चों में अनुशासन की भावना विकसित होती है। बच्चों में पढ़ाई के साथ ही खेलकूद की भावना विकसित करना जरूरी है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर मनोज कुमार तिवारी, परमात्मा राम, अवधेश कुमार राजभर, विनायक शरण सिंह, ओंकार नाथ सिंह, उमेश सिंह, प्रधान अभिमन्यु चौहान, वीरेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## डॉ. रामआशीष के चित्र पर अर्पित किया पुष्प



**बलिया।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पेंशन बचाओ मंच अटेवा बलिया द्वारा चन्द्रशेखर उद्यान में शनिवार की शाम पेंशन शहीद डा. रामआशीष सिंह की पुण्य स्मृति पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनायी गई। इसमें जनपद के कोने-कोने से आये सैकड़ों लोगों ने डॉ. रामआशीष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली होने तक अनवरत संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राकेश कुमार मौर्य, विनय राय, संजय पाण्डेय, मलय कुमार पांडेय, संजीव कुमार सिंह, पंकज सिंह, योगेन्द्र नाथ पांडेय, अजय सिंह, राजेश सिंह, रामनाथ, लाल साहब यादव, रामप्रकाश, विनय सिंह विसेन, क्रांति देव, राकेश, हरेंद्र, राहुल पाल, नमिता, संजय खरवार, श्याम नारायण, रमेश, रमेश सिंह, राजकुमार, आरवी, राजेश कुमार, कृष्ण मोहन, बब्बन यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता समीर कुमार पाण्डेय ने किया।

## रोटरी क्लब ने दिव्यांगजनों को दिए ऊनी टोपी व स्वेटर




जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** अमरवाणी पुनर्वास केंद्र ताजोपुर मऊ की ओर से फातिमा स्कूल ताजोपुर मऊ के प्रांगण में विश्व दिव्यांग दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। यहां रोटरी क्लब द्वारा स्कूल के मुक बधिर छात्रों को 100 टोपी और स्वेटर प्रदान किया गया। कार्यक्रम को दो भागों में विभाजित किया गया था, इसमें पहला भाग खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आए हुए दिव्यांगजनों को उत्साहवर्धन उपहार से सम्मानित किया। तदोपरांत द्वितीय पाली में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब मऊ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि अमरवाड़ी स्कूल के मुख बधिर बच्चों को हर संभव सहयोग देने के लिए रोटरी क्लब कृत संकल्पित है। दिव्यांग जनों जाड़े का वस्त्र उपलब्ध कराने के लिए आयोजित कार्यक्रम के संयोजक शारदा नारायण हॉस्पिटल के डॉक्टर राहुल कुमार ने कहा कि जीवन में पहली बार में ऐसे बच्चों से रूबरू हुआ हूं जिन्हें देखकर खुद अभिभूत हूं। सचिव पुनीत श्रीवास्तव ने भी दिव्यांग दिवस पर बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ राहुल कुमार, प्रदीप सिंह, पुनीत श्रीवास्तव और पूर्व रोटरी क्लब अध्यक्ष अजीत सिंह, इन्हरवहील क्लब की सचिव ज्योति सिंह द्वारा दिव्यांग बच्चों को 100 ऊनी टोपी एवं स्वेटर वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र प्रमुख क्षेत्रीय कार्यालय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मऊ शिवकुमार शुक्ला ने दिव्यांग बच्चों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को संवर्धन एवं आत्मनिर्भर हेतु स्वरोजगार करने हेतु प्रेरित किया।

**नेक कार्य**

### विश्व दिव्यांग दिवस समारोह पर आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता

विशिष्ट अतिथि दिव्यांग नोडल अधिकारी डॉक्टर एचआर सोनी ने कहा कि इन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उधर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष तैय्यब पालकी ने दिव्यांग बच्चों को उत्साह वर्धन किया और कहा कि समाज के मुख्य धारा में जोड़ने हेतु स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु भी प्रेरित किया। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य रूप से डायोसिस आफ वाराणसी के निदेशक फादर जूलियन, फातिमा स्कूल की प्रधानाचार्य, अमरवानी स्कूल के प्रधानाचार्य रायनी, फादर प्रेम कुमार राजेश कुमार समेत जिले के विभिन्न इलाके से आए दिव्यांगजन मौजूद रहे।

## स्मारक परिसर में खुलेगा श्रीअन्न उत्पादन प्रशिक्षण केंद्रः मस्त

जनसंदेश न्यूज



वीरेन्द्र सिंह मस्त

**बैरिया।** क्षेत्र के सिताब दियारा के लाला टोला में स्थित जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक परिसर में श्रीअन्न उत्पादन प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा। इसमें किसानों को श्रीअन्न के उत्पादन एवं प्राकृतिक खेती तथा श्रीअन्न के रख-रखाव के बाबत प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि यह कार्यक्रम जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा द्वारा चलाया जाएगा। अध्यक्ष की हैसियत से मैंने उक्त ट्रस्ट का एक ब्लाक जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय को सौंप दिया है। इसमें उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जेपी विश्वविद्यालय द्वारा चलाया जाएगा। इसके लिए जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा के प्रो. परमेंद्र वाजपेई ने भी इस पर अपनी सहमति जताई है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को लाला टोला में आयोजित भोजपुरी सम्मेलन में आए कुलपति एवं पूर्व सांसद के साथ वार्ता के बाद यह सहमति बनी है।

इसके बाद पूर्व सांसद ने इसकी जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इसी स्मारक परिसर में पशु चिकित्सा संस्थान भी खोला जाएगा। इसके लिए भारत सरकार के मंत्री से वार्ता हो चुकी है।
जल्द ही इसकी आधिकारिक रूप से घोषणा होगी।

## पेंशनर दिवस 17 दिसंबर को

**बलिया।** राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निवारण हेतु प्रतिवर्ष 17 दिसम्बर को पेंशन दिवस पूरे प्रदेश में आयोजित करने का निर्देश निर्गत किये गये है। शासन द्वारा जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्षों को भी प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे कि पेंशनरों की ऐसी समस्यायें, जिनका निराकरण विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्षों द्वारा किया जाना है और सुनवाई भी हो सके एवं प्रकरण के निस्तारण पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 17 दिसम्बर को पूर्वाह्व 11 बजे गंगा बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित है।
जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष उक्त कार्यक्रम में समय से प्रतिभाग सुनिश्चित करें तथा गत वर्ष आयोजित पेंशन दिवस के प्रकरणों की निस्तारण आख्या एवं अपने कार्यालय में गठित पेंशनर प्रकोष्ठ से सम्बन्धित सूचना अनिवार्यतः साथ लायें।

# एक्सप्रेस-वे के निर्माण में लापरवाही ही लापरवाही

**समस्या**

### निर्माण कार्य में लगे वाहनों के फर्राटा भरने से आये दिन हो रही दुर्घटनाएं

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में लापरवाही ही लापरवाही है। राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के बगल में बैरिया से लेकर मांझी घाट तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य में वाहनों के बेतरतीब होकर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर फर्राटा भरने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। शुक्रवार की शाम को दलजीत टोला निवासी भोला प्रसाद की मौत हो गई, जबकि पंकज गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों युवक सड़क के किनारे से बैरिया की तरफ जा रहे थे कि एनएचआई का स्टीकर लगाए बोलेरो पिकअप ने उन्हें रौंद दिया। यह बात केवल शुक्रवार की शाम की ही नहीं है, बल्कि आए दिन ऐसा होता है। एनएचआई वाले तेज रफ्तार में वाहनों को ऐसे दौड़ा रहे हैं, मानो उन्हें इसके लिए विशेषाधिकार प्राप्त है। जहां-जहां ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का सड़क बन रहा है, वहां न तो निर्माण कार्य का बैनर-पोस्टर लगा है और ना हीं डायवर्सन के पास ही कोई बोर्ड लगा है। फलस्वरुप आए दिन दुर्घटना की स्थिति बन जा रही है। वहीं, सड़कों पर धूल भरी मिट्टी के ऊपर पानी नहीं डालने के कारण हमेशा धूल का गुबार उड़ रहा है। इस बाबत पूछने पर जिम्मेदार सीधा सा जवाब देते हैं कि जो मानक तय है, उसके अनुसार काम हो रहा है।

जागरूक लोगों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि बैरिया से मांझी घाट तक निर्माण स्थलों पर निर्माण कार्य एवं डायवर्सन के स्थलों पर डायवर्सन का बोर्ड लगवाने और ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में लगे वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए उचित कार्यवाही की मांग की है।

### 50वें दिन भी जारी रहा रेल आंदोलन




**रेवती।** रेवती को रेलवे स्टेशन का पूर्ण दर्ज दिलाए जाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन का रविवार को 50 दिन हो गया। इस मौके पर रेल आंदोलन के संयोजक लक्ष्मण पांडेय, ओमप्रकाश कुंवर, उद्योग व्यापार मंडल रेवती के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रधान ददन पांडेय, वीरेश तिवारी, श्रीभगवान यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। विचार विमर्श करने के पश्चात निर्णय लिया कि 50 दिन पूर्ण होने पर आंदोलन की सभा शाम को की जाएगी। ओमप्रकाश कुंवर ने कहा कि हमें विश्वास है कि हमारा इतने दिनों का श्रम तथा तपस्या बेकार नहीं जाएगा। हमारा आंदोलन अब तक पूर्ण रूप से अहिंसात्मक रहा। निश्चित रूप से इसकी चर्चा ऊपर तक है। यह चर्चा हमारे पक्ष में जाएगी।

**जनसंपादकीय**

# मुफ्तखोरी की कीमत चुकाते पंजाब और हिमाचल

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**



"आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ़्त की रेवड़ी बाँटकर उन्हें खरीद लेंगे। हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है।" साल 2022 में दिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान पर काफी चर्चा हुई थी। लोगों को मुफ्त में चीजें या पैसे देने से सियासी दलों के वादों पर मीडिया में बहस के दौरान अक्सर विपक्षी नेता ये तर्क देते हुए देखे-सुने जा सकते हैं। यहां तक कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था और उच्चतम न्यायालय ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा था कि वेलफेयर स्टेट होने के नाते मुफ़्त चीजें जरूरतमंदों को मिलनी चाहिए, लेकिन अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान और वेलफेयर में संतुलन बिठाने की जरूरत है। बचपन में सबने रेवड़ी जरूर खाई होगी लेकिन इस रेवड़ी के साथ एक बात बहुत ही खास है, आप एक बार रेवड़ी खाना शुरू करते हैं तो मन होता है खाते ही जाएं, आपका हाथ तभी रुकता है जब घर में बड़ों की डांट पड़ती है कि बस बहुत हुआ, रुको। ज्यादा खाएंगे तो उसका असर भी आपकी सेहत पर पड़ेगा, क्योंकि इसकी तासीर गरम होती है आपका हाजमा भी खराब हो सकता है इसलिए स्व-नियंत्रण बहुत ही जरूरी है। क्या स्व-नियंत्रण संभव है, आप सभी जानते हैं। अपने देश में कमोबेश लोगों की यही स्थिति है, जिन्हें मुफ्तखोरी की आदत सी पड़ गई है और वो चाहते हैं कि देश में रेवड़ी की संस्कृति कभी भी बंद न हो। आखिर किसको खराब लगता कि मुफ्त में बिजली, पानी, राशन और तमाम सुविधाएं अनंत काल तक मिलती रहें। ये वही बात हो गई जैसे मुफ्त-ए-माल दिल-ए-बेरहम, ये सोच तभी विकसित होती है जब आपको अपनी जेब से कभी एक धेला खर्च नहीं करने की आदत हो। क्या एक नागरिक के तौर पर हमने कभी विचार किया है कि इसके लिए संसाधन कहाँ से आएंगे? और ये मुफ़्त की संस्कृति आखिर कब तक चलती रहेगी और इसकी भरपाई कौन करेगा? सत्ता हासिल करने के लिए शॉर्टकट रास्ता अख्तियार कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत अब पंजाब और हिमाचल चुका रहे हैं। दोनों राज्य फिलहाल गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। निश्चित तौर पर यह आर्थिक संकट चुनावी अभियानों के दौरान किए गए लोकलुभावन वादों के चलते ही उत्पन्न हुआ है। जिसके कारण पिछले दिनों हिमाचल में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने में व्यवधान देखा गया। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने मतदाताओं को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था। आपको याद होगा कि चुनावी वादों की शुरूआत अरविंद केजरीवाल से बहुत पहले दक्षिण में हो गई थी। तेलगु सुपर स्टार एनटी रामा राव ने 1990 के दशक में गरीब महिलाओं के बीच साड़ी बांटने की शुरूआत की थी। टीडीपी नेता ने गरीबों को 2 रुपया प्रति किलो चावल भी दिया, जिससे एनटी रामा राव को सत्ता में वापसी करने का मौका मिला।

डीएमके और अन्ना डीएमके के बीच तो हमेशा मुफ्त के चुनावी वादे करने के लिए हमेशा होड़ मची रहती है। आपको याद होगा कि डीएमके नेता करुणानिधि ने 2006 में मुफ्त कलर टेलिविजन का वादा करके चुनावी सफलता हासिल की थी। पंजाब में सत्ता में आने पर राज्य सरकार ने अपने वादे को अमली जामा पहनाया। जिसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिये बीस हजार करोड़ से अधिक सब्सिडी बिल आया है। इसी तरह कांग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिए पुरानी पेंशन लागू करने का वादा किया। यह तय था कि इस घोषणा से राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस आसन्न संकट को महसूस करते ही विगत में केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना से हाथ खींच लिया था। लेकिन अब हिमाचल सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस को पुनर्जीवित करने से, पहले से ही संकटग्रस्त सरकारी खजाने पर एक बड़ा बोझ और बढ़ गया है। वहीं पंजाब में सब्सिडी भुगतान में देरी से पंजाब की स्थिति और खराब हो गई है। लंबित बिल साढ़े चार हजार करोड़ से अधिक हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल की बिल संग्रह दक्षता में भारी गिरावट आई है। दरअसल, पीएसपीसीएल पहले ही ट्रांसमिशन घाटे में वृद्धि के संकट से जूझ रहा है। हालांकि, पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली के बिल के बकायेदारों और कतिपय सरकारी विभागों से बकाया धनराशि वसूलने से राजस्व बढ़ाने के प्रयासों में कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिसकी कीमत कालांतर राज्य की आर्थिकी को ही चुकानी होगी। निश्चित तौर पर पंजाब को मुफ्त की बिजली देने से उत्पन्न संकट से जल्दी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आते। राज्य फिलहाल उधार हासिल करने की सीमा के करीब पहुंच गया है। जिसके चलते मुफ्त बिजली योजना चलती रह सकेगी, इसमें संदेह है। कमोबेश हिमाचल प्रदेश भी ऐसे ही संकट से दो चार है। राज्य की वित्तीय बदहाली इस बात की गवाह है।

पुरानी पेंशन योजना की बहाली ने राज्य के वित्तीय दायित्वों को बढ़ा दिया है। जिसके चलते वेतन और पेंशन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए मासिक रूप से दो हजार करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता होती है। जो वित्तीय दिक्कतों की अंतहीन श्रृंखला को जन्म दे रही है। राज्य 6200 करोड़ की अपनी ऋण सीमा समाप्त होने के बाद, अपने रोजमर्रा के खर्चों को प्रबंधित करने के लिए भविष्य की उधारी पर निर्भर होता जा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार चिंता जता रहे हैं कि राज्य की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष में केंद्र का राजस्व घाटा अनुदान आधा होने की बात कही जा रही है। वहीं अपनी लोकलुभावनी नीतियों के दुष्प्रभावों को नजरअंदाज करके दोनों राज्यों की सरकारों ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर फंड रोकने और भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप ही लगाया है। वहीं दूसरी ओर पूंजी निवेश योजना के लिये विशेष सहायता से हिमाचल को बाहर किए जाने पर तल्ख राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई है। कुछ ऐसे ही पंजाब सरकार भी विकास निधि के आवंटन में पक्षपात का आरोप केंद्र सरकार पर लगाती रही है। जबकि यह एक हकीकत है कि चुनावी लोकलुभावनवाद से प्रेरित अस्थिर राजकोषीय नीतियां ही संकट के मूल में हैं। यह टकसाली सत्य है कि राज्य सरकारें बढ़ते कर्ज और घटते राजस्व के चलते वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। यह वक्त की दरकार है कि राज्य सरकारें अपना ध्यान खैरात बांटने के बजाय संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित करें। दरअसल, राज्यों को वित्तीय संकट से उबारने के लिये राजकोषीय विवेक, कुशल कर संग्रह और तार्किक सब्सिडी समय की मांग है। सुप्रीम कोर्ट ने रेवड़ी पर विचार करने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल बनाने की बात कही है ताकि चुनावी दल चुनाव से पहले बेसिर पैर के वादे न कर सकें। लेकिन क्या राजनीतिक दल मानने वाले हैं, जो सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार रहते हैं। दुनिया के जो आर्थिक हालात हैं उसको देखते हुए एक लाइन तो खींचनी ही पड़ेगी कि मुफ़्त की रेवड़ी और जरूरी सामाजिक दायित्व में क्या फर्क है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**


---

यह बहुसंख्यकों का कर्त्तव्य है कि वे अल्पसंख्यकों के विरुद्ध भेदभाव न करें। अल्पसंख्यकों का (देश में )निरंतर होना या मिटना बहुसंख्यकों के व्यवहार पर निर्भर करता है। ( डॉ. आंबेडकर, नवंबर 4, 1949 ) हम, जोकि बहुसंख्यक हैं, अल्पसंख्यकों के संबंध में सोचें कि उनकी भावना क्या है। यह भी विचार करें कि यदि हम लोग उनकी जगह हुए होते और उनके साथ आज जैसा व्यवहार हो रहा है, वैसा ही हमारे साथ होता तो हमें कैसा लगता। ( सरदार पटेल, 25 मई, 1949 )

# मंदिर-मस्जिद के खेल से तरक्की होगी?

**समय-संदर्भ**

**रामशरण जोशी**



हाल ही में देश के विख्यात वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे की छोटे पर्दे पर गहरे तक दिल-दिमाग को झकझोरने वाली 'पुकार' सुनी। क्षण थे जब वे जामामस्जिद ( संभल), ज्ञानव्यापी मस्जिद ( बनारस), ख्वाजा दरगाह शरीफ ( अजमेर ) जैसे सदियों पुराने अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों को लेकर हिन्दुत्ववादियों द्वारा उठाये जा रहे आक्रामक विवादों पर अपने उदगार व्यक्त कर रहे थे. जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार कर्ण थापर के साथ इंटरव्यू में सुप्रीम कोर्ट के वकील दवे की पीड़ा छलक गई और रुआंसे स्वरों में उन्होंने हैरानी जताई कि ये लोग पांच हजार साल पुराने भारत को क्या बनाना चाहते हैं ? मुझे गर्व है मैं हिन्दू हूं, ब्राह्मण हूँ. लेकिन, मेरी संस्कृति-सभ्यता तमाम संस्कृतियों को आत्मसात करने की रही है. यह विभाजनकारी नहीं है. ऐसे विवादों से देश का विकास नहीं होगा. अक़्सर वकील व्यवहारिक व यथार्थवादी माने जाते हैं. उनकी भावना, भावुकता और संवेदनशीलता के साथ मित्रता संकोच के साथ ही होती है. लेकिन, टीवी स्क्रीन पर दवे के रुंधे स्वर और चेहरे से संवेदनशील नागरिक व देशभक्त भारतीय द्रवित हुए बिना नहीं रहेंगे. सोचने के लिए विवश हो जाएंगे कि कहीं 140 करोड़ के भारत राष्ट्र को किसी अंधी सुरंग में धकेला तो नहीं जा रहा है , जिसमें दीवारों से टकरा टकरा कर लहूलुहान होने के अलावा कुछ नहीं है! ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह शरीफ के साथ साथ अब ढाई दिन का झोपड़ा भी विवादों में घिर गया है. अजमेर में दोनों स्थान आस-पास ही हैं. कट्टरपंथी तत्वों की मांग है कि दोनों स्थानों पर हिन्दुओं के मंदिर थे. मुगलों ने 16 वीं सदी में उन्हें तोड़ कर ही दरगाह और झोपड़े को बनाया है. इस विवाद ने मुझे भी हिला दिया. मुझे याद है, मैंने 1970 में दोनों स्थानों का दौरा किया और तत्कालीन प्रतिष्ठित पत्रिका दिनमान की आवरण कथा लिखी थी. काफी चर्चित हुई थी. वह दरगाह के ह्यउर्सह्ण का समय था. सभी समुदाय के स्त्री-पुरुष -बच्चों का जमावड़ा था. किसी भी प्रकार का तनाव नहीं था.सम्पादक रघुवीर सहाय चाहते थे कि दर्शनार्थियों के सामाजिक तानेबाने को ध्यान में रख कर कथा लिखूं। निश्चित ही दरगाह परिसर में इंद्रधनुषी सौहार्द की छटा छाई हुई थी. सबसे पहले दोनों स्थानों को 1956 में देखा था. लेकिन, अब दोनों स्थानों को लेकर सर्वे की मांग की जा रही है. यह कितनी चिंताजनक मांग है। इतिहास के सफों पर उत्सव और त्रासदी, दोनों के दृश्य दिखाई देते हैं. किसे देखना, किसे अस्वीकार करना है, यह आपकी वैचारिक दृष्टि पर निर्भर है. क्या बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय का हिंदुत्ववादी तबका प्राचीन भारत में बौद्धों के साथ किये गए अत्याचारों पर भी नजर डालेगा? इतिहास साक्षी है, उत्तर मौर्य काल में कट्टर हिन्दुपंथियों और शैववादियों ने हजारों बौद्ध स्तूपों, मठों व अन्य पूजास्थलों को जलाया, धवस्त किया. इतना ही नहीं, गौतम बुद्ध के हजारों अनुयायिओं को मारा। सम्राट अशोक -शासन के पतन के पश्चात कटटर ब्राह्मणवादी पुष्यमित्र शुंग ने चुन चुन कर परधर्मियों या श्रावकों का दमन किया, उनके पूजास्थलों को ध्वस्त किया। कल्हण की राजतरंगिणी में बौद्ध पूजास्थलों के ध्वंस के उल्लेख मिलते हैं. इतना ही नहीं, ऐसे भी उल्लेख हैं कि ब्राह्मणवादी राजाओं ने श्रावकों की हत्या पर मुद्रा-पुरस्कार भी रखा था. व्याकरणाचार्य पातंजलि ने अपने महाभाष्य में लिखा है कि ब्राह्मण और श्रावकों के सम्बन्ध शत्रुतापूर्ण थे. पाटलीपुत्र (पटना) में अशोक स्तम्भ सभागार को नष्ट किया गया. बोधगया में बोधि वृक्ष को गिराया गया. बुद्ध की प्रतिमा को हटाकर उसके स्थान पर महेश्वर की मूर्ति लगाई गयी. चीनी यात्री हून त्सांग ( 7वीं सदी ) ने लिखा है कि नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्कालय को कट्टर हिन्दुपंथियों ने आग के हवाले कर दिया था. ( कई सौ साल बाद प्रचारित किया गया कि बख्तियार खिलजी के कमांडर ने जलाया था.) ब्राह्मणवादियों को यह विश्व विख्यात बौद्ध शिक्षण संस्थान पसंद नहीं था. विदेशी यात्री यह भी कहता है कि शिवभक्त हूण शासक मिहिरकुला ने 1, 600 बौद्ध स्तूपों को गिराया और हजारों बौद्ध संन्यासियों को मारा भी। ऐतिहासिक साक्ष्य हैं कि 12 वीं सदी में पुरी में प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर का निर्माण भी बौद्ध पूजाघर के स्थान पर हुआ है. इतिहास यह भी बतलाता है कि पुरी में ही पूर्णेश्वर, केदारेश्वर, कंटेश्वर, सोमेश्वर और अंगेश्वर मंदिर का निर्माण भी बौद्ध विहारों और उनकी निर्माण सामग्री से हुआ है.ह्व शिव भक्तों ने सबसे अधिक बौद्ध पूजा स्थलों को ध्वस्त किया था. मध्य प्रदेश की खजुराहो में भी बौद्ध पूजाघर थे. चंदेला शासन के दौरान ( 9 - 10 वीं सदी ) उन्हें ध्वस्त कर हिन्दू मंदिर बनाये गए. उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी में मठ जलाये गए. इसी प्रकार गांधार ( अब अफगानिस्तान ) में करीब 1000 संघ आश्रम थे. उन्हें खण्हरों में तब्दील कर दिया गया. गुजरात में सोमनाथ मंदिर के नीचे भी बौद्ध पूजा स्थल बताया गया। ( देखें. भारत के विख्यात इतिहासकार डी.एन. झा की पुस्तक - ( Against The Grain: Notes On Identity, Intolerance And History) . दैनिक भास्कर के अनुसार, पुरातत्व विभाग ने खुलासा किया है कि सोमनाथ मंदिर के नीचे तीन मंजिला ढांचा और बौद्ध गुफाएं हैं, जमीन से 12 मीटर अंदर तक जांच की गयी है. 2017 17 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर गांधीनगर आईआईटी और पुरातत्वविभाग ने सोमनाथ मंदिर के नीचे के ढांचे का सर्वे किया था. 32 पेजी रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि वहां एक ढांचा और बौद्ध गुफाएं हैं। बेशक, मुस्लिम काल में मंदिर गिराए गए थे. सोमनाथ मंदिर को भी तहस-नहस किया गया था. संभल और अयोध्या को लेकर 16 वीं सदी के बाबर को भी कटघरे में खड़ा किया जा चुका है. बाबर सेंट्रल एशिया का था. रास्ते में बामियान क्षेत्र में गौतम बुद्ध की विशाल आदम कद मूर्ति थी. वह पांच सौ साल तक सुरक्षित रही. इस सदी में तालिबानों ने उसे गिराया था. सेंट्रल एशिया के देशों में अब भी बुद्ध की मूर्तियां हैं. जहाँ तक बाबर, औरंगजेब जैसे बादशाहों का सवाल है, इसके संबंध में इतना ही कहा जा सकता है कि शासकों( सभी धर्मों के ) का एक ही धर्म होता है और वह है -'सत्ता धर्म'. आगरा पहुँचने से पहले बाबर ने हजारों सहधर्मियों को मारा था, जो उसका विरोध कर रहे थे.काबुल में मजार गिराई थी. इस संबंध में बाबर की आत्मकथा 'बाबरनामा को पढ़ना उपयोगी रहेगा. भारत में भी हिन्दू राजा सत्ता के लिए परस्पर लड़ते रहे हैं. राजस्थान में ऐसी लड़ाइयां आम रही हैं। कर्नल जेम्स टॉड की पुस्तक - :: एनल्स एंड एंटिक्विटीज ऑफ राजस्थान में ऐसी घटनाएं प्रचुर मात्रा में हैं. दक्षिण में भी ऐसा होता रहा है. राजसत्ता के लिए धर्म-मजहब का इस्तेमाल वैश्विक परिघटना है.

गंभीरता से देखें-सोचें, कोई भी धर्म-मजहब राष्ट्र की एकता की गारंटी नहीं होता है. 1947 में भारत का विभाजन धर्म-मजहब के नाम पर हुआ था. लेकिन, क्या मुस्लिम पाकिस्तान एक रह सका. 1971 में इसकी पूर्वी भुजा ( पूर्वी पाकिस्तान ) टूटकर बांग्लादेश में परिवर्तित हो गई. यह जानना दिलचस्प रहेगा कि पश्चिमी और पूर्वी पाकिस्तान, दोनों ही जगह सुन्नी मुस्लिम समुदाय सत्ता में थे. अब भी पाकिस्तान अशांत है और बलोचिस्तान के मुस्लिम आजादी की मांग कर रहे हैं. एक समय आजादी के लिए सिंध में 'जियो सिंध' आंदोलन चल चुका है. इस्लाम पाकिस्तान की आर्थिक दुर्दशा को ठीक नहीं कर सका है. अब बांग्लादेश भी पाकिस्तान की राह पर चल पड़ा है. इसके साथ ही क्या अफ़गानिस्तान में विभिन्न मुस्लिम समुदायों के बीच लड़ाइयां नहीं हो रही हैं ? ईरान और इराक, दोनों ही शिया प्रधान देश हैं. पिछली सदी में दोनों ही देश 8 -10 साल आपस में लड़ते रहे हैं. लाखों लोग मारे गए थे. ईरान में धर्माधिकारियों की हुकूमत होने के बावजूद वहां बेरोजगारी व गरीबी बदस्तूर है। क्या अरब के मुस्लिम देशों में शांति है ? इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक और सीरिया जैसी कट्टरपंथी संस्था ने तबाही मचा रखी है. क्या रोहिंग्या मुसलमानों को मुस्लिम देश अपने यहां नागरिकता प्रदान करेंगे ? यदि धर्म ही सब कुछ है, तब पड़ोसी देश नेपाल और भारत को एक हो जाना चाहिए.नेपाल में हिन्दू बहुसंख्यक हैं. क्या यूरोप के ईसाई देश आपस में नहीं लड़ते रहे हैं ? क्या ईसाई हिटलर ने फ्रांस पर कब्जा नहीं किया था ? क्या पोलैंड को उसने गुलाम नहीं बनाया था ? आज इजराइल के साथ फिलिस्तीनी मुस्लिमों की जंग जारी है. हजारों लोग मर चुके हैं. क्यों नहीं मिश्र, सऊदी अरब, जोर्डन, तुर्की आदि मुस्लिम देश अपने सहधर्मियों की खुलकर मदद कर रहे हैं ? सारांश में, धर्म-मजहब और उनके अस्तित्व प्रतीक ( पूजाघर या इबादतगाह ) किसी भी राष्ट्र की एकात्मकता का एकमात्र आधार नहीं होता है. यह कई आधारों में से एक है. अतः इस सदी के हाई-टेक युग में मध्ययुगीन मानसिकता से लैस हो कर 'चुके- हुए -प्रतीकों' को पहचान की राजनीति का माध्यम बनाना, कहां तक तर्क संगत है ? क्या इन प्रतीकों के सहारे चांद पर उतरेंगे और मंगल ग्रह पर थाप देंगे ?

क्या प्रतीकों के युद्ध और इतिहास में हुए अन्यायों को पुनर्जीवित कर विश्व की तीसरी 'आर्थिक शक्ति' बन सकते हैं? क्या प्रतीक -जंग के माहौल में कभी 'ओलम्पिक गेम' खेले जा सकेंगे ? क्या बाबरी मस्जिद गिराने से गरीबी व बेरोजगारी दूर हो गई है? क्या ज्ञानव्यापी मस्जिद , संभल जामामस्जिद, ख्वाजा शरीफ व ढाई दिन का झोंपड़ा आदि स्थानों के सर्वे से ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट (जीडीपी ) 5.7 से छलांग लगा कर 8 -10 तक पहुँच जायेगा? क्या भारत गरीबी -सूचकांक में नीचे 102 स्थान से ऊपर उछाल लगा कर पचास पर पहुँच सकेगा ? क्या भुखमरी और मृत्यु दर से मुक्ति मिल सकेगी ? मैं पुनः दुष्यंत दवे के सवाल पर लौट रहा हूं. उन्होंने यह भी सवाल देश के कटटर पंथियों के सामने रखा था : आप 15 -20 करोड़ मुसलमानों का क्या करेंगे ? क्या विवादास्पद मस्जिद को ध्वस्त करने और उसके स्थान मंदिर बनाने से भारत तरक्की कर लेगा ? इसी से जुड़ा इस लेखक का सवाल भी है - 6 दिसंबर,1992 को अयोध्या में बाबरी मस्जिद के ध्वस्त होने के पश्चात देश की मूलभूत समस्याओं का हल हो सका है ?

**( लेखक सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 98105 25019)**

# केवल वादे नहीं प्राथमिकताएं जरूरी

**प्रसंगवश**

**बलदेव राज भारतीय**



भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनावी प्रक्रिया का अपना एक अलग ही महत्व है। चुनावों के समय राजनीतिक दलों के बीच वादों और दावों की बाढ़ आ जाती है। इनमें से अधिकतर वादे लोकलुभावन घोषणाओं पर आधारित होते हैं। इन वादों का उद्देश्य जनता के एक विशेष वर्ग को तात्कालिक राहत देकर उनका समर्थन हासिल करना होता है। लेकिन इन सबके बीच शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दे अक्सर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने का वादा तात्कालिक राहत प्रदान करता है लेकिन दीर्घकालिक रोजगार सुनिश्चित करने के लिए किसी ठोस योजना की अनदेखी करता है। ये वादे किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हैं। इसके विपरीत, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करके समाज में दीर्घकालिक परिवर्तन लाया जा सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे सीधे तौर पर किसी भी समाज की प्रगति और विकास से जुड़े हुए हैं। मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना किसी भी देश की दीर्घकालिक प्रगति के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है। एक शिक्षित नागरिक न केवल अपने जीवन स्तर को सुधारता है, बल्कि समाज और देश के विकास में भी योगदान देता है। इसके बावजूद, चुनावी वादों में शिक्षा पर जोर देने की बजाय तात्कालिक नकद सहायता को प्राथमिकता दी जाती है। कोई भी राजनैतिक दल मुफ्त शिक्षा जैसे मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेता और न ही इस महत्वपूर्ण मुद्दे को पूरा करने का संकल्प लेता है। शिक्षा प्रदान करना एक गंभीर सामाजिक उद्देश्य के बजाय एक लाभकारी व्यवसाय बन गया है। शिक्षा के बाजारीकरण ने ज्ञान को एक उत्पाद बना दिया है, जो केवल उन तक सीमित है जो इसे खरीदने की क्षमता रखते हैं। यह प्रवृत्ति समाज में असमानता को बढ़ावा देती है और लाखों प्रतिभाशाली लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को उनके अधिकार से वंचित करती है। इस स्थिति को बदलने के लिए सरकार को निर्णायक कदम उठाने होंगे। शिक्षा को हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार मानते हुए इसे सभी के लिए अनिवार्य और निशुल्क करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सरकारी बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त धनराशि का आवंटन सुनिश्चित किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि इन निधियों का उपयोग पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ हो। अच्छी शिक्षा के लिए कुशल और समर्पित अध्यापकों की नियुक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों के वेतनमान को आकर्षक बनाया जाना चाहिए ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कर सकें। साथ ही, उन्हें समय-समय पर प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं ताकि वे छात्रों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। शिक्षा को केवल एक आर्थिक गतिविधि मानने के बजाय इसे सामाजिक उत्थान का माध्यम बनाया जाना चाहिए। यह सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है कि वे शिक्षा को ऐसे स्तर पर ले जाएं, जहां हर बच्चा अपनी आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना अपने सपनों को साकार कर सके। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि एक सशक्त, साक्षर और संवेदनशील समाज का निर्माण करना होना चाहिए। शिक्षा के साथ निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक का अधिकार हैं लेकिन आज भी भारत में स्वास्थ्य सेवाएं गरीबों की पहुंच से दूर हैं। मेडिकल माफिया के कारण जीवन रक्षक दवाइयां और उपकरण सामान्य जन की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं।

एक सीमा तक गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों के लिए आयुष्मान योजना बहुत बड़ी राहत लेकर आई है लेकिन चुनावों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ी घोषणाएं नहीं की जातीं, क्योंकि इससे राजनैतिक दलों को तुरंत राजनीतिक लाभ नहीं मिलता। आज रोजगार का अर्थ सीमित दृष्टिकोण तक सिमट गया है, जहाँ केवल सरकारी नौकरी को ही रोजगार के रूप में देखा जाता है। यह सोच न केवल समाज में रोजगार के व्यापक स्वरूप को नजरअंदाज करती है, बल्कि युवाओं की मानसिकता को भी एकतरफा बना देती है।

राजनीतिक दल इसी मानसिकता का लाभ उठाते हुए चुनावों से पहले बड़े-बड़े वादे करते हैं, जिसमें सरकारी नौकरियों का सपना दिखाकर जनता को आकर्षित किया जाता है लेकिन चुनाव के बाद ये वादे अक्सर खोखले साबित होते हैं, और जनता निराशा का शिकार होती है। सरकार का वास्तविक उद्देश्य केवल सरकारी नौकरी प्रदान करना नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को उसकी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि सरकार रोजगार के विविध क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करे और निजी, सार्वजनिक, एवं स्वरोजगार के अवसरों को प्रोत्साहन दे। कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र, और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में रोजगार सृजन की संभावनाओं को विकसित किया जाए। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि रोजगार नीति पारदर्शी और निष्पक्ष हो। रोजगार का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार होना चाहिए, और इसके लिए देश में ऐसी व्यवस्था की जाए जो हर व्यक्ति को उसकी क्षमता के अनुरूप काम प्रदान कर सके। रोजगार केवल आय का स्रोत नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, स्थिरता और सामाजिक विकास का आधार भी है। इसलिए, रोजगार की व्यापक परिभाषा को समझना और उसे लागू करना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी योजनाएं दीर्घकालिक निवेश की मांग करती हैं। इनमें तत्काल राजनीतिक लाभ की संभावना कम होती है। इसके अलावा, इन क्षेत्रों में सुधार के लिए नीतिगत बदलाव, बजटीय प्राथमिकताएं और ईमानदारी से क्रियान्वयन की आवश्यकता होती है, जो कि समय और संसाधन लेता है। इसके विपरीत, नकद राशि बांटने या मुफ्त वस्तुएं देने की योजनाओं से जनता को तात्कालिक राहत मिलती है और राजनीतिक दलों को त्वरित समर्थन। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू जनता की मानसिकता भी है। चुनावों के दौरान जनता अक्सर नकद राशि, मुफ्त वस्तुएं या छोटी-छोटी राहतों को ही अपना मुख्य एजेंडा मान लेती है। दीर्घकालिक योजनाओं या नीतिगत सुधारों पर ध्यान देने के बजाय, वे उन्हीं दलों को समर्थन देती हैं जो तत्काल राहत देने के वादे करते हैं। ऐसी मानसिकता का परिणाम यह होता है कि राजनीतिक दल भी जनता को दीर्घकालिक लाभ के बजाय तात्कालिक राहत के माध्यम से आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। राजनीतिक दलों और जनता दोनों को यह समझने की आवश्यकता है कि तात्कालिक राहत स्थायी समाधान नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किए बिना, किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं है। राजनीतिक दलों को तात्कालिक राहत से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में दीर्घकालिक योजनाओं और नीतियों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इन क्षेत्रों में निवेश न केवल समाज को मजबूत करेगा, बल्कि यह देश की आर्थिक प्रगति का आधार भी बनेगा। जनता को भी नकद राशि और मुफ्त वस्तुओं के वादों के प्रति अपने आकर्षण को छोड़कर, बुनियादी जरूरतों और दीर्घकालिक लाभ पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जागरूक और शिक्षित नागरिक ही एक जिम्मेदार सरकार चुन सकते हैं। लोकलुभावन वादे जनता को तात्कालिक राहत तो प्रदान करते हैं, लेकिन ये स्थायी समाधान नहीं हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दे किसी भी समाज की नींव होते हैं। राजनीतिक दलों को इन मुद्दों को अपने चुनावी एजेंडे में प्राथमिकता देनी चाहिए और जनता को भी इन पर जोर देना चाहिए। नकद राशि या मुफ्त योजनाओं के स्थान पर दीर्घकालिक विकास की ओर ध्यान केंद्रित करना ही एक सशक्त और प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकता है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्कः 8901006901)**

# माय सेल्फ श्यामराव बारतोड़े

**जवाहर चौधरी**

" यार तुम यह बताओ कि दुनिया में क्या मियां बीवी में झगड़ा नहीं होता है! और कौन बीवी झगड़ा होने पर अपने आदमी को कचरा घोषित कर देती है!! " श्यामराव बारतोड़े ने आते ही शिकायत छोड़ी ।

" आपका झगड़ा हुआ क्या!? "

" हुआ नहीं रे चल रहा है। तीन हफ्ते हो गए। दोनों तरफ से बम और मिसाइलें चल रहे हैं। उसका मायका अमेरिका है और हम पड़ोसियों पर निर्भर हैं। पड़ोसी कमबख्त मजा पूरा लेते हैं लेकिन मदद कुछ नहीं करते। तुम भी पड़ौसी हो !"

" झगड़ा किस बात पर हुआ? "

" यह तो पता नहीं, भूल भाल गए। लेकिन कोई ना कोई बात तो होगी ही झगड़े की। हमारे यहाँ तो शुरूआत की जरूरत रहती है बस, उसके बाद तो कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरा भारत नप जाता है। "

" तो आप भी यार बारतोड़े ! दीवार से सिर क्यों मारते हो हमेशा। उस रास्ते पर जाना ही क्यों जिसमें आपके कचरे हो जाते हैं।... अभी आप कचरे का कुछ कह रहे थे। "

" हाँ, झगड़े में हम बाहर आ कर चिल्लाते है । इस्टाइल है हमारा । पिछले हप्ते उसने मुझे कचरा घोषित कर दिया। घोषणा इतनी जोर की थी कि आसपास के सारे लोगों ने सुन लिया। मोहल्ले भर के बच्चे अब मुझे कचरा-अंकल बोलने लगे हैं । कल मिसेस ढाईघोड़े आई तो वह बार-बार मुझे 'कचरा भाई साहब' कह रही थी। सुबह जब कचरा गाड़ी आती है तो लोग घरों से झांक कर देखते हैं ।"

" आप भी यार कचरा भाऊ, ... जरा पॉजिटिव सोचा करो। कचरा कोई मामूली चीज नहीं होती है आजकल। बिजली बनाते हैं उससे। बचपन में आपने वह पाठ भी तो पढ़ा होगा स्कूल में, ' घूरे से सोना बनाओ '। घूरा मतलब कचरा ही तो होता है।"

" देखो मुझे लग रहा है कि अब तुम मेरे मजे ले रहे हो! तुम पर गुजरती तो तुम्हें पता चलता। इस तरह किसी का मजाक नहीं उड़ाते। याद रखो कल को तुम्हारे यहाँ भी मिसाइलें उड़ सकती हैं ।"

" छोटी मोटी बातों को नजरअंदाज कर दिया करो भाई बारतोड़े इसी में भलाई है।"

" मेरे अकेले के नजअंदाज करने से कुछ थोड़ी होता है। कल किसीको फोन लगा कर कह रही थी कि अखबार में जाहिर सूचना छपवा दो कि श्यामराव बारतोड़े कचरा आदमी है, इससे सावधान रहें। इस तरह तो सारा शहर मुझे कचरे के नाम से जाने लगेगा। "

" अरे तुम टेंशन मत लो यार। दस दिनों में फेमस हो जाओगे, हाथ आगे बढ़ा के कहना मजे में झ माय सेल्फ श्यामराव बारतोड़े 'कचरा नको' ।"

" अरे भैया आज बाल बाल बचा मैं । वो सुबह कचरे की गाड़ी में डालने पर आमादा थी । वह तो अच्छा हुआ कि कचरे वाले ने पूछा कि गीले में डालूँ या सूखे में। यह कुछ समझ नहीं पाई और कचरे की गाड़ी आगे बढ़ गई। "

" तुम तो ऐतिहासिक आदमी हो गए यार बारतोड़े । मैं तो समझता था कि भारत में अभी तक सिर्फ एक ही आदमी का कचरा हुआ है और अभी तक हो रहा है। जबकि उस बेचारे की शादी भी नहीं हुई है।"

" उसकी छोड़ो मेरी बताओ कल फिर गाड़ी वाला आएगा और कहीं इन्होंने मुझे गीले या सूखे में डालना तय कर लिया तो!"

" गीले में डलवाए तो तुम मना कर देना एकदम साफ-साफ। ठंड का मौसम है यार। सूखे में रहोगे तो सुखी रहोगे। "

" मैं तुम्हारे पास इसलिए आया हूँ कि कल जब कचरे की गाड़ी आए तो तुम आ जाना यार। पड़ोसी भी उसकी तरफ है कहीं कचरे में डलवा ही ना दे।"

" तुम भी यार आदमी हो या फटा पजामा!!"

" तुम भी कैसे आदमी हो!! कुछ खाने-पीने को पूछो घर का। बाहर का खा खा के मेरा पेट कचरा हुआ जा रहा है। "

" बारतोड़े इससे पहले कि तुम खुद अपना कचरा कर लो माफी मांग लो चुपचाप । माफी मांगने से कोई छोटा नहीं हो जाता। सॉरी ही बोल दो। सॉरी की कोई वैल्यू है क्या आजकल । लोग पीक की तरह कहीं भी थूक देते हैं। "

" वह नहीं मानेगी पुतीन कहीं की। कोई बड़ा मध्यस्थ लगेगा तभी बात बनेगी। ... दिल्ली में कोई पहचान है क्या ?

**लेखक व्यंग्यकार हैं**

# सपा ने तेजपत्ते की तरह किया हमारा उपयोग

**बोले ओमप्रकाश**

### आगामी चुनाव में गढ़ को गढ़ाई बनाने का सुभासपा मुखिया ने किया दावा

### महिला जागरूकता महासम्मेलन में पहुंचे ओपी ने कही अपने दिल की बात

जनसंदेश न्यूज


महिला जागरूकता महासम्मेलन को संबोधित करते ओमप्रकाश राजभर।

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** अतरौलिया विधानसभा के गांधी इंटर कॉलेज कोड़िया में आयोजित महिला जागरूकता महासम्मेलन में पहुंचे सुभासपा मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने दिल की बात कह डाली।

मुख्य अतिथि पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि लोग आजमगढ़ को सपा का गढ़ कहते हैं, लेकिन आगामी चुनाव में हम गढ़ को गढ़ाई बनाने का काम करेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि सपा के लोग सब्जी में तेज पत्ते की तरह से हम लोगों का प्रयोग किए। सब्जी तैयार होने के बाद जिस तरह से लोग तेज पत्ते को चाट करके फेंक देते हैं उसी तरह से सपा वालों ने हमारी पार्टी का उपयोग किया। आगामी चुनाव में हम सपा को हार का स्वाद चिखाने का काम करेंगे।

अध्यक्षता कर रहीं राष्ट्रीय महिला मंच की अध्यक्ष राधिका पटेल ने कहा कि महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। बिहार की तरह से यूपी में भी दारू बंद होनी चाहिए। इसी मांग को लेकर हम महिलाओं को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। आगामी चुनाव में हमारी पार्टी महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिलाने का काम करेगी।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि आजमगढ़ की 10 विधानसभा सीटों पर 2027 में सुहेलदेव पार्टी के विधायक होंगे जो यूपी में ओमप्रकाश राजभर को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे। इस मौके पर विनोद राजभर, कुलदीप राजभर आदि उपस्थित रहे।

## मैजिक की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल


बिलरियागंज सीएचसी के आकस्मिक कक्ष के बाहर ग्रामीणों की भीड़।

जनसंदेश न्यूज

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज थाना क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र के पास रविवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे मैजिक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। रामपुर (मधनापार) निवासी बिरजू राजभर 25 वर्ष पुत्र बीरबल तथा रवि 18 वर्ष पुत्र लालमन रविवार को कहीं से लौटकर बाइक से अपने घर जा रहे थे।

अभी बिलरियागंज विद्युत उपकेंद्र तक पहुंचे थे कि जीयनपुर की तरफ से तेज गति से आ रही मैजिक गाड़ी ने बाइक चालकों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे बिरजू और रवि बुरी तरह घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरियागंज ले गए, जहां डाक्टरों ने बिरजू को मृत घोषित कर दिया। वहीं रवि का इलाज चल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

## संक्षेप

### पल्स पोलियो : फूलपुर में एसडीएम ने किया अभियान का आरंभ



**फूलपुर (आजमगढ़)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर परिसर में पोलियो प्रतिरक्षण अभियान कार्यक्रम का आरंभ एसडीएम एसएन त्रिपाठी ने बूथ का फीता काटकर व नौनिहाल को ड्राप पिलाकर किया। समस्त लोगों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने एवं अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को स्थानीय बूथ पर ले जाकर पोलियो ड्राप अवश्य पिलाने एवं अभियान के सफल बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक शशिकांत, वरिष्ठ नेत्र रोग परीक्षण अधिकारी आरवी वर्मा, सहायक शोध अधिकारी उमेश कुमार यादव, स्वास्थ्य अधिकारी अजीम, यूनिसेफ प्रतिनिधि कुलभूषण द्विवेदी, डब्लूएचओ प्रतिनिधि अमित चौहान, वैक्सीनेटर आरती रानी आदि उपस्थिति रहीं।

### मंद बुद्धि बच्ची को बरामद कर पुलिस ने लौटाई खुशियां



**आजमगढ़।** बच्चा चाहे जैसा भी हो, लेकिन माता-पिता के कलेजे का टुकड़ा होता है और इस दर्द को समझा जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने। उसने गायब नौ साल की मंद बुद्धि बच्ची को बरामद कर परिवार की खुशियां लौटा दी। इस मामले में चार दिसंबर को एक व्यक्ति ने जीयनपुर कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी थी। बताया कि मंद बुद्धि नौ वर्षीय पुत्री दो दिसंबर की दोपहर बाद दो बजे बजे घर के सामने खेल रही थी और खेलते-खेलते गायब हो गई।इस आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी। इस क्रम में रविवार को उप निरीक्षक अजय यादव ने टीम के साथ सूचना के आधार पर गुमशुदा बच्ची को वन स्टाप सेंटर मऊ से बरामद किया, जिसे नियमानुसार उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### मुंबई इंटरनेशनल की टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब



**आजमगढ़।** बच्चों को खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन श्री दुर्गा जी इंटर कॉलेज सेहदा के प्रांगण में किया गया। आठ ओवर के मैच काफी कड़ी स्पर्धा देखने को मिली। मैच में विजेता ने 80 रन तो वहीं उपविजेता ने 40 रन बनाए। विजेता मुंबई इंटरनेशनल आजमगढ़ की टीम रही, तो उपविजेता का खिताब श्री दुर्गा जी पब्लिक स्कूल की टीम के नाम रहा। उपविजेता टीम के असीम आसिफ को मैन ऑफ द मैच का खिलाफ दिया गया। विजेता एवं उपविजेता टीम को विद्यालय के राजन यादव ने ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया। विजेता टीम के कप्तान अब्दुल रहमान उप कप्तान अनस खान एवं टीम मेंबर उज्जवल वर्मा, दीपक गुप्ता, वाजिद शौर्य पाठक, एजान, आहिल, आर्यन, मोहम्मद शाद, हम्माद आदि में खुशी के साथ-साथ काफी उत्साह देखने को मिला टूर्नामेंट के दौरानविद्यालय प्रधानाचार्य अजीत यादव, उप प्रधानाचार्य केके, खेल प्रशिक्षक अनिल यादव, आमिर खान, शरद गुप्ता, पवन, अर्जुन, यमुना आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### सरायमीर स्टेशन पर उतरे अग्निवीरों का जमकर हुआ स्वागत



**दीदारगंज (आजमगढ़)।** मार्टीनगंज तहसील क्षेत्र के सहिजना गांव निवासी निखिल मौर्य पुत्र शैलेश मौर्य एवं निलेश बरनवाल पुत्र ओमप्रकाश बरनवाल अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर जब सरायमीर स्टेशन पर ट्रेन से उतरे, तो पहले से इंतजार कर रहे शुभचिंतकों ने जमकर स्वागत किया। सभी ने दोनों जवानों को माल्यार्पण करने के साथ उनके स्वागत में भारत माता के जयकारे लगाए। घर पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत समारोह कर दोनों अग्निवीरों का गर्मजोशी से फूलमाला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। निखिल मौर्य की इंटर तक की शिक्षा गद्दोपुर स्थित जगत इंटर कालेज निलेश्वर बरनवाल की इंटर की शिक्षा श्रीशंकर जी इंटर कालेज पुष्पनगर से हुई। निखिल मौर्य ने गोवा में ट्रेनिंग ली, वहीं निलेश्वर बरनवाल ने लखनऊ में ट्रेनिंग ली है। निखिल मौर्य ने बताया कि मेरा बचपन से ही सपना था कि सेना में भर्ती होकर देश सेवा करें, जो आज पूरा हुआ। इसका श्रेय माता-पिता को है। निलेश्वर बरनवाल का भी सपना देश सेवा का था जो जो आज साकार हुआ है। इन्होंनें इसका श्रेय अपने बड़े भाई दीपक बरनवाल को दिया। गांव के दोनों समुदाय के लोगों ने गंगाजमुनी तहजीब को साकार किया है। स्वागत करने वालों में समाजसेवी मोअज्जम, अबूफहद, शिवनरायन बरनवाल, शिवम मौर्य, सौरभ बरनवाल, मोहम्मद साबिर, सर्फुद्दीन, महेंद्र मौर्य, शैलेश मौर्य, अल्ताफ आजमी आदि उपस्थित थे।

### वाहन की टक्कर से अंबेडकर प्रतिमा का पिलर व गुंबद क्षतिग्रस्त



**मेंहनगर (आजमगढ़)।** क्षेत्र के अक्षयबर पुलिया के पास स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल का पिलर और गुंबद क्षतिग्रस्त होने की जानकारी पर लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। इसकी जानकारी लोगों को रविवार की भोर में हुई। माना जा रहा है कि छतवारा की तरफ से आ रहे ट्रक की टक्कर से ऐसा हुआ होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल टैक्स बचाने के चक्कर में ट्रक वाले अक्सर ऊंची गोदाम से मुड़कर मेंहनगर होते हुए बिंद्राबाजार की ओर से बनारस चले जाते हैं। मूर्ति क्षतिग्रस्त की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अनुराग कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। वहीं सूचना मिलते ही पूर्व सांसद डॉ. बलिराम मौके पर पहुंचे। पूर्व सांसद ने मूर्ति के क्षतिग्रस्त होने की निंदा की। लोगों को विश्वास दिलाया कि पुनः मूर्ति का निर्माण कराया जाएगा।

### नारी शक्ति को जगाया, बढ़ाया आत्मविश्वास



**आजमगढ़।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-05 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया गया। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में समस्त थानो में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नंबरों व राज्य महिला आयोग के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं/ छात्राओं को जागरूक किया गया।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री का पौधा देकर स्वागत



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री राघवेंद्र श्रीवास्तव के जनपद में आगमन पर सठियांव में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही जनपद इकाई की ओर से उन्हें गुलदावरी व अशोक का पौधा भेंट कर संदेश दिया गया कि यहां के लोग वायु प्रदूषण कम करे के प्रति सजग रहते हैं। स्वागत से अभिभूत राघवेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यहां के कर्मचारियों का कार्य सराहनीय है। सभी लोग अपने ग्राम पंचायत में सफाई के साथ इसी तरह से एक पौधा भी लगाते रहिए। इस दौरान ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सीपी यादव, जिला महामंत्री ओंकारनाथ, कोषाध्यक्ष राजेंद्र चौहान, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया, जिला संगठन मंत्री अखिलेश कुमार यादव, जिला पर्यवेक्षक जिलाजीत राय, जहानागंज ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप यादव, पल्हनी ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार यादव, सठियांव ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, विनोद कुमार, संजय यादव, बृजेश चौहान, जनार्दन यादव, मुरली यादव, राधेश्याम विनोद, कुमार यादव, सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।

## गायब मोबाइल फोन पाकर खिले 85 लोगों के चेहरे


पुलिस लाइन में गायब मोबाइल फोन के साथ खड़े लोग।

**आजमगढ़।** पुलिस ने गायब हो चुके 85 एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपा, तो सभी के चेहरे खिल उठे। बरामद मोबाइल फोन की कीमत लगभग 17 लाख रुपये आंकी गई है। इस प्रकार वर्ष भर में अब तक कुल 1005 एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 66 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है, जिन्हें बरामद करने हेतु सीसीटीएनएस प्रभारी को निर्देशित किया गया था। माह फरवरी से गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा माह फरवरी से अक्टूबर 2024 तक कुल 920 एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए जा चुके हैं। इसी क्रम में नवंबर महीने में पुलिस द्वारा 85 एंड्रायड मोबाइल फोन सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में बरामद मोबाइल फोन को प्रत्येक स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

## सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

जनसंदेश न्यूज

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के खानपुर में 28 नवंबर को हुए सड़क हादसे में घायल 26 वर्षीय फरह की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। वह संजरपुर गांव की निवासी थीं।हादसे के समय अपने पिता के साथ बाइक से सरायमीर जा रही थीं, तभी रास्ते में एक कार से उनकी बाइक टकरा गई। गिरने के बाद पीछे से आ रहा ट्रक फरह के दोनों पैरों को कुचल दिया था।

घायल फरह को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी रही। डाक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया। परिजनों ने लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। फरह की अचानक मृत्यु से परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज


निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन करते विद्युत कर्मचारी।

**आजमगढ़।** निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने सभा कर निजीकरण प्रस्ताव वापस लेने की मांग की है। सिधारी हाइडिल परिसर में शनिवार की देर शाम संयुक्त संघर्ष समिति के नेता प्रभु नारायण पांडे प्रेमी के नेतृत्व व मुनौव्वर अली की अध्यक्षता में विरोध सभा का आयोजन हुआ। कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में कार्यालय समय के उपरांत शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया।

सभा को जिले के ऑटो रिक्शा चालक समिति ने भी समर्थन दिया। बिजली कर्मचारियों ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में सबसे बड़े स्टेकहोल्डर बिजली के उपभोक्ता और बिजली के कर्मचारी हैं। आम उपभोक्ताओं और कर्मचारियों की राय लिए बिना निजीकरण की कोई प्रक्रिया शुरू न की जाए। साथ ही संघर्ष समिति ने मांग की कि अरबों खरबों रुपये की बिजली की संपत्तियों एक कमेटी बनाकर, जिसमें कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के प्रतिनिधि भी हों, मूल्यांकन किया जाए और जब तक यह मूल्यांकन सार्वजनिक न हो तब तक निजीकरण की कोई प्रक्रिया शुरू करना संदेह के घेरे में होगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण से कर्मचारियों की सेवा शर्तें तो प्रभावित होती ही हैं कर्मचारियों के साथ ही सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव आम घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों और गरीब उपभोक्ताओं पर पड़ता है। निजीकरण के नाम पर आम उपभोक्ता ठगा जाएगा। निजी कंपनियां मुनाफे के लिए काम करती हैं जबकि सरकारी कंपनी सेवा के लिए काम करती है।

कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि प्रदेश की आम जनता और कर्मचारियों के हित में बिजली का निजीकरण पूरी तरह अस्वीकार्य है और लोकतांत्रिक ढंग से निजीकरण को समाप्त करने हेतु सभी प्रयास किए जाएंगे।

# लोहे की पाइप के सहारे फंदे से लटककर महिला ने दी जान

**दु:खद**

### अतरौलिया थाना के छितौनी गांव में हुई घटना से परिवार अवाक

### बचा लेने की उम्मीद में अस्पताल ले जाना भी हुआ बेकार

जनसंदेश न्यूज


महिला की मौत के बाद घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

**अतरौलिया(आजमगढ़)।** क्षेत्र के छितौनी गांव में शनिवार की शाम एक महिला ने लोहे की पाइप के सहारे फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। हालांकि, मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे उतारकर बचा लेने की उम्मीद में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इस बीच सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने अपने स्तर से पड़ताल शुरू कर दी। घटना की जानकारी मायके वालों को दी गई, लेकिन उनकी ओर से कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई थी।

छितौनी गांव निवासी शर्मिला देवी पत्नी अजय कुमार उम्र 35 वर्ष शनिवार की शाम अपने कमरे में थी। परिवार के लोग भी कमरे के बाहर ही थे, लेकिन किसी को उसके इरादे का आभास नहीं हो सका। जानकारी हुई तो परिजनों ने आनन-फानन उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना देते हुए नजदीकी 100 शैय्या अस्पताल व एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मृतका के मायके फोन कर इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक संतोष कुमार भी घटनास्थल पर पहुंच गए और फोरेंसिक टीम बुलाकर घटना की जांच में जुट गए। मृतका की शादी 2003 में अजय कुमार के साथ हुई थी जो रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। मृतका के दो पुत्री गुंजा 15 वर्ष, सिद्धू 5 वर्ष तथा पुत्र सौरभ 12 वर्ष है।

मृतका का मायका अहिरौला थाना क्षेत्र के परगाशपुर में है। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। हालांकि मृतका के मायके की तरफ से समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई थी।फिलहाल पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी थी।

## नाला निर्माण के साथ शुरू हो गया अतिक्रमण

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** ब्लाक क्षेत्र के ऊंजीगोदाम बाजार में नाला निर्माण होते ही अतिक्रमण होने लगा है। इससे लोगो में रोष है। ऊंजीगोदाम बाजार में सड़क पटरी के किनारे पानी निकास की लंबे समय से समस्या थी। बारिश के साथ लोगों के घरों का भी पानी सड़क पर जमा हो जा रहा था। समस्या को लेकर नागरिकों ने कई बार आवाज उठाई, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। ग्राम प्रधान रवि विश्वकर्मा ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई। एक पखवाड़े से नाला निर्माण शुरू हुआ। नाला निर्माण की प्रक्रिया भी काफी हद तक पूरी हो चुकी है।इधर नाले के सामने मिट्टी, ईंट आदि से नाले का अतिक्रमण शुरू हो गया। अतिक्रमण से फिर जगह-जगह नाला ध्वस्त हो जाएगा। अतिक्रमण को लेकर लोगों में रोष है।जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

## सीएमओ कार्यालय के स्टोर रूम में लगी आग से मचा हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

**पटवध (आजमगढ़)।** सीएमओ कार्यालय की छत के ऊपर स्टोर रूम में रविवार को आग लगने से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबूपाया। सीएमओ कार्यालय की छत पर एक स्टोर रूम बना हुआ है, जिसमें पुराने अभिलेख रखे जाते हैं। उसमें आग लगने की खबर पर पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर सारे कर्मचारी उपस्थित हो गए और फायर ब्रिगेड को फोन किया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर किसी तरह से काबू पाया। छत पर बगल में दरवाजे और खिड़कियों पर वेल्डिंग का काम चल रहा था। माना जा रहा है कि वेल्डिंग की चिंगारी छिटककर स्टोर में चली गई और आग पकड़ लिया होगा।इससे स्टोर में रखे सारे कागजात और फर्नीचर जलकर खाक हो गए। अच्छाई यह रही कि कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। स्टोर में रखे सारे कागजात कोरोना काल के बताए जा रहे हैं। इस बाबत मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि स्टोर में बहुत महत्वपूर्ण कागज नहीं थे। अब यह जांच का विषय है कि क्या नुकसान हुआ है।


सीएमओ कार्यालय की छत पर आग बुझाते फायर कर्मी।

## मारपीट और चाकूबाजी में मां समेत तीन घायल

जनसंदेश न्यूज

**विवाद**

### पिता व उसके दो बेटे गिरफ्तार चाकू व लाठी-डंडा बरामद

### रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर शुरू हुआ था विवाद

**आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अशरफपुर में शनिवार की शाम दो पक्षों में हुए विवाद के बाद एक पक्ष हमलावर हो गया। चाकू और लाठी-डंडे से किए गए वार में तीन महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। एएसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद शुरू हुआ था जो बाद में मारपीट में तब्दील हो गया। इस मामले में आरोपित पिता व उसके दो बेटों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस मामले में शनिवार की शाम मो. वाजिद द्वारा थाने पर आकर तहरीर दी गई थी कि पड़ोसी फाजिल उर्फ आसिफ घर आकर छोटे भाई मो. आबिद को अपशब्द बोलने लगे, तो भाई को समझा-बुझाकर घर में बुला लिया। फिर कुछ समय बाद पुनः फाजिल उर्फ आसिफ अपने भाई हारिश व उनके पिता हारून घर पर आ गए और भाई आबिद को मारने-पीटने लगे और उसके सीने में धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह लहुलुहान हो गया। जब मांमुस्तरी के साथ उसे बचाने गया तो वह लोग हम लोगों को भी मारने-पीटने लगे। शोर मचाने पर आस-पास के लोग आ गए, तो वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस संबंध में पुलिस ने फाजिल उर्फ आसिफ, हारिश व हारून के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। रविवार को उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप यादव ने टीम के साथ फाजिल उर्फ आसिफ, हारिश व हारून को खालिसपुर सगड़ी नहर पुलिया के पास से सुबह लगभग नौ बजे घटना में प्रयुक्त चाकू व लाठी-डंडे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### सफलता की पहली सीढ़ी अनुशासन व लक्ष्य: आजाद भगत सिंह

**आजमगढ़।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के 32वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन श्री शंकर जी इंटर कालेज कटवा गहजी में किया गया। इसमें विभिन्न कालेजों की कुल 20 टीमों ने सहभागिता की। शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह व विशिष्ट अतिथि तहसीलदार बूढ़नपुर अरुण वर्मा, डॉ अशोक सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर धूप दीप और माल्यार्पण कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, नृत्य आदि प्रतिभागी टीमों द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियों ने स्काउट और गाइड के प्रतीक ध्वज का ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात स्काउट की सभी टीमों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। मुख्य अतिथि एडीएम वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह ने कहा कि जीवन में खेल का अपना महत्व है और सभी प्रतिभागी खेल भवना से खेलें। हमारे जीवन में अनुशासन एक महत्वपूर्ण बिंदु है और सफलता की सीढ़ी अनुशासन से होकर निकलती है। हम अनुशासन में रहते हुए अपने लक्ष्य को निश्चित तौर पर अपने सामने रखें, तो सफलता खुद-ब-खुद हमारे कदम चूमेगी। कहा कि छात्र जीवन में एकाग्रता की जरूरत होती है। आयोजक गहजी इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. अशोक सिंह, प्रधानाचार्य प्रवीण सिंह द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न व बैज लगाकर सम्मानित किया गया। 11 दिसंबर से इसी जगह पर तीन दिवसीय मंडलीय स्काउट और गाइड प्रतियोगिता का आयोजन होगा जो 13 दिसंबर तक चलेगा। संचालन स्काउट मास्टर दिनेश सिंह ने किया। डॉ. अशोक सिंह, प्रधानाचार्य प्रवीण सिंह, नौशाद अली सिद्दीकी, आदि स्कूलों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# गंगा की सहायक नदियों को भी स्वच्छ करने का लक्ष्य: रामाशीष

**बैठक**

### सरस्वती शिशु मंदिर में गंगा समग्र गोरक्ष प्रांत की बैठक

### जनपद में बहने वाली तमसा नदी को भी किया गया शामिल

जनसंदेश न्यूज


गंगा समग्र की बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष।

**आजमगढ़।** गंगा समग्र गोरक्ष प्रांत की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर नगरपालिका में रविवार को आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने दीप प्रज्वलित कर किया। बतौर मुख्य अतिथि रामाशीष ने कहा कि 2025 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक के सौ वर्ष पूर्ण होने पर गंगा की सहायक नदियों को भी स्वच्छ करने का गंगा समग्र का लक्ष्य है, जिसमें जनपद में बहने वाली तमसा नदी को भी शामिल किया गया है।

उन्होंने गंगा के धार्मिक महत्व की चर्चा करते हुए उसके निर्मल और अविरल होने पर जोर दिया और कहा कि गंगा को स्वच्छ करने के लिए सहायक नदियों का स्वच्छ होना आवश्यक है। जिसके लिए गंगा समग्र सतत प्रयासरत है और प्रयागराज महाकुंभ में गंगा समग्र महासंगम में विशेष निर्णय लिए जाएंगे। प्रांत संयोजक राज किशोर मिश्र ने बताया 2025 में गंगा समग्र का लक्ष्य हर जिले मे कम से कम सौ हरिशंकरी पौधे लगाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सहायक नदियों की स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान में जी जान से जुटकर जल और वायु प्रदूषण से मुक्ति में अपना विशेष योगदान दें। बैठक संयोजक व आर्यमगढ़ विभाग के संरक्षक सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने अतिथियों का स्वागत किया। राजनारायण तिवारी, विजय राज, अजय राय, डॉ. एचएन पाठक, दिलीप, पंकज मिश्रा, विवेकानंद मिश्र, अवधेश सिंह, राजेश रंजन, रामवृक्ष गिरी, डॉ. मृदुला मिश्रा, भारती सिंह, डॉ. वीना गुप्ता, मिथिलेश पांडेय, महिमा तिवारी,अनिल शंकर श्रीवास्तव, अजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# धर्म की रक्षा के लिए कार्य कर रहा विश्व हिंदू परिषद: नरसिंह

बैठक

## विहिप की बैठक में महाकुंभ पर हुई चर्चा दी गयी जिम्मेदारी

जनसंदेश न्यूज



बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रांत प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी

**चोपन।** विश्व हिंदू परिषद जिला टोली की बैठक जिलाध्यक्ष विद्या शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में स्थानीय देवेंद्र शास्त्री गार्डन में हुई। इसमें मुख्य अतिथि नरसिंह त्रिपाठी प्रांत प्रमुख धर्म प्रसार रहे। मुख्य अतिथि ने महाकुंभ को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि संत और सिद्ध पुरुषों द्वारा स्थापित ईश्वर अवतारी संगठन विश्व हिंदू परिषद हिंदू समाज के संरक्षण संवर्धन के लिए निरंतरता के साथ काम कर रहा है। इसके सुव्यवस्थित संचालन के लिए संगठन वर्ष में एक बार धर्म रक्षा निधि अर्पण का कार्यक्रम संचालित करता है। सर्वप्रथम प्रखंड स्तर पर टोली निर्माण कर उनके जरिए हर घर तक पहुंचकर हिंदू जनमानस के प्रत्येक सनातनी से धर्म रक्षण निधि अर्पण प्राप्त करने की रणनीति बनाई गई। सभी प्रखंडों के प्रमुख लोगों को टोली प्रमुख बनाया गया है। जिले के आठ प्रखंडों के लिए टोलियों का निर्माण कर उन्हें धर्म रक्षा निधिअर्पण का कूपन प्रदान किया गया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष विद्या शंकर पांडे ने प्रयाग में आयोजित महाकुंभ के व्यवस्थापन पर विविध तर्कों के जरिए कुंभ की महिमा बताते हुए संगठन द्वारा अपेक्षित अन्न संग्रह, जन संग्रह और धन संग्रह के कार्य में कार्यकताओं का सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि पूर्व समय में कल्पवास के लिए हमारे पूर्वज गठरी बांधकर दान पुण्य के लिएमहाकुंभ जाया करते थे, आज के भौतिकवादी समय में तमाम धर्म प्रज्ञ जन अपनी श्रद्धा का समर्पण इस सनातन महापर्व में नहीं कर पाते हैं। इसलिए कार्यकताओं के जरिए उनके अर्पण समर्पण को महाकुंभ के पूर्ण आयोजन में अर्पण संग्रहित कर उसे व्यवस्थित पटल तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर जयप्रकाश चतुर्वेदी, संतोष कुमार पांडे, कृष्ण भूषण पांडे, मनीष तिवारी, श्रवण तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, प्रदीप देव, अजय सिंह, सोनू मोदनवाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्रों ने बांधा समा

वार्षिकोत्सव

## मेधावी छात्र-छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज



वार्षिकोत्सव में शामिल अतिथिगण व छात्राएं

**सोनभद्र।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उम्मीद संस्था का वार्षिकोत्सव मुसही स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम बीएन सिंह ने दी प्रज्वलित कर किया। संस्था के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डा. रवि प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि संस्थान में वर्तमान में 300 से अधिक बच्चों को कक्षा एक से 12 वीं तक की शिक्षा निःशुल्क प्रदान करा रही है। संस्था में प्रतियोगी परीक्षाओं जेईई मेंस, नवोदय, सीयूईटी, सीएचस की तैयारी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा निःशुल्क कराई जाती है।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने लघु नाटिका, गायन तथा रैंप वॉक की प्रस्तुति की। संस्थान में पढ़कर जेईई मेंस उत्तीर्ण करते हुए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छह छात्र-छात्राओं तथा हाईस्कूल एग्जाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आठ छात्रों को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि उम्मीद संस्था के माध्यम से समाज के ऐसे बच्चों को तरासने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान समय में शिक्षा ग्रहण करने में छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे समय में बच्चों को इस संस्था द्वारा बेहतर शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है। ज़िलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ऐसे बच्चों को शिक्षा देने वाली संस्था को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। प्रधान द्वारा यदि भूमि उपलब्ध करा दी जाती है तो बच्चों के शिक्षा हेतु जिला प्रशासन के माध्यम से एक भवन का निर्माण कराया जाएगा। इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक ने बताया कि यह समाज के लिए बहुत अच्छी पहल है। प्रशांत पाण्डेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभिभावकों, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं, कॉलेज प्रशासन तथा वहां उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को उपहार स्वरूप कापी और पेन का वितरण किया गया। इस मौके पर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के कुलसचिव आमोद तिवारी, संकाय सदस्य कल्पना सिंह, अरविंद तिवारी, रोहित शुक्ला समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### डीजल टैंकर पलटा, 18 घंटे बाद निकाला गया चालक



टैंकर को पानी से निकालती क्रेन

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के झारोखुर्द गांव में रेलवे गेट के किनारे शनिवार की रात खाई में एक अनियंत्रित डीजल टैंकर पलट गया। रेस्क्यू कर चालक को 18 घंटे बाद बाहर निकाला गया। बताया गया कि दुद्धी से आश्रम की ओर डीजल टैंकर जा रहा था। झारोखुर्द के रेलवे क्रॉसिंग पार करते ही रेलवे गेट के बीच से ही बेकाबू हुआ टैंकर रेलवे गेट की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 30 फीट नीचे पानी भरे खाई में जाकर पलट गया। हादसे में चालक वाहन में गंभीर तरीके से फंस गया। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना स्थल पर मय फोर्स के साथ पहुंचे सीओ प्रदीप सिंह चंदेल, कोतवाल मनोज कुमार सिंह चालक को निकालने में जुट रहे। चालक राममूरत पुत्र घुरहू यादव निवासी निजामाबाद आजमगढ़ करीब 18 घंटे बाद हिंडाल्को क्रेन के सहारे कटर से काटकर टैंकर से बाहर निकाला गया। चालक के बाहर निकलते ही पुलिस ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी भेज दिया। जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### पांच वैवाहिक जोड़ों की हुई काउंसलिंग, दंपति साथ रहने को राजी

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में रविवार को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 5 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया, जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए। इसके अतिरिक्त 2 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गई। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष ने परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग कर पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया।

### 22वीं मंडलीय स्काउट गाइड रैली शुरू, छात्रों ने किया मार्च पास्ट

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज के हाइडिल मैदान में तीन दिवसीय 22वी मंडलीय स्काउट और गाइड रैली का रंगारंग शुभारंभ हुआ। रैली में भदोही, मिर्जापुर और सोनभद्र के कई विद्यालय के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि संयोजक/संयुक्त शिक्षा निदेशक विंध्याचल मंडल मिर्जापुर उदयभान ने ध्वजारोहण कर रैली का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से आये प्रतिभागी स्काउट एवं गाइड छात्र छात्राओं ने मार्च पास्ट निकाला। मार्च पास्ट की सलामी मुख्य अतिथि ने ली। कार्यक्रम के आयोजक/आदर्श इंटर कालेज राबर्ट्सगंज के प्रधानाचार्य संतोष मौर्य ने बैज अलंकरण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि स्काउट गाइड एक ऐसी संस्था है जो निःस्वार्थ भाव से बिना किसी भेद भाव के समाज एवं राष्ट्र सेवा करती है। उन्होंने छात्र छात्राओं को अपने गुरुजनों माता पिता का सम्मान, आदर, सदैव सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

### पुलिस ने बरामद किया खोया मोबाइल

**रामगढ़।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी का खोया हुआ मोबाइल पुलिस ने बरामद कर सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि बृजेंद्र कुमार मोदनवाल निवासी ग्राम शाहपुर, पन्नूगंज का मोबाइल बीते चार दिसंबर को खो गया था। पन्नूगंज साइबर टीम ने प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में मोबाइल बरामद कर बृजेंद्र कुमार को सुपुर्द कर दिया।

### लहसुन का बीज न मिलने पर भड़के किसान, किया प्रदर्शन

**सोनभद्र।** केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए बीजों पर भारी छूट दे रही है, लेकिन इसका लाभ कुछ ही किसानों को नहीं मिल रहा है। जिससे आक्रोशित किसानों ने जिला उद्यान विभाग कार्यालय के सामने लहसुन का बीज न मिलने पर अधिकारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि लहसुन का बीज देने के लिए दो दिन का समय दिया गया था। जिसमें एक दिन ही बीज वितरण कर सूची लटका दी गई। वहीं दूसरे दिन जब दूर दराज ब्लॉकों से दर्जनों किसान पहुंचे तो विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बीज समाप्त हो गया है। किसानों ने बताया कि विभागीय अधिकारी मिलीभगत से कार्य कर रहे हैं। अगर बीज नहीं वितरित करना था या चिन्हित लोगों को ही देना था तो लोगों को सूचित कर देना चाहिए था। किसानों ने जिलाधिकारी से जांच दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस मौके पर पुराण गिरि, लल्लन, संतोष, राजकुमार, सुरेश सिंह, हीरालाल, लालजी, राजकुमार, रामविलास, राजेश, रामधनी, लालवर्ती समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने चलाया संविधान रक्षक अभियान, किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस नेता आशुतोष दूबे

**सोनभद्र।** सदर ब्लॉक के पाली ग्राम की दलित बस्ती में कांग्रेसियों ने संविधान की रक्षा और इसके सिद्धांतों के प्रति पार्टी के समर्पण पर जोर देने के लिए संविधान रक्षक अभियान चलाया। आशुतोष कुमार दुबे ने कहा कि इस समय सरकार द्वारा संविधान की नींव को कमजोर करने और सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को कम करने के लिए व्यवस्थित प्रयास किया जा रहा है, उसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने संविधान और समानता की लड़ाई के तहत लोगों को जागरूक कर रही है। पार्टी ने कहा कि भारत में असमानता की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। इस दिशा में वर्तमान सरकार पूरी तरह विफल रही है।

साथ ही एससीएसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, विमुक्त जनजाति, महिलाएं, बुजुर्ग और युवाओं को साथ लेकर चलना व उनके अधिकारों का बोध कराना है। कहा कि वर्तमान स्थिति में हर वर्ग परेशान है, जहां महंगाई चरम सीमा पर है तो वहीं रोजगार भी नहीं मिल रहा है। एक ओर किसान परेशान है, वहीं दूसरी ओर व्यापारी भी परेशान है। ओम प्रकाश भारती ने कहा कि इस सरकार में दलितों का शोषण हो रहा है वहीं दूसरी ओर उनके बच्चे आगे की नहीं बढ़ पा रहे हैं। अंशु गुप्ता ने कहा कि युवा महंगाई में परेशान हैं। इस सरकार में मनमाना रूप से हुई फीस बढ़ोतरी से युवा पढ़ाई में भी पीछे हो रहे हैं। हीरालाल भारती ने कहा कि दलितों की बस्ती में न तो नाली की सुविधा है, न सड़क की। मंगरी भारती ने कहा कि पानी लेने के लिए दूर जाना पड़ता है। इस मौके पर मुन्नी भारती, दयाराम प्रजापति, अनिल चौबे, शांति भारती, फूलन भारती, हरि गोविंद भारती, आशीष राम, बाबूलाल, राजकुमार भारती, राजू कुमार, प्रमोद कुमार, रोहित भारती आदि उपस्थित रहे।

## किसानों को सिखाये गये कम पानी में खेती करने के गुर




कार्यक्रम में शामिल लोग

**डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के निर्देशन व मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत के मार्गदर्शन में रविवार को सीएसआर सतत आजीविका कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि जागरूकता हेतु किसानों को क्षेत्रीय भ्रमण कराया गया। अल्ट्राटेक सीएसआर प्रमुख रमेश पांडेय ने बताया कि विधान संस्था के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्र के 40 से अधिक किसानों के लिए रेणुकूट विधान जैव विविधता केंद्र रनटोला म्योरपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वाटरशेड मैनेजमेंट पर किए गए कार्यों को किसानों को दिखाया। बताया गया कि आप भी कम पानी में इस तरीके से खेती कर सकते हैं। कार्यक्रम में शामिल विधान संस्था के प्रमुख प्रत्यूष त्रिपाठी एवं उनकी टीम ने किसानों को जागरूक किया। संचालन सीएसआर से रोहित श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक वसीम अकरम, सुशील कुमार, सुरेश दुबे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# युवाओं के बल पर ही चलता है संगठन-रामनिहोर यादव

बैठक

## सपा कार्यालय पर संपन्न हुई युवा प्रकोष्ठों की मासिक बैठक

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** समाजवादी युवा प्रकोष्ठों की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पार्टी जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष रामप्यारे सिंह पटेल व सुरेश यादव रहे। इस दौरान पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गयी। जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि पार्टी की रीढ़ युवा ही होता है। युवाओं के ही बल पर समाजवादी पार्टी का संगठन चलता है। युवाओं के संगठन से ही पार्टी का सांसद, विधायक बनता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया और अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में युवाओं को रोजगार देकर उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि युवा एक ऐसी शक्ति है जो हमेशा हर मुकाम पर खड़ा रहती है। इसलिए युवाओं की जिम्मेदारी है कि आप लोग गांव-गांव जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को बताते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करें। सत्यम पांडे व ज्यूतेश गौतम ने कहा कि हम युवाओं की जिम्मेदारी है कि हम लोग हर बूथ पर जाकर संगठन को मजबूत करें। वहीं भाजपा छोड़ मदन मिश्रा अपने दर्जनों कार्यकताओं के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ने माला पहनकार सभी का स्वागत किया गया। इस मौके पर राम यासीन, अमित मिश्रा, रितेश तिवारी, इमरान खान, रोहित, इमरान अहमद, अंकित मिश्रा, सुशील राय, आदिल अंसारी, अजय पटेल, युवराज, नीरज कुमार, शिवम राव, धीरज त्रिपाठी, मदन मोहन मिश्रा, दिनेश यादव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व पीएम की जयंती के लिए तैयारी पर हुई चर्चा

**सोनभद्र।** 24 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में अटल उपवन सेवा ट्रस्ट की बैठक अटल उपवन कैथी में संपन्न हुई। इस दौरान पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने बताया कि प्रभारी मंत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर मुन्नू सिंह, दिलीप चौबे, सुखराज, राजाराम, श्याम नारायण चौहान, राजेश पटेल, सुभाष पाठक, मदन मोहन पाठक, रामकुमार पटेल, सुरेन्द्र चौहान, बृजेश, विनय पाठक, कन्हैया चौहान आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को नशा उन्मूलन के प्रति किया गया जागरूक

जनचौपाल

## नशे के विरुद्ध पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की

जनसंदेश न्यूज



महिलाओं को जागरूक करते लोग

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में जनपद में नशे की रोकथाम को लेकर चलाये जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के क्रम में रविवार को क्षेत्र के ग्राम सभा बरेला में स्वयंसेवी संगठनों व स्थानीय लोगों के साथ जनचौपाल आयोजित कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी लेते हुए नशामुक्ति के प्रति जागरूक कर उनके निस्तारण का प्रयास करने का भरोसा दिलाया गया। जनचौपाल में लोगों को नशा उन्मूलन के विषय में जागरूक करते हुए नशे के विरुद्ध पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। प्रभारी निरीक्षक व महिला थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब एवं अन्य नशे के कारण न केवल हमारे शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ता है, बल्कि हमारा नैतिक एवं सामाजिक ह्रास भी होता है। इस पर जनजागरूकता फैला कर क्षेत्र को जहरीले मादक पदार्थों के सेवन से मुक्त कराने की जरूरत है। इस पर प्रभावी रोकथाम किया जाना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि ज्यादातर अवसरों पर घर की महिलाओं को भी इससे सम्बंधित उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। तत्पश्चात लोगों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें अच्छी शिक्षा देने हेतु प्रेरित किया गया। जिससे कि शिक्षित होने पर न केवल वे नशे से दूर रहेगें बल्कि उनको भविष्य में रोजगार के अवसर भी मिल सकेंगे।

# विजेताओं को बांटा गया प्रमाण पत्र

**रेणुकूट।** नगर स्थित सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय सेंट एबीआर पब्लिक स्कूल में शनिवार को इंटर स्कूल कंपटीशन व स्कूल फेस्ट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीन विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया, जिसमें अव्वल बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन आशीष सिंह ने बताया कि इंटर स्कूल कंपटीशन में सेंट एबीआर पब्लिक स्कूल, सेंट मैरी स्कूल दुद्धी व अरिस्टो एकेडमी विंढमगंज के कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के बीच म्यूजिक, डांस, फ्लेमलेस कुकिंग, मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग, गार्निश कंपटीशन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अव्वल आए बच्चों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

डांस कंपटीशन में एबीआर स्कूल की प्रिया ठाकुर पहले स्थान और अरिस्टो एकेडमी की अभिलाषा रानी ने दूसरा स्थान पाया। तीसरे स्थान पर सेंट मैरी स्कूल की विंसी रही। म्यूजिक में एबीआर की नव्या ने जूनियर वर्ग में पहला स्थान पाया, सीनियर वर्ग में पल्लवी सिंह पहले स्थान पर रही' पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में सेंट मैरी के अनुराग कुमार पहले सीनियर वर्ग में सेंट एबीआर की साहिबा पहले स्थान पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में एबीआर के आर्य सिंह व सीनियर वर्ग में संजना पटेल ने पहला स्थान पाया। सलाद डेकोरेशन में सावन सरोज और सत्यम यादव ने संयुक्त रूप से पहले स्थान पाया। वहीं सीनियर वर्ग में अंकित कुशवाहा और अभिषेक कुमार पहले स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से सेंट एबीआर की पलक सिद्दीकी, एकता पांडे व मानवी सिंह की टीम ने पहला स्थान पाया वहीं सीनियर वर्ग में अंजली कुमारी, अंजलि यादव व हर्षिता ने पहला स्थान पाया। प्रतियोगिता में अव्वल आये विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। निर्णायक सेंट मैरी के प्रबंधक फादर टाइटस लोबो केसरी देवी की पूर्व शिक्षिका वीणा वार्ष्णेय, मकसूद आलम, आशीष सिंह, मुकेश सिंह रहे। अंत में प्रधानाचार्य सिंह ने आभार जताया।

# शिविर में 73 दिव्यांगों के हाथ-पैर का लिया गया माप



शिविर में दिव्यांगों का माप लेते चिकित्सक

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** स्थानीय नगर के मुर्धवा में स्थित रोटरी क्लब द्वारा संचालित रोटरी बाल शिक्षा निकेतन परिसर में शनिवार को रोटरी क्लब रेणुकूट, रोटरी क्लब वाराणसी सनराइज, हिंडाल्को सीएसआर व बिड़ला कार्बन सीएसआर के संयुक्त तत्वाधान में कृत्रिम अंग जांच माप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 73 मरीजों का पंजीकरण किया गया। जिन्हें एक माह बाद कृत्रिम अंग बनकर आने के बाद शिविर लगाकर वितरित किया जाएगा। रोटरी क्लब के सचिव संजय रूंथला ने बताया कि शिविर में जनपद के कोने-कोने से आए दिव्यांगों के साथ झारखण्ड राज्य के गढ़वा, प्रतापगढ़, गाजीपुर, मध्य प्रदेश के बैढ़न से भी लोग पहुंचे। चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगों के हाथ पैर का माप लिया गया। क्लब की अध्यक्ष डा. नीलम त्रिपाठी ने कहा कि क्लब द्वारा समय-समय पर इस तरह के कृत्रिम अंग प्रदान किए जाते हैं। इस दौरान मानवता की थाली के प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा लोगों को फल व खाने का वितरण किया गया। इस मौके पर डा. डीपी सक्सेना, शशांक शेखर सिंह, शशि तिवारी, विशाल कश्यप, निवेदिता मुखर्जी, एके चौधरी, आस्था श्रीवास्तव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है हार्टफुलनेस ध्यान : गोपाल

**सोनभद्र।** जिला कारागार गुरमा में रविवार को पुरुष एवं महिला बंदियों को हार्टफुलनेस ध्यान कराया गया। हार्टफुलनेस ध्यान के इस सत्र से बंदियों ने थोड़े समय में ही आंतरिक शांति का अनुभव किया। मानसिक स्वास्थ्य के लिए हार्टफुलनेस ध्यान जरुरी है।हार्टफुलनेस ट्रेनर गोपाल ने बताया कि हम जो भी सोचते हैं या जो कुछ करते हैं उसकी एक छाप हमारे हृदय पर पड़ जाती है। यदि उनको तत्काल न हटाया गया तो वह संस्कार के रूप में हमारे भीतर इकट्ठा हो जाते हैं। जिससे हम अपने भीतर भारीपन महसूस करते हैं। यह हमारा आंतरिक बोझ है। यदि इसे समय रहते नहीं हटाया गया तो यह गंभीर मानसिक बीमारियों का कारण बन जाता है। आंतरिक शुद्धिकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया से हम वैचारिक प्रदूषण से बच जाते हैं। आंतरिक शुद्धिकरण की प्रक्रिया से हमारा मानसिक स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन बेहतर होता जाता है और हम चीजों को उसके वास्तविक रूप में देखने लगते हैं। इस मौके पर वॉलिंटियर प्रशांत, अचला, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.वैभव शर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सड़क मरम्मत को ग्रामीणों ने बुलंद की आवाज, दी आंदोलन की चेतावनी

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** लापता जर्जर सड़क की खोज में निकले पीडब्ल्यूडी और खंड विकास अधिकारी ने पांच महीने लगा दिए। लेकिन जर्जर सड़क की खोज अभी तक नही हो पाई। मामला दुद्धी कस्बा के सटे धनौरा गांव के रामनगर वार्ड 6 से धनौरा को जाने वाली जर्जर सड़क का है। बताया गया कि बीते 5 सालों से जर्जर अवस्था में सड़क पड़ी है। ग्रामीणों ने प्रधान सहित तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगातार शिकायत किया।

वहीं बीते 14 अगस्त को जर्जर सड़क बनवाने के लिए तहसील में शिकायत किया। लेकिन लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, लोक निर्माण विभाग द्वितीय व तृतीय सभी खंड में जांच होती रही। लेकिन इस सड़क का पता नहीं चल सका। ग्राम विकास अधिकारी ने इस सड़क की जांच के लिए दुद्धी ब्लाक के बीडीओ व सचिव को दे दिया। जबकि इस सड़क का निर्माण बीते 2020 में पूर्व विधायक हरिराम चेरो ने कराया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने पांच माह बीत जाने के बाद शनिवार को दुबारा जर्जर सड़क बनवाने की मांग किया।

मदन मोहन तिवारी, नीरज कुमार, सुधेश कुमार, भीम, मनोज पांडेय ने एसडीएम से मिलकर मार्ग मरम्मत की मांग किया। ग्रामीणों ने कहा कि समय से सड़क का कार्य नही होता है तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। एसडीएम निखिल यादव ने आश्वासन देते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग से जांच कराकर जल्द मरम्मत कार्य कराया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रक व ऑटो टक्कर में मासूम की मौत

जनसंदेश न्यूज

दु:खद

### बथावर के समीप हुआ हादसा, टेम्पो में सवार चार अन्य गंभीर रूप से घायल

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के बथावर गांव के समीप रविवार को लगभग शाम तीन बजे करीब सकलडीहा अलीनगर मार्ग पर ट्रक और ऑटो की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें टेम्पू में सवार 6 वर्षीय एक मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी। चालक सहित परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सकलडीहा सीएचसी पर भर्ती कराया गया।वही प्राथमिक इलाज के दौरान। सभी घायलों को चिकित्सक डा.बीके प्रसाद ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसा इतना भीषण था कि टेम्पू के परखचे उड़ गए।

घायल सभी बलुआ थाना क्षेत्र के नौदर से पड़ाव अपने नजदीकी रिश्तेदारी में जा रहे थे। इस घटना की जानकारी होते ही पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बलुआ थाना क्षेत्र के नौदर गांव निवासी फैयाज अहमद की पत्नी 45 वर्षीय सलीमा बनो अपने 26 वर्षीय पुत्र जलाउद्दीन 21 वर्षीय पुत्री नरगिस और अपनी बड़ी पुत्री सीमा के 6 वर्षीय बेटी अतिबा के साथ पड़ाव स्थित अपने नजदीक रिस्तेदारी सलमान के घर रिजर्व टेम्पू से जा रही थी। टेम्पू गांव का ही 35 वर्षीय मुहम्मद आमिर चला रहा था। टेम्पू जैसे ही सकलडीहा अलीनगर मार्ग पर बथावर गांव के पास पहुचा।

सामने से गिट्टी लदी ट्रक तेज रफ्तार में आ रहा था। तभी टेम्पू अनियंत्रित हो गयी। ट्रक और टेम्पू की आमने सामने टक्कर हो गयी। हादसा इतना भयानक था कि टेम्पू के परखचे उड गए। वहा चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगो ने एम्बुलेंस व प्राइवेट ऑटो की मदद से सभी घायलों को सकलडीहा सीएचसी पहुचाया। जहां चिकित्सक डा.बीके प्रसाद ने 6 वर्षीय अतिबा को मृत घोषित कर दिया। वही गम्भीर रूप से घायल सलमा, जलालुद्दीन, नरगिस व चालक मुहम्मद अमीर की गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया वही जिलाअस्पताल से सभी घायलों की हालत गंभीर होने पर इलाज के दौरान वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया एक मासूम की मौत और चार लोग गंभीर रूप से घायल है। जिन्हें जिला हास्पीटल भेजा गया है। ट्रक को पकड़ लिया गया है।



मृतक अतिबा।



सकलडीहा सीएचसी पर घायल परिवार के लोग रोते बिलखते।

### नानी के घर रहकर पढ़ती थी आतिबा

**सकलडीहा।** सैयदराजा कस्बा निवासी जावेद की बड़ी पुत्री आतिबा बचपन से ही अपने ननिहाल नौदर रहती थी। वह कक्षा एक में गांव के स्कूल में पढ़ती थी। नानी, मामा और मौसी के साथ पड़ाव रिश्तेदारी में जा रही थी। क्या पता कि परिवार पर दुरूखों का पहाड़ टूट जायेगा। घटना के बाद पिता जावेद और माता सीमा का रोते रोते बुरा हाल था।

# सकलडीहा में मीना बाजार के कारण फिर लगा भीषण जाम

**सकलडीहा।** सकलडीहा अलीनगर तिराहे के समीप तेन्दुईपुर में रविवार को एक बार फिर भीषण जाम लगने से वाहनों की लम्बी कतार लग गया। जाम के कारण सकलडीहा चहनिया, चंदौली और अलीनगर मार्ग पर पैदल चलना भी महिला और बच्चों का दूभर हो गया हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी सहित व्यापारियों ने आये दिन जाम की समस्या को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। व्यापारियों ने मीना बाजार तिराहे से अन्यत्र लगाये जाने की मांग किया।

सकलडीहा अलीनगर तिराहे पर प्रत्येक रविवार को मीना बाजार लगाया जाता है। तिराहे के समीप पटरी दुकान,वाहन स्टैंड व सब्जी दुकान के साथ मछली मंडी होने के कारण वैसे ही जाम लगी रहती है। रविवार को मीना बाजार के कारण आसपास दर्जनों गांव की महिलाये, बच्चे और बुर्जुग सामान खरीदने के लिये पैदल और वाहन से आते है। मीना बाजार के बाहर कोई वाहन स्टैंड तो दूर सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण जाम की भीषण समस्या हो जाता है। बीते दिनों मीना बाजार से सेवखर घर जाते समय एक छात्रा को डंफर ने रौंद दिया था। जिससे उसकी दर्दनाक मौत होगयी थी। जिसे लेकर भोजापुर में ग्रामीणों ने घंटों चक्का जाम किया था। इसके बाद भी तहसील और पुलिस प्रशासन के लोग असहाय और अनजान बने हुए है। व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी ने आरोप लगाया कि बगैर सुरक्षा और कोई सुरक्षा व्यवस्था के मीना बाजार तिराहे के समीप होने के कारण जाम की स्थिती हो जाती है। जिससे पैदल चलना तो दूर जाम में एम्बुलेंस सहित अन्य वाहन भी फंस जाते है। व्यापारियों ने जिला प्रशासन से मीना बाजार अन्यत्र लगाये जाने की मांग उठाया है। समस्या का समाधान नहीं होने पर व्यापारियों ने आन्दोलन की चेतावनी दिया है।



सकलडीहा बाजार में लगा जाम।

## संक्षेप

### रैथा में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आगाज

धीना। पूरे प्रदेश 8 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक चलाये जा रहे पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद चंदौली विकास खंड धानापुर अंतर्गत ग्राम सभा रैथा में स्थित सब सेंटर पर रविवार को एएनम रूपांजलिपटेल, आंगनबाड़ी मंजू कुशवाहा, आशा रीता देवी ने एक टीम के तहत सुबह से ही 5 साल के कुल 120 बच्चों को पोलियो दो बूंद खुराक पिलायी गयी। रैथा सब सेंटर पर कार्यरत एएनएम रूपांजलि पटेल ने पत्र प्रतिनिधियों से इस पोलियो बीमारी के संबंध में कहा कि यह पोलियोअत्यधिक संस्क्रद्यमक रोग है जो एक व्यक्ति से दूसरे ब्यक्ति में फैलता है जो मल मूत्र, दूषित पानी के द्वारा 5 साल के कम आयु के बच्चों को संक्रमित करता है एक बार पोलियो हो जाने पर इसका इलाज सम्भव नहीं है।



रैथा में बच्ची को पोलियो की दवा पिलाती स्वास्थ्य कर्मी।

### एक मुश्त समाधान योजना के बारे में दी जानकारी

**डीडीयू नगर।** चन्धासी पावर हाउस पर विद्युत विभाग के उपखण्ड अधिकारी प्रथम एसडीओ के नेतृत्व मे जन सेवा केन्द्र संचालको के साथ एक बैठक किया गया।इस दौरान एसडीओ ने सभी जन सेवा केन्द्र संचालको को सरकार द्वारा बिजली बील मे मिलने वाले छूट एक मुश्त समाधान योजना के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया। सभी संचालको को अपने केन्द्र पर अधिक से अधिक लोगों का इस योजना का लाभ दिलाने के लिए कहाँ गया। बैठक मे सभी विद्युत विभाग के अधिकारी और सीएससी राम भरोस यादव जन सेवा केन्द्र संचालक मुकुटधारी सिंह, राहुल राव, विभूति सिन्हा, पंकज शाह, गुरुशरण सिंह, आफताब, दीपक यादव, विकाश राव, जुबेर अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### सैयदराजा उपचुनावः सपा ने इशरत खातून को दिया समर्थन

**चंदौली।** सपा जिला इकाई के बैठक रविवार को मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव में प्रत्याशी इशरत खातून को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। जहां जिलाध्यक्ष सत्य नारायण राजभर ने इशरत खातून के पति इकलाक खान लड्डू को समर्थन पत्र सौंपा और हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। साथ ही प्रत्याशियों व भाजपा विरोधी दलों से वोटों के बिखराव को रोकने के लिए इशरत खातून समर्थन देने का आह्वान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि जनपद के सभी वरिष्ठ और प्रमुख नेताओं से वार्ता कर यह निर्णय लिया गया है कि शायद राजा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी इस वक्त खातून को पार्टी समर्थन करेगी। पूरी ताकत के साथ प्रचार-प्रसार भी करेंगी और आगे की रणनीति भी पार्टी की ओर से बनाई जाएगी, ताकि मजबूती के साथ प्रत्याशी भाजपा को टक्कर दे सके। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम यादव, अमील अहमद, रामजन्म यादव, रामधवल पासवान उपस्थित रहे।

### दो घंटे तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित 132 केवी उपकेन्द्र पर सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था के लिए अतिरिक्त बे स्थापना के लिए लाइन जोड़ने का कार्य किया जाना है। उक्त कार्य बिजली कर्मचारियों द्वारा सोमवार व मंगलवार को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक किया जायेगा, जिससे क्षेत्र के बबुरी, सकलडीहा, बनौली, डिग्री कालेज, चंदौली रूरल, सैयदराजा, बगही उपकेन्द्र, बेलारीडीह, बेलारीडीह ग्रामीण, क्षेत्र नेवाजगंज, पम्प कैनाल नेवाजगंज पम्प कैनाल, चंदौली हेड क्वाटर, चंदौली टाउन, जिला अस्पताल, कचहरी, डीएम कार्यालय, एवं आवास, कोतवाली का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस जानकारी उपखंड अधिकारी विवेक मोहन श्रीवास्तव ने दी।

### जन आरोग्य मेले में 1519 मरीज लाभान्वित

**चंदौली।** जनपद के 21 ग्रामीण एवं दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 1519 मरीज का उपचार किया गया। इसमें लोगों को रोगों से बचाव के लिए जागरूक भी किया गया इसका शुभारंभ सीएमओ डॉक्टर वाई के राय ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में रविवार को कुल 1519 मरीज का उपचार किया गया।

# चार दिन बाद जलनिगम ट्यूवेल का जला स्टार्टर बनने से राहत

मांग

### एक साल से प्रथम ट्यूववेल का मोटर चालू कराने की ग्रामीणों ने उठायी मांग

**सकलडीहा।** टिमिलपुर स्थित जल निगम की तीन लाख लीटर की पानी टंकी से सकलडीहा कस्बा सहित आधा दर्जन गांव के बीस हजार लोगों को पेयजल आपूर्ति होती है। बीते गुरूवार को जल निगम द्वितीय ट्यूववेल का स्टार्टर जल जाने से पेयजल का संकट खड़ा होगया था। रविवार को स्टार्टर बनने पर देर शाम को पेयजल आपूर्ति शुरू होने पर कस्बावासियों को राहत मिली।

ग्रामीणों ने एक साल से बंद पड़े प्रथम ट्यूववेल को शुरू कराने की मांग किया। विभागीय अधिकारियों ने एक दो दिन में प्रथम ट्यूववेल भी शुरू कराये जाने का आश्वासन दिया है। सकलडीहा कस्बा में बीते छह माह से सड़क चौड़ीकरण के दौरान आये दिन पाइप टूटने से कस्बा वासी पेयजल की संकट से परेशान रहते है। बीते दिनों सड़क रोलर से समतली करण के दौरान पाइप टूट जाने पर सड़क झील में तब्दील होगया था। मरम्मत के बाद गुरूवार से जल निगम का द्वितीय ट्यूववेल का स्टार्टर जल जाने से गुरूवार से पुनरूपेयजल आपूर्ति बाधित होगया था। जिसके कारण सकलडीहा, टिमिलपुर, तेन्दुई, सिरोहुपुर, नागेपुर, ईटवा, दुगार्पुर ताजपुर सहित कई गांव के हजारों उपभोक्ता पेयजल की समस्या से परेशान थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते एक साल से जल निगम की प्रथम ट्यूववेल का मोटर से कनेक्शन नहीं होने के कारण आये दिन समस्या होती है। प्रथम ट्यूववेल को चालू कराये जाने की मांग किया। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी सिर्फ कोरा आश्वासन देने का व्यापारियों ने आरोप लगाया। इस बाबत एसडीओ जल निगम सीताराम यादव ने बताया कि जली हुई स्टार्टर ठीक कराकर द्वितीय ट्यूववेल से पेयजल आपूर्ति शुरू करा दी गयी है। दो तीन दिनों में प्रथम ट्यूववेल भी ठीक करा दिया जायेगा। जिससे लोगों को पेयजल की संकट से निजात मिलेगा।




सकलडीहा स्थित जल निगम की टंकी।

### दो बालकों को महिला तस्कर से कराया गया मुक्त

**डीडीयू नगर।** रेलवे चाइल्ड लाइन ने शुक्रवार की रात स्थानीय रेलवे स्टेशन से महिला तस्कर के चंगुल से दो किशोरों को मुक्त कराया। दोनों किशोरों को उनके परिवार वालों को हवाले किया किया गया है। वहीं तस्कर के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर संचालित चाइल्ड लाइन भूले भटके बच्चों को उनके परिवार वालों से मिलाती है। शुक्रवार की रात चाइल्ड लाइन की टीम स्टेशन पर भ्रमण कर रही थी। तभी प्लेटफार्म संख्या तीन के दिल्ली छोर पर एक किशोर और एक किशोरी बैठे हुए थे। शंका होने पर जब उनसे पूछा गया तब दोनों ने बताया कि वे काम करने गया जा रहे हैं। बताया कि वह एक युवती के साथ जा रहे हैं। इस पर युवती को पकड़ लिया गया और किशोर किशोरी को सेंटर पर लाया गया। यहां घोरावल सोनभद्र निवासी युवती ने बताया कि वह किशोर किशोरी को बिहार काम कराने ले जा रही है। इस पर सोनभद्र स्थित किशोर किशोरी के परिवार वालों को सूचना दी गई। शनिवार को परिवार के लोग चाइल्ड लाइन पहुंचे। यहां दोनों को उनके परिवार वालों के हवाले कर दिया गया। वहीं युवती को बाल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार वर्मा ने बताया कि दो बच्चों को तस्कर के कब्जे से मुक्त कराया गया है।

# धू-धू कर जली थार कार सदमे में वाहन स्वामी

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के नोनार (तुलसीआश्रम) गांव में शनिवार की देर रात करीब 12 बजे अज्ञात कारणो से महिंद्रा थार गाड़ी में आग लग गई। आसपास के लोगों और वाहन स्वामी ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन तब तक वाहन जलकर खाक हो चुका था। अगलगी की इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

नोनार (तुलसीआश्रम) गांव निवासी हरिद्वार मौर्या के पुत्र सतीश मौर्या अपने रिश्तेदार बलुआ के कैथी गांव निवासी राम सिंह के पुत्र राजकुमार सिंह की गाड़ी महिंद्रा थार न्च65थ्क्9997 लाए। यह गाड़ी करीब छह माह पुरानी है। सतीश के मुताबिक वह वाराणसी में जॉब करते है। वह शाम को वाराणसी से गांव नोनार आए और गांव के बाहर सड़क के किनारे खाली पड़ी जमीन में गाड़ी खड़ी कर घर चले गए। घटना स्थल से उनका घर करीब 200 मीटर दूर है। उन्होंने बताया कि रात करीब 12 बजे एक व्यक्ति ने गाड़ी में आग लगने की सूचना दी।आनन-फानन में भागते हुए मौके पर पहुचा तो तेज लपटे उठ रही थी। और लोगो की भीड़ लगी थी। उसी दौरान 112 पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के पहुचने से पूर्व ही गाड़ी जलकर राख हो चुकी थी।आग कैसे और किन कारणों से लगी इसका पता नही चल पाया है। अगलगी इस घटना से सतीश का परिवार सदमे में है।



तुलसी आश्रम गांव में जलती थार।

# अज्ञात कारणों से धान की एक एकड़ फसल जलकर हुई खाक



**सकलडीहा।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के भोजापुर गांव निवासी किसान रघुनाथ प्रसाद गोंड की रविवार की दोपहर में एक एकड़ खड़ी धान की फसल अज्ञात कारणों से जलकर राख हो गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते देखते फसल जल कर खाक हो गई। सुचना के बाद फायर ब्रिगेड पहुंची, तब तक पूरी फसल जल कर खाक हो गई। ग्रामीणों के काफी प्रयास के बाद बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। तब तक पूरी फसल जल कर राख हो चुकी थी। अन्य अगल बगल के किसानों की फसल किसी तरह बच पाई वही काफी प्रयास के बाद भी आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया। आग के लपट को देखने के बाद राहगीरों व आस पास के ग्रामीणों द्वारा सोर मचाने पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

## 168 मवेशियों के साथ पुलिस ने दो तस्करों को दबोचा

**नौगढ़।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चन्द्रप्रभा जंगल से पैदल के रास्ते पश्चिम बंगाल के पण्डूआ स्थित पशु वधशाला ले जाये जा रहे 168 पशुओं को बरामद कर 02 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। सीओ आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि नौगढ़ थाना पुलिस ने शनिवार की रात मुखबिर की सूचना चन्द्रप्रभा जंगल से पैदल के रास्ते पश्चिम बंगाल के पशु वधशाला ले जाए जा रहे 168 राशि गो वंश बरामद किया है। गिरफ्तार पशु तस्करों में बिहार राज्य के चांद थाना अंतर्गत मड़रिया गांव निवासी खिचड़ू यादव पुत्र रामकुंवर व जनपद मिजार्पुर के मड़िहान थाना क्षेत्र के बिरोहिया गांव निवासी आशु पुत्र इन्द्रबली शामिल हैं। जिनके विरुद्ध गो वध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया गया है। पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह हे.कां. भृगुनाथ अमित कुमार सहित पुलिस के जवान शामिल रहे।

# कठौड़ी ग्राम पंचायत के मुख्य द्वार का हुआ शिलान्यास

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** विकास खंड स्थित कठौडी ग्राम पंचायत के मुख्य द्वार का शिलान्यास मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने भूमि पूजन कर किया। ग्रामीणों ने मुख्य द्वार बनाने के लिए कई बार विधायक रमेश जायसवाल को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया था। मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने वाले विधायक रमेश जायसवाल ने जन आकांक्षा को देखते हुए मुख्य द्वार का उद्घाटन कर ग्रामीणों को सौगात दी। इससे गांव सभा की पहचान के साथ-साथ यह प्रवेश द्वार गांव की शोभा बढ़ाने का भी काम करेगा। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

खासकर गांव से लेकर नगर तक समग्र विकास कर जनता को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। शासन के मंसा अनुरूप गांव का चौमुखी विकास पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में नियामताबाद विकास खंड के कठौडी गांव के मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण करने के उद्देश्य से भूमि पूजन कर इसका शुभारंभ किया जा रहा है। जल्द ही यह प्रवेश द्वार बनकर गांव की शोभा बढ़ाने का काम करेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान रंजना कुमारी बिंद, कमलेश बिंद, ग्राम प्रधान धपरी संजय सोनकर, बरहुली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद बिन्द, संतोष जायसवाल, मुराहु बिंद, सत्य प्रकाश बिंद, मास्टर रघु विंद, प्यारेलाल बिंद, गणेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



कठौड़ी गांव में मुख्य द्वार के निर्माण का शिलान्यास करते विधायक रमेश

### आज मनायी जाएगी पुण्यतिथि

**डीडीयू नगर।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा समाजसेविका मंजू देवी चौरसिया की पुण्यतिथि 9 दिसंबर सोमवार प्रातः 11 बजे दल के नगर अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया के निवास स्थान वेस्टर्न बाजार मुगलसराय पर मनाया जाएगा। उक्त सूचना दल के काशी प्रांत अध्यक्ष समरनाथ सिंह यादव ने दिया।

# सैयदराजा चुनाव में सपा-कांग्रेस आमने-सामने, सबके अपने तर्क

सैयदराजा नगर पंचायत चुनाव

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले, निजी स्वार्थ के कारण भाजपा के सामने सपा ने टेके घुटने

**चंदौली।** सैयदराजा नगर पंचायत चुनाव में रविवार को इंडिया गठबंधन के दो अहम धड़े कांग्रेस व समाजवादी पार्टी आमने-सामने नजर आयी। एक तरफ जहां सपा जिलाध्यक्ष सत्यनरायरन राजभर ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारने का तर्क दिया और भाजपा विरोधी वोटों के बिखराव को रोकने के लिए सभी को सपा समर्पित प्रत्याशी को समर्थन देने की बात कही। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी पर गठबंधन धर्म नहीं निभाने का बड़ा आरोप लगाया। सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि सपा के प्रयाश से सैयदराजा में मतदाओं का रुझान सपा समर्थित प्रत्याशी के तरफ हो रहा है प्रत्याशी न उतारकर भाजपा के चुनावी हथकंडों का रणनीतिक तरीके से जवाब दिया जाएगा सपा के नेता कार्यकर्ता पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में नगर निकाय के उपचुनाव में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी को समर्थन दे रही है, वहीं चंदौली के समाजवादी पार्टी के नेता निजी स्वार्थ के कारण भाजपा के सामने घुटने टेकते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के जिले के नेता भाजपा के प्रभाव में है या उनसे डर गए है यह वही बता सकते हैं। लेकिन उन्होंने उपचुनाव में न तो खुद चुनाव लड़ा और ना ही चुनाव लड़ रही कांग्रेस प्रत्याशी का ही समर्थन किया, जबकि इस मुद्दे पर लगातार उनसे बातचीत की गयी। अंततः सपा जब किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची तो कांग्रेस को विवश होकर अंतिम समय पर अपना प्रत्याशी मैदान में उतारना पड़ा। इसके बाद सपा से समर्थन मांगा गया तो उन्होंने संगठन के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत कर समर्थन देने की बात कही, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया। कहा कि गठबंधन के अन्य सहयोगियों से बातचीत हुआ है और भाजपा के खिलाफ समर्थन देने के जरूर आगे आएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया आगे न तो कांग्रेस झुकेगी ना ही रुकेगी। पूरी दमदारी के साथ सैयदराजा नगर पंचायत चुनाव लड़ने का काम करेगी। कहा कि कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरी तो भाजपा के लोगों से डरने का सवाल ही पैदा नहीं होता।



# धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर को एसडीएम ने हटवाया

**नौगढ़।** उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर के नेतृत्व में रविवार को तहसील क्षेत्र के गांवों में स्थित धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से लगाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्रों को सुरक्षा बल के जवानों ने हटवाया। साथ ही धार्मिक स्थलों के मौलबी व पुजारी को दोबारा मनमाने ढंग से नियम विरुद्ध ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किए जाने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दिया गया है।

उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने बताया कि तहसील क्षेत्र में करीब एक दर्जन धार्मिक स्थलों पर मानकों के विपरित मनमाने ढंग से लगाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्रों को उतरवाया गया है। साथ ही बिना परमिशन के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने पर संबंधित जिम्मेदारानों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दिया गया है। कहा कि शासन के दिशा निदेर्शों का अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की अनियमितता अक्षम्य होगी। सीओ आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि धार्मिक रीति रिवाजों के अनुरूप आस्था के साथ लोग पूजा पाठ व इबादत करें, जिसमें किसी पर ब्यधान उत्पन्न किए जाने की आशंका प्रतीत होने पर तत्काल नजदीकी थाना पुलिस को सूचना दिया जाय।



## शांति भंग में दो पर मुकदमा दर्ज

**नौगढ।** जन सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत सूचना मांगने पर उपजे विवाद के मामले में नौगढ थाना पुलिस ने ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव सहित दो के विरुद्ध शांति भंग की आशंका में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया है। थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आवेदक थाना क्षेत्र के मलेवर गांव निवासी अशोक कुमार केशरी ने जन सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों व अन्य से संबंधित सूचना मांगा था। सूचना दिए जाने को लेकर ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव व अन्य से आवेदक के बीच कायम मनमुटाव को लेकर भविष्य में विवाद होने की संभावना बन रही है। आरोपों की जांच में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह की रिपोर्ट पर ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव व गुरूचरन यादव के विरुद्ध शांति भंग किए जाने की आशंका में धारा 126/135 बी यन यस यस के अन्तर्गत कार्रवाई किया गया है।

# हिंदुओं ने कभी भी किसी समुदाय पर अत्याचार नहीं किया : राम भरोस



**पड़ाव।** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के विरोध मे सामाजिक संगठन व संघ विचार परिवार सनातनी बंधुओ ने स्थानी चौराहे पर आक्रोश प्रदर्शन करते हुए अंतरिम सरकार व जनरल ब्रिगेडियर का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे रामभरोस पटेल गुरु ने कहा जिस भारत ने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम 1971 में अपने 17000 सैनिकों को कुर्बान कर दिया। आज उसे कथित रूप से दुश्मन माना जा रहा है। भारत ने ही पाकिस्तानी सेना से बांग्लादेश को बचाने के लिए हथियार मुहैया कराई उसी को दुश्मन माना जा रहा है। हिंदुओं ने कभी भी किसी भी समुदाय के लोगों पर अत्याचार नहीं किया यह पूरा इतिहास गवाह है। बांग्लादेश में बच्चियों महिलाओं पुरुषों के साथ घिनौनी हरकत की जा रही है। इस मौके पर विष्णु पटेल, बृजेश वर्मा, संतोष जायसवाल, राहुल मौर्य, राघव मौर्य, उत्तम पटेल, दिनेश पटेल, गुड्डू भैया, गणेश चौरसिया, सौरभ जायसवाल, विजय सेठ, विकाश पांडे, सूरज पटेल, राजू गांगुली, सुशील सिंह सहित सैकड़ों हिंदुओं ने अपना विरोध प्रदर्शन जताया।

# स्पोर्ट्स

ऑस्ट्रेलिया ने 14 में से 9 मैच जीते हैं और व 60.71 अंक प्रतिशत के साथ ही पहले स्थान पर




बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट दस विकेट से जीता, भारतीय टीम की करारी हार

## सीरीज 1-1 से बराबरी पर आयी



**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को दस विकेट से हराकर बॉर्डर गावस्कर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। भारतीय टीम तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए केवल 19 रन बनाने थे जो उसके सलामी बल्लेबाजों नाथन मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा ने बिना किसी नुकसान के चार ओवरों में ही बना लिए। भारतीय टीम ने गुलाबी गेंद से खेले गये दिन-रात के इस मैच के तीसरे ही दिन समर्पण कर दिया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाज मिचेल स्टार्क सहित ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये और पहली पारी में 44.1 ओवर में ही 180 रनों पर आउट हो गये। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रेविस हेड के शतक से अपनी पहली पारी में 337 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 157 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और पूरी टीम 36.5 ओवर में 175 रनों पर ही सिमट गयी। दोनों ही पारियों में सारे विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। पहली पारी में स्टार्क ने सबसे अधिक 6 विकेट जबकि दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। इससे पहले आज सुब भारतीय टीम ने दूसरे दिन के 5 विकेट पर 128 रनों से आगे खेलते हुए तीसर दिन सबसे पहले ऋषभ पंत 28 का विकेट खोया। ऋषभ अपने दूसरे दिन के स्कोर में बिना एक भी रन जोड़े बिना पेवेलियन लौट गये। इस प्रकार 128 के स्कोर पर भारतीय टीम का छठा विकेट गिरा। नीतीश ने पहली पारी की तरह ही दूसरी पारी में भी सबसे अधिक 42 रन बनाए और किसी प्रकार भारतीय टीम को ने 166 रन तक पहुंचाया। इसके बाद नीतीश कैच आउट हुए। इस प्रकार भारतीय टीम का नौवा विकेट गिरा। अंतिम विकेट मो सिराज के रुप में गिरा और इसके साथ ही भारतीय टीम हार गयी। थर्डमैन पर लपके गए. वे नौवें बैटर के तौर पर आउट हुए. इसके 9 रन बाद सिराज के आउट होते ही भारतीय टीम 175 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ही मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिक में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं भारतीय टीम तीसरे नंबर पर फिसल गयी है।

### पहले टेस्ट की हार को भूलकर उतरने से मिली ये जीत : स्टार्क

एडिलेड। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने यहां भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली शानदार जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि उनकी टीम पर्थ में मिली असफलता को भुलाकर इस मैच में उतरी थी। इसलिए उसे इसमें अच्छी सफलता मिली।

### भारत ने 19 रन का टारगेट दिया था ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच बने

## रोहित ने हार पर निराशा जताते हुए कहा ये सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा

**ऐडीलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में मिली करारी हार पर निराशा जताते हुए कहा कि यह सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा और हम पर्याप्त रन नहीं बना पाये। भारतीय टीम को इस मैच में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। टीम के बल्लेबाज दोनो ही पारियों में विफल रहे जिसे टीम एक बार भी 90 ओवरा पूरे नहीं खेल पायी। रोहित ने टीम के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा, हमारे लिए निराशाजनक सप्ताह रहा, हम खेल जीतने के लिए पर्याप्त रूप से अच्छा नहीं खेले और मेजबान टीम ने हर क्षेत्र में हमसे बेहतर खेला। खेल में कई बार ऐसे अवसर आए जब हम उनका लाभ उठाकर हावी हो सकते थे पर हम ऐसा नहीं कर पाये जिससे हमें हार का समाना करना । हमने पर्थ में जिस प्रकार का अच्छा प्रदर्शन किया था वैसा ही प्रदर्शन ही हम यहां आकर फिर से करना चाहते थे पर विफल रहे। साथ ही कहा कि हर टेस्ट मैच की अपनी चुनौती होती है। हमें पता था कि गुलाबी गेंद से खेलना और भी कठिन होगा। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया हमसे बेहतर खेली पर अब हम गाबा टेस्ट को लेकर उत्साहित हैं।



## मोहम्मद शमी को शीघ्र ऑस्ट्रेलिया भेजना ठीक रहेगा : शास्त्री

**एडिलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया भेज देना चाहिये। शास्त्री का कहना है कि अभी ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर भारी दबाव है। उसे कम करने के लिए शमी को भेजना ठीक रहेगा। शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं। शास्त्री अभी ऑस्ट्रेलिया में कॉमेंट्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यशमी जितनी जल्दी यहां पहुंचेंगे, भारत के लिए उतना ही बेहतर होगा। वह बहुत सारे घरेलू मैच खेल रहे हैं जब बुमराह गेंदबाजी कर रहे हों और अन्य गेंदबाजी भी ऐसा कर रहे होते हैं, तो आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों पर दबाव बना कसते हैं।



## संक्षेप

### सिराज ने हेड के दावों को गलत बताते हुए कहा, मैंने कोई टिप्पणी नहीं की थी

एडिलेड। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हेड के बीच विवाद भी हुआ। उसी को लेकर सिराज ने हेड के दावे को गलत बताया है। सिराज ने कहा कि मैंने हेड पर कोई टिप्पणी नहीं की थी। इस मैच में विवाद उस समय शुरू हुआ जब सिराज ने छक्का लगने के तुरंत बाद हेड का विकेट लिय। आउट होने के बाद सिराज ने ड्रेसिंग रूम की ओर कुछ इशारा किया, जिस पर हेड ने प्रतिक्रिया दी।

### कमाई में भी पीछे नहीं हैं ईशान

**मुम्बई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल अपनी वापसी के प्रयास में लगे हैं और जब भी अवसर मिले बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करते हैं। ईशान अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड का केन्द्रीय अनुबंध नहीं मिला है। इसके बाद भी उनकी कमाई करोड़ों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल नेटवर्क 62 करोड़ रुपए के करीब है। वह आईपीएल से ही करोड़ों कमा लेते हैं। आईपीएल 2024 तक मुंबई इंडियंस ने ईशान को 15.25 करोड रुपए में रखा था। वहीं इस बार उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड रुपए देने में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट से भी उन्हें एक अच्छी रकम मिल जाती है।

### करण जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करें राष्ट्रीय महासंघ : बोपन्ना

मुंबई (ईएमएस)। अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कहा है कि खेल की प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महासंघ प्रयास करे। बोपन्ना ने कहा कि इसके लिए महासंघ प्रयोजकों की भी तलाश करे। बोपन्ना के अनसार महासंघ को करण सिंह और उसकी तरह के और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सहयोग करना चाहिये। बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को रौंदा

### सीरीज में 2-0 से आगे हुई

**ब्रिसबेन।** एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल के शतकों से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में भारतीय महिला टीम को 122 रनों से हराने के साथ ही 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पैरी ने 105 जबकि वोल ने 101 रन बनाये इससे मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 371 रनों का सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर बनाया। जीत के लिए मिले इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 249 रन ही बना पायी।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड 60 और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत दिलाई। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही। उसने बेथ मूनी 56 के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट वहीं रेणुका सिंह ने 78 रन पर एक विकेट लिया।, दीप्ति शर्मा ने 59 रन देक एक विकेट जबकि प्रिया मिश्रा ने भी 88 रन पर एक विकट लिया। मेजबान टीम ने पहले मैच में भी भारतीय टीम को 5 विकेट से हराया था। ऐसे में अब वह सीरीज में 2-0 से आगे हो गयी है।



## बांग्लादेश ने लगातार दूसरा अंडर-19 एशिया कप जीता, भारत को 59 रन से फाइनल हराया

**दुबई।** भारतीय टीम अंडर-19 एशिया कप के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश से 59 रनों से हार गयी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम 49.1 ओवर में 198 रन ही बना पायी। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 199 रनों का लक्ष्य मिला जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम 35.2 ओवर में 139 रन ही बना पायी। भारतीय टीम की हार का कारण उसके बल्लेबाजों का कमजोर प्रदर्शन रहा। युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी भी केवल 9 रन ही बना पाये। इसके अलावा आयुष म्हात्रे ने केवल एक रन बनाया। फाइनल में भारत ने दो अवसरों पर लगातार विकेट गंवाए जिससे वह संभल नहीं पायी। वहीं बांग्लादेश के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाये रखा। भारतीय टीम का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। इसमें सी आंद्रे सिद्धार्थ 35 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें 12वें ओवर में रिजान हुसैन ने पेवेलियन भेजा। इसके बाद इकबाल हुसैन इमोन ने केपी कार्तिकेय 21, निखिल कुमार 0 और हरवंश पंगालिया 6 को आउट कर भारतीय टीम की उम्मीदें तोड़ दीं। कप्तान मो अम्मान ने 65 गेंदों पर 26 रन बनाए इसके अलावा हार्दिक राज ने 21 गेंदों पर 24 रन बनाये पर ये भारतीय टीम को जीत नहीं दिला पाये। भारत के लिए जीत के लिए काफी नहीं थी। बांग्लादेश के अजीजुल हकीम ने अपने 2.2 ओवरों में 8 रन देकर 3 विकेट लिए। इससे पहले बल्लेबाजी के दौरान बांग्लादेश की टीम रिजान हुसैन के 47, मोहम्मद शिहाब जेम्स के 40 और फरीद हसन के 39 रन से वह 199 रनों तक पहुंची थी। भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा। युधाजीत गुहा ने 29 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि चेतन शर्मा ने भी 48 रन देकर दो विकेट लिए। राज ने 41 रन देकर दो विकेट लिए।



### इमोन-हकीम ने 3-3 विकेट लिए

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

भारत अंडर-19: मोहम्मद अमान (कप्तान), आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, आंद्रे सिद्दार्थ सी, केपी कार्तिकेय, निखिल कुमार, हरवंश सिंह (विकेटकीपर), किरण चोरमले, हार्दिक राज, चेतन शर्मा और युद्धजीत गुहा। **बांग्लादेश अंडर-19:** मोहम्मद अजीजुल हकीम तमीम (कप्तान), जवाद अबरार, कलाम सिद्दीकी अलीन, मोहम्मद शिहाब जेम्स, मोहम्मद फरीद हसन फैसल (विकेटकीपर), देबाशीष सरकार देबा, मोहम्मद समियुन बसीर रतुल, रिजान हसन, अल फहद, इकबाल हुसैन इमोन और मारुफ मृधा

## डब्लयूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया



### तीसरे स्थान पर फिसली भारतीय टीम

**पहले भारतीय टीम को अपनी दावेदारी पक्की करने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए तीन मैच जीतने ही होंगे**

**ऑस्ट्रेलिया ने 14 में से 9 मैच जीते हैं और व 60.71 अंक प्रतिशत के साथ ही पहले स्थान पर**

**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली करारी हार के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनपशिप (डब्लयूटीसी) अंक तालिका में तीसरे स्थान पर फिसल गयी है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले स्थान पर जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर आ गयी है। ऐसे में अगले साल जून में लॉर्ड्स में होने वाला फाइनल के किन टीमों के बीच होगा। ये तय नहीं हो पाया है। 2023-25 चक्र के लिए दक्षिण अफ्रीका (पीसीटी 59.26) इस दौड़ में भारत (पीसीटी 57.29) से आगे निकल गया है और अब दूसरे नंबर पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (पीसीटी 60.71) पहले स्थान पर है। एडिलेड टेस्ट की शुरूआत से पहले तालिका में शीर्ष पर रहने वाली भारतीय टीम दो स्थान नीचे फिसलकर तीसरे स्थान पर आ गयी है। पहले भारतीय टीम को अपनी दावेदारी पक्की करने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए तीन ही मैच जीतने होंगे। ऑस्ट्रेलिया ने 14 में से 9 मैच जीते हैं और व 60.71 अंक प्रतिशत के साथ ही पहले स्थान पर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम 9 मैच में से 5 जीतकर 59.26 अंक प्रतिशत लेकर दूसरे नंबर पर है जबकि भारतीय टीम 16 मैचों में से 9 जीतकर 57.29 अंक प्रतिशत के साथ ही तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका 10 में से 5 मैच जीतकर 50 अंक प्रतिशत के साथ ही चौथे नंबर पर है। इंग्लैंड 21 मैचों में से 11 जीतकर 45 अंक प्रतिशत के साथ ही पांचवे नंबर पर है। वहीं न्यूजीलैंड और पाक 6 और 7 नंबर के साथ ही रेस से बाहर हो गये हैं। इनके 44 और 33 अंक प्रतिशत हैं।

## न्यूजीलैंड की टीम डब्यूटीसी फाइनल की रेस से बाहर हुई

**वैलिंगटन।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 323 रनों से मिली हार के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल की रेस से बाहर हो गयी है। कीवी टीम को पहले मैच में भी 8 विकेट के हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को कोई अवसर नहीं दिया। उसने इस मैच में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 583 रन का बड़ा लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए कीवी टीम केवल 259 रन पर ही आउट हो गयी। उसे जीत के लिए अंतिम दोनों ही टेस्ट मैच जीतने थे पर उसमें वह असफल रही। अब फाइनल की रेस में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीम है।

## आईपीएल 2025 के पहले मैच में सूर्यकुमार कर सकते हैं मुम्बई इंडियंस की कप्तानी

**मुम्बई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इस मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी। सूर्या के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी बड़ा दावेदार नहीं दिखता।

पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है कयोंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें। मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगा था, जबकि अन्य इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम -12 पर 12 लाख या मैच फीस का 50 फीसदी का जुमार्ना लगा था। बता दें कि टूनार्मेंट में यह तीसरा मौका था, जबकि पंड्या की कप्तानी वाली टीम समय पर ओवर पूरा नहीं कर सकी थी और उसे धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया था।



## इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 12 ट्रेनों का परिचालन रद्द

**डीडीयू नगर।** बनारस से प्रयागराज जंक्शन तक लाइन दोहरीकरण किया जा रहा है। इसके तहत झूंसी-प्रयागराज रामबाग रेल खंड के मध्य पैच डबलिंग कार्य किया जाना है। इसके लिए नान इंटरलाकिंग कार्य के कारण 12 ट्रेनों को 11 दिसंबर तक परिचालन रद्द कर दिया गया है। इसके तहत दानापुर से खुलने वाली दानापुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस नौ और 11 दिसंबर को नहीं चलेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि जयनगर नई दिल्ली एक्सप्रेस आठ और दस दिसंबर को जबकि नई दिल्ली से खुलने वाली यह ट्रेन नौ और 11 दिसंबर को निरस्त रहेगी। वहीं सिकंदराबाद से चलने वाली सिकंदराबाद दानापुर एक्सप्रेस 08 और 10 दिसंबर को जबकि दानापुर से खुलने वाली यह ट्रेन नौ और 11 दिसंबर को नहीं चलेगी। इसी तरह उधना दानापुर एक्सप्रेस उधना से दस को और दानापुर से 11 दिसंबर को नहीं चलेगी। वहीं धनबाद जम्मूतवी एक्सप्रेस जम्मूतवी से 08 और 11 दिसंबर को जबकि धनबाद से दस दिसंबर को नहीं चलेगी। इसी तरह पटना से 10 दिसंबर को खुलनेवाली 19422 पटना - अहमदाबाद एक्सप्रेस डीडीयू वाराणसी के बजाए डीडीयू मिजार्पुर, प्रयागराज छिवकी मानिकपुर के रास्ते जाएगी। 10 दिसंबर को 22670 पटना.-एनार्कूलम एक्सप्रेस भी वाराणसी के बजाए मिजार्पुर के रास्ते जाएगी।

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसी करेंगे रक्तदान

**चंदौली।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन जिले के कांग्रेसी 9 दिसंबर को सद्भावना दिवस के रूप में मनाएंगे।

जन्मदिन की अवसर पर रक्तदान के साथ-साथ गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही कांग्रेस आमजन को जागरूकत करते हुए उन्हें आपसी सद्भाव को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेंगे। उक्त बातें राघवेंद्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष रविवार को मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहीं। इब दौरान राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन पर ब्लड कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें कांग्रेसी सीधे जनता से संवाद स्थापित करने का काम करेंगे। आरोप लगाया कि देश में जिस तरह से भाजपा ने नफरत का माहौल कायम किया हुआ है। राजनीतिक लाभ के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बढ़ाया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजपा बंटोगे तो कटोगे जैसे नारे को बुलंद करके देश के संविधान मूल भावना का अनादर कर रही है। कहा कि इस षड्यंत्र के दुष्प्रभाव से भारतीय समाज को दूर रखने के लिए आपसी सद्भाव, एकता को कायम रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। भाजपा के लोग भारत के लोकतांत्रिक और सेकुलरिज्म चरित्र को खत्म करना चाहते हैं। सोनिया गांधी के जन्मदिन पर सभी जाति धर्म के लोग एक जूता का रक्तदान करेंगे और नफरत थी भाजपा को बताएंगे कि यह उनके बांटने से नहीं बटेगा एक था एक है और एक रहेगा। इस दौरान गोष्ठी के साथ-साथ अन्य विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, सरिता पटेल, देवेंद्र सिंह मुन्ना, रामजी, मधु राय, आनंद शुक्ला उपस्थित रहे।

**अवसर**

**सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में सोनिया का मनेगा जन्मदिन**




कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू कांग्रेस के पदाधिकारी।

## मुगलसराय विधायक रमेश ने किया पोलियो बूथ का उद्घाटन

**डीडीयू नगर।** नगर स्थित पीपी सेंटर में रविवार को पल्स पोलियो बूथ पर मुगलसराय विधयाक रमेश जायसवाल विधायक ने फीता काटकर व बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान चिकित्साधिकारी 2 स्वास्थ्य कर्मी सहित बूथ पर पोलियो ड्राप पिलाने के लिए नियुक्त कर्मचारी मौजूद रहे। विदित हो कि 8 से 16 दिसम्बर तक पल्स पोलियो अभियान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिले में पोलियो बूथ लगाकर 0-5 साल तक के हर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने की व्यवस्था के तहत बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। इस दौरान एडिशनल सीएमओ डॉ आरबी शरण, चिकित्सा प्रभारी राजकीय महिला चिकित्सालय (पीपी सेंटर) डॉ शिवकुमार चतुवेर्दी, डा. राजेश अगरैया, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अमित दुबे, जिला वैक्सीन प्रबंधक आसिफ कलाम, फार्मासिस्ट इंद्रजीत प्रसाद, एएनएम गीता रावत, एएनएम सरोज देवी, वार्ड बॉय रवि प्रकाश, एलटी अविनाश चौहान, अखिलेश दीक्षित, सत्यनारायण, दीपांजलि, गीता रावत, सिया जानकी, सरोज देवी, बरखा देवी, ममता गुप्ता आशा, रुक्मणी सहायिका, ज्योति प्रकाश मौजूद रहे।





नगर के तिलकधारी सिंह महाविद्यालय स्थित सांई बाबा का भव्य मंदिर जिसकी छटा देखते ही बनती है।

# जौनपुर



# जमीनी विवाद में महिलाओं ने किया चक्का जाम

**आक्रोश**

### सीओ ने दोनों पक्षों की आपसी सहमति कराकर मामला कराया शांत

जनसंदेश न्यूज



**जफराबाद।** नगर पंचायत कचगांव के वार्ड संख्या एक में विवादित जमीन को दो पक्ष जमीन पैमाइश के दौरान आमने सामने हो गए। मौके पर मौजूद पुलिस ने एक पक्ष से तीन एवं दूसरे पक्ष से एक लोग को हिरासत में लेकर थाने लौट आयी। दूसरी ओर दूसरे पक्ष से मात्र एक व्यक्ति को पुलिस द्वारा पकड़े जाने का विरोध करते हुए प्रथम के समर्थक पुरूष व महिलाओं ने सिरकोनी-रसैना मार्ग पर कचगांव पानी टंकी के पास चक्का जाम कर दिया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गये आनंद नामक युवक से सड़क जाम करने वाले संतोष से फोन पर बात कराने पर जाम समाप्त हुआ। सड़क जाम से लगभग एक घण्टे तक राहगीर आवागमन को लेकर परेशान रहे।

उक्त वार्ड निवासी ताड़केश्वर यादव व बड़ेलाल व फागूलाल हरिजन का एक किता जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। यादव पक्ष के द्वारा पैमाइश हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसे रविवार को दोपहर में लगभग दो बजे लेखपाल महेन्द्र व उप निरीक्षक धनुषधारी पाण्डेय राजस्व टीम के साथ उक्त जमीन के पैमाइश हेतु मौके पर पहुंचे। पैमाइश के दौरान बड़ेलाल हरिजन व फागूलाल ने पैमाइश सही न किये जाने का आरोप राजस्व टीम पर लगाने लगे, जिसको लेकर यादव से मौके पर ही जमकर विवाद हो गया। मौके पर मौजूद उप निरीक्षक धनुषधारी पाण्डेय व अन्य पुलिस कर्मियों ने विवाद बढ़ता देख एक पक्ष से बड़ेलाल, फागूलाल व आनन्द राव को तथा दूसरे पक्ष से मात्र ओमप्रकाश यादव को हिरासत में लेकर थाने आ गये। दूसरे पक्ष से मात्र ओमप्रकाश को ले जाने की सूचना पर भारी संख्या में बड़ेलाल व फागूलाल के समर्थन में महिला व पुरूष कचगांव पानी टंकी के पास सिरकोनी-रसैना मार्ग पर सड़क को जाम कर दिया।

जब पुलिस को सड़क जाम की जानकारी हुई तो थाने से ही आनंद राव से समर्थक संतोष हरिजन को फोन कराकर सड़क जाम को समाप्त कराया। सीओ सदर देवेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की सहमति पर अगली तिथि पर सक्षम अधिकारी के समक्ष अपने कागजात मय चौहद्दी सहित प्रस्तुत करेंगे तब जमीन की पैमाइश की जायेगी। सहमति के बाद हिरासत में लिए गये सभी चारों लोगों को छोड़ दिया गया।

# किसान ने शाखा प्रबंधक से लगाई मदद की गुहार

**मांग**

### अज्ञात कारणों से लगी आग से एक एकड़ से अधिक गन्ने की फसल हुई खाक



**सुइथाकला।** क्षेत्र में धुधुरी सुल्तानपुर निवासी किसान बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक से किसान क्रेडिट कार्ड के तहत मदद की गुहार लगाई। शुक्रवार को अज्ञात कारणों से लगी आग में उसकी एक एकड़ से अधिक गन्ने की फसल जलकर खाक हो गई थी। उक्त गांव निवासी किसान नन्हे पुत्र बटेश्वर ने बैंक आफ बड़ौदा शाखा पटैला के शाखा प्रबंधक को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई। उसने गुहार लगाई है कि बैंक में उसके नाम का किसान क्रेडिट कार्ड है। फसल बीमा योजना के तहत आर्थिक मदद करने की शाखा प्रबंधक से अपेक्षा कर रखी है।

पत्र में अज्ञात कारणों से लगी आग से एक एकड़ से अधिक गन्ने की फसल खाक हो जाने का हवाला दिया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम चार बजे के करीब किसान नन्हे यादव के गन्ने की खेत में आग लग गई। आग लगने की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हालांकि जुताई करके आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, तब तक एक एकड़ से अधिक गन्ना जलकर खाक हो गया। सूचना पर पीआरबी टीम और लेखपाल भी मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिए। फिलहाल मौजूदा समय में फसल के नुकसान को लेकर किसान परेशान सा है।

## संक्षेप

### अभियान के तहत 72 बच्चों को मदरसा में पिलाई गई पोलियो की खुराक



**जौनपुर।** मदरसा चश्म-ए हयात रेहटी में पल्स पोलियो अभियान के तहत जीरो से पांच वर्ष के 72 बच्चों को दवा पिलाई गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी त्रिलोचन डॉक्टर शैलेंद्र सिंह ने बताया यह अभियान 6 दिन तक चलेगा और डॉक्टर शैलेंद्र सिंह द्वारा आए हुए अभिभावकों को जागरूक किया गया। इस अभियान का नेतृत्व डॉक्टर आलोक कुमार सिंह अधीक्षक सीएचसी रेहटी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि मॉनिटर धनंजय चौबे द्वारा बताया गया जीरो से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो होने की अधिक संभावना रहती है इसलिए इन बच्चों को विभिन्न कैंप द्वारा पोलियो ड्राप समय पर पिलाया जाता है। मौके पर प्रधानाचार्य गुफरान सज्जाद, हेल्प सुपरवाइजर देवी प्रसाद श्रीवास्तव, आशा कमला सिंह, हयातुल्लाह, दिलशाद, मोहम्मद जावेद, नसीम, आदि लोग मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोकसभा, दी श्रद्धांजलि

**मछलीशहर।** स्थानीय क्षेत्र के भगवान प्रसाद सिंह पब्लिक स्कूल जमालपुर में रविवार को पत्रकारों ने शोक सभा कर पूर्व पत्रकार के निधन पर दी श्रद्धांजली अर्पित की। सुजानगंज क्षेत्र के प्रेम के पूरा ग्राम सभा निवासी पूर्व पत्रकार अवधेश त्रिपाठी 65 वर्ष का शुक्रवार की देर शाम निधन हो गया। अवधेश त्रिपाठी पूर्व में वरिष्ठ पत्रकार थे। उनके पुत्र सौरभ त्रिपाठी सुजानगंज क्षेत्र से एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार के पत्रकार हैं। उनके निधन से क्षेत्र मे शोक व्याप्त है। ये पिछले तीन दिन से बीमार चल रहे थे। निधन की सूचना पर मछलीशहर के पत्रकारों ने पत्रकार संघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में उक्त विद्यालय में शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दिया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर शुक्ला, आरपी सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, अनुराग सिन्हा, मनोज तिवारी, विपिन मौर्या, कमलेश कुमार, अनिल श्रीवास्तव, इंद्रेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। संचालन महामंत्री कमलेश कुमार ने किया।

### भोजन का पैसा मांगने को लेकर हुए विवाद में फायरिंग

**मछलीशहर।** रायबरेली-जौनपुर हाइवे पर छाछो गांव स्थित ढाबा पर शनिवार को आधी रात में भोजन के पैसे को लेकर हुए विवाद के दौरान ग्राहक ने अवैध कट्टे से फायर कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गया। उक्त स्थान पर हरीशचंद्र यादव का ढाबा है। शनिवार की रात में 1 बजे के आस पास एक ग्राहक अपने साथियों के साथ आया और भोजन किया। भोजन के बाद पैसे देने के समय विवाद हो गया। बताते हैं कि नशे में धुत ग्राहक ने ढाबा संचालक पर फायर कर दिया। संयोग अच्छा था कि गोली पैर के बगल से निकल गई। इसके बाद ग्राहक अपने साथियों सहित भाग गया। घटना की सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल कर तहरीर देने को कहकर चली गई। मामले में प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह का कहना है कि उन्हें घटना से संबंधित तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### दो पक्षों में मारपीट का वीडियो वायरल

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के भेलूपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कोतवाली क्षेत्र के भेलूपुर गांव निवासी संजय पुत्र प्यारेलाल और गोलू पुत्र मुन्ना तिवारी आदि के बीच जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल फोन में बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। फिलहाल इस वायरल वीडियो के संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजानंद चौबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, किशोरी बरामद



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नगर के एक मोहल्ले से एक किशोरी का अपहरण करने के मामले में वांछित आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया। आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के राजापुर हुब्बीगंज गांव निवासी मो. आमिर पुत्र रईस ने तीन माह पूर्व नगर के एक मोहल्ले में रिश्तेदारी में रहने के दौरान पड़ोस की एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जानकारी होने पर किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आमिर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी हुई थी कि मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक ने एसआई अशोक कुमार सिंह के साथ स्थानीय रेलवे स्टेशन पर किशोरी के साथ रविवार को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। वहीं किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की खुराक



**सुजानगंज।** स्वास्थ विभाग द्वारा ब्लांक क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डाक्टर देवेन्द्र पाल के नेतृत्व में निर्धारित केन्द्रों पर 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक स्वास्थ कर्मियों द्वारा पिलाई गई। प्राथमिक विद्यालय बरपुर केन्द्र पर पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर आशा बहू बीना सिंह, आंगनबाड़ी विजयलक्ष्मी, साधना तिवारी, सुशीला पटेल, मनोरमा निषाद, शशि प्रभा सिंह, सविता पटेल, मीला निषाद मौजूद रहीं।

### अवैध असलहा संग युवक गिरफ्तार

**चंदवक।** सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में अवैध असलहा संग रील बना रहे युवक को पुलिस ने असलहा संग गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। पतरही व बजरंगनगर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र दत्त, राजेश राम को रविवार सुबह बतौर मुखबिर सूचना मिली कि विगत दिनों सोशल मीडिया पर अवैध असलहा संग रील बना रहा वायरल युवक कर्रा कॉलेज हॉस्टल से कहीं जाने के लिए खड़ा है। पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछने पर उसने अपना नाम आकाश कुमार पुत्र गुड्डू निवासी लेवरुआ बताया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### कुश्ती दंगल में पहलवानों ने आजमाया दांव



**खेतासराय।** क्षेत्र के सोंगर गांव स्थित नेहरू किसान जूनियर हाईस्कूल परिसर में रविवार को अखिल भारतीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें हरियाण, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड से आये पहलवानों ने हिस्सा लेकर दांव आजमाया। हनुमानगढ़ी के अनूपदास ने राजस्थान के शाका को पटकनी देकर पुरस्कार जीता। दंगल में दो दर्जन जोड़ी से अधिक पहलवानों ने जोर आजमाइश की। जिसमें उत्तराखंड के कैल्नेसियम ने दिल्ली के राणा को पटकनी दी। भटनी के ईशा ने गोरखपुर के पायल को आसमान दिखाया। पंजाब के मो. सुल्तान ने राजस्थान के शाका को पटका। मुस्तफाबाद के भोले यादव ने गोरखपुर के सागर को चित किया। मुस्तफाबाद के हिमांशु ने गोरखपुर के इमरान को आसमान दिखाया। नेपाल के गूगां ने राजस्थान के टाइगर को पटकनी दी। वहीं सासाराम के दारा सिंह और गोरखपुर के अभिजीत की जोड़ी, मऊ के देवानंद और जौनपुर के संतोष की जोड़ी बराबरी पर छूटी। इससे पहले संयोजक आरिफ उर्फ चुन्ने और बाबू पहलवान ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ किया। इस मौके पर शमशेर पहलवान, इश्तियाक नेता, खुर्शीद, मोअज्जम, इरफान मौजूद रहे।

# प्रदर्शनी एक मंच ही नहीं बल्कि नवाचारी सोच व जागरूकता पैदा करती है : सांसद

जनसंदेश न्यूज

**प्रदर्शनी**

### मिर्जा अनवर बेग इण्टर कॉलेज में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**खेतासराय।** मिर्जा अनवर बेग इण्टर कालेज उसरहटा में रविवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सदर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा और विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई यादव रहे। विद्यालय के छात्र काजिम ने कुरान की तिलावत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद अतिथियों ने छात्रों द्वारा अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिकता दृष्टिकोण का अद्भुत प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा कबीर, इकबाल, रहीम आदि की भव्य झांकी के अद्भुत प्रतिभा और प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करती है, बल्कि उनकी नवाचारी सोच और समाज के प्रति जागरुकता को भी दर्शाती है। उन्होंने कॉलेज के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को आत्मविश्वास और प्रेरणा प्रदान करते हैं। छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोग देश को तोड़ने पर लगे है, भाई-भाई में झगड़ा कराने पर आमादा हैं, उनको उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होकर मजबूती प्रदान करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा बाहर निकलकर आती है। ऐसे कार्यक्रम का हर विद्यालयों में आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह शिक्षा मंदिर क्षेत्र के साथ जिले में एक स्थान रखता है। यहां से आने वाले समय में अधिकारी, नेता, शिक्षक, डॉक्टर आदि बनेंगे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते सदर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा व पूर्व मंत्री ललई

उन्होंने कार्यक्रम आयोजक की सराहना किया। इस दौरान छात्र व अभिभावकों की भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रही प्रबन्धक कहकशां खान ने आगन्तुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय की नर्सरी से कई लोग निकलकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों ने अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। इस दौरान मुख्य रुप से अल्तमश बरलास, मिर्जा अजफर बेग, डॉ. अलाउद्दीन, डॉ. शादाब आलम, डॉ. उमर, सैयद उरूज, हाजी नौशाद, चेयरमैन वसीम अहमद, मन्नान अहमद, प्राचार्य एनपी उपाध्याय, डा. मोहसिन जफर समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आमिर सिद्दीकी ने किया।

## कार की टक्कर से ऑटोरिक्शा क्षतिग्रस्त चालक घायल

**चंदवक।** आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर शनिवार रात दस बजे हरदासीपुर पानी टंकी के सामने शिफ्ट डिजायर कार ने ऑटोरिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटोरिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया व चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि कछवन गांव निवासी 35 वर्षीय अखिलेश यादव जो वाराणसी में ऑटोरिक्शा मिस्त्री है ऑटोरिक्शा लेकर घर जा रहा था। वह हरदासीपुर गांव के सामने पानी टंकी के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही शिफ्ट डिजायर कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटोरिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ऑटो चालक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया वहीं कार चालक वहां से फरार हो गया। पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# बाइक और ट्रैक्टर में टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

जनसंदेश न्यूज



**जंघई।** जंघई-जरौना मार्ग पर अमाई गाँव के पास प्राथमिक विद्यालय के सामने टैक्टर व बाईक में भिड़न्त होने से जहां एक युवक की मौत हो गयी वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मीरगंज थाना के अमाई गाँव निवासी आशू पाल पुत्र सत्यनारायण पाल 25 वर्ष मुम्बई रहता है। पांच दिन पहले ही वह मुम्बई से घर आया था। रविवार दोपहर एक बजे के लगभग वह घर से डीजल लेने जंघई गया था। वहां से वह डीजल लेकर लौट रहा था उसके साथ उसका एक साथी विकास यादव भी था। वह अमाई गाँव के पास जंघई प्राथमिक विद्यालय के सामने पहुंचा था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर से टकरा गये जिससे दोनों को गंभीर चोट आयी दोनो घायल हो गये। मौके पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे कि रास्ते में ही आंशु पाल 25 वर्ष की मौत हो गयी जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक पांच भाईयों में चौथे नम्बर पर था। मृतक की मां कमला देवी व परिजनों के करुण क्रन्दन से कोई अपने आंसू नहीं रोक पा रहा है। घायल विकास 27 वर्ष को इलाज के लिए प्रयागराज के एक निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुच गयी। चौकी इंचार्ज मुन्नी लाल कनौजिया ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया की मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### घराती और बाराती भिड़े पांच घायल

**सुइथाकला।** पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के अखण्ड नगर क्षेत्र से सराय मोहिउद्दीनपुर स्थित एक मैरेज लान में शुक्रवार को आई बारात में किसी बात पर मारपीट हो गई। जिसमें बाराती पक्ष से कुल पांच लोग घायल हो गए। मामला पुलिस में जाने पर रविवार को सभी का स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि उक्त बारात में सुल्तानपुर जनपद के अखण्ड नगर निवासी शिवा गुप्ता 15 पुत्र सुभाष, अमन अग्रहरि 21, राज अग्रहरि पुत्रगण उमाशंकर, अमित अग्रहरि 23 पुत्र पृथ्वीराज व सरपतहां क्षेत्र का डीह असरफाबाद गांव निवासी आदर्श अग्रहरि 20 पुत्र जय प्रकाश घायल हो गए। मामला पुलिस में जाने के बाद रविवार को सभी का स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया जहां राज की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मामले में थानाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर मामले में मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिस टीम ने सात वारंटियों को दबोचा



**खेतासराय।** अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की धर-पकड़ अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने कोर्ट से फरारी काट रहे सात वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि पोस्ट ऑफिस मोहल्ला निवासी लाल बहादुर पुत्र भीखूराम, बभनौटी मोहल्ला निवासी शारदा प्रसाद पुत्र गरीब सोनकर, पाराकमाल निवासी विक्रम पुत्र झगडू, शाहापुर निवासी जय प्रकाश पुत्र रमईलाल, तारगाहना निवासी अजय पुत्र पतिराम, रुधौली निवासी सुरेन्द्र पुत्र अच्छेलाल व जमीन रुधौली निवासी सेवालाल बिन्द पुत्र जयराम को विभिन्न जगहों से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उपनिरीक्षक मोहम्मद तारिक अंसारी, उपनिरीक्षक रवींद्रनाथ तिवारी, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र प्रसाद, नफीस अहमद, शिवगोविंद यादव, संजय पाण्डेय, राकेश यादव, मैनुद्दीन अंसारी, कांस्टेबल अनिल यादव कमलेश यादव शामिल रहे।

## आर्टिगा कार ने सड़क किनारे खड़ी डिजायर को मारी टक्कर, दो घायल



**केराकत।** केराकत-देवगांव मार्ग अकबरपुर गांव के समीप रविवार की शाम सड़क के किनारे खड़ी डिजायर कार को पीछे से आ रही आर्टिगा कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे डिजायर कार व सामने से गुजर रही मैजिक पिकअप खाई में जा गिरी।

वही आर्टिगा कार में सवार माता व पुत्र घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। विदित हो कि सीमा सिंह, अभिनव सिंह परिवार के साथ विन्ध्याचल से दर्शन कर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही अकबरपुर गांव के समीप पहुंचे कि सड़क के किनारे खड़ी डिजायर को टक्कर मार दी। जिससे डिजायर समेत सामने से जा रही मैजिक पिकअप खाई में जा गिरी। टक्कर में आर्टिगा सवार सीमा सिंह व अभिनव सिंह घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुन आस-पास के लोगों की भीड़ इकट्ठा होकर घायल के उपचार हेतु निजी अस्पताल भेजवा दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पंहुची पुलिस छानबीन में जुटी रही। गनीमत रहा कि डिजायर कार सवार गाड़ी खड़ी कर सब्जी लेने दुकान पर गया हुआ था। घायल ग्राम महोली, थाना तरवां, जनपद आजमगढ़ के बताये जा रहे हैं घायल लोग हेड कांस्टेबल आजाद सिंह के परिवार के हैं जो वर्तमान में स्थानीय कोतवाली में पीआरबी वाहन में तैनात है।

## बाइक व साइकिल की टक्कर, तीन घायल

**खेतासराय।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनेछा (यूनुसपुर) बाजार में बाईक की टक्कर से दो बच्चियां घायल हो गई तथा बाईक चालक भी बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से निजी चिकित्सालय पहुँचाया गया जहां चिकित्सकों ने बाईक सवार की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। सूत्रों के हवाले से शाहगंज निवासी अशहल (16 वर्ष) बरंगी रिश्तेदार के यहां अपाचे बाईक से वापस घर जा रहा था कि उक्त बाजार मे मनेछा गाँव निवासी आंसू यादव (16 वर्ष) पुत्री कलिका प्रसाद यादव अपनी छोटी बहन शिवानी (13 वर्ष) के साथ उक्त बाजार में कुछ काम से जा रही थी कि बाईक सवार पीछे से टक्कर मारते हुए खुद भी गिर गया और घायल हो गया। घायलावस्था में दोनों बच्चियों को निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया। शिवानी को उपचार के बाद घर भेज दिया गया जबकि आंसू का इलाज चल रहा है। वहीं बाईक चालक को चिकित्सकों ने रेफर कर दिया।

# छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

**आयोजन**

### एमएसडी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण सरंक्षण के प्रति किया जागरूक

**नौपेड़वा।** आज के नन्हें-मुन्ने बच्चे ही कल के देश के कर्णधार है। इन्हें आज हम जैसा संस्कार देंगे कल वे वैसे ही ढल जाएंगे। उक्त बातें एमएसडी इंटरनेशनल स्कूल रस्तीपुर नौपेड़वा विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने रविवार को वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि आज विद्यालय का विकास देख मन बाग-बाग हो गया। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत जल संचय, पर्यावरण संरक्षण जैसे ज्ञानवर्धक प्रस्तुति को देख सराहना की।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रस्तुतियां पेश कर अभिभावकों का मन मोह लिया। बेहतरीन अभिनय करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थापक रामनाथ निगम, विनोद कुमार निगम, अध्यक्ष डॉ. पारस नाथ निगम, एमडी अमन निगम, प्रधानाचार्य अरविंद यादव, रिंकू निगम, अभिनय सिंह, ब्रह्मदत्त, अंजली, रुचि मिश्रा, अंशिका यादव, मिथिलेश मिश्र, आशीष यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। आये हुए लोगों के प्रति आभार प्रबन्धक डॉ. अजय निगम ने जताया तथा संचालन दीपक मिश्र ने किया।

# स्वास्थ्य केंद्रों का सीएमओ संतोष कुमार चक ने किया निरीक्षण

**सख्ती**

### अनुपस्थित व लापरवाह कर्मियों पर की कार्रवाई



**भदोही।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सन्तोष कुमार चक ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदोही, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीघ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज, उपकेंद्र लखनों, उपकेंद्र गहर पुर, उपकेंद्र कालिका नगर, उपकेंद्र गेराई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित व लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों के वेतन पर रोक लगा दी।

उपकेंद्र लखनो के निरीक्षण संज्ञान में आया कि सुष्मिता चौधरी एफएनएम उपकेन्द्र पर निवास बनाकर नहीं रहती है एवं प्रसव भी ही नही करती हैं।सीएचओ पवन सोनी अनुपस्थित मिले, सीएमओ ने दोनों स्वास्थ्यकर्मियों का सात दिन का वेतन रोक दिया। उपकेंद्र गेराई में सीएमओ के निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर संगीता सुमन एएनएम एवं विभा पटेल सीएचओ, समा फिरदोश बीसीपीएम का व उपकेन्द्र गहरपुर की प्रियंका देवी एएनएम एवं राधा देवी सीएचओ का सात दिन का वेतन रोक दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डीघ, गोपीगंज व भदोही के निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने जरूरी दिशा निर्देश दिया।

## पर्यावरण व स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश लेकर निकाली साइकिल यात्रा



**गोपीगंज।** साइकिलिंग क्लब भदोही की ओर से रविवार को निकाली गई साइकिल यात्रा में शामिल लोगों ने स्वस्थ्य रहने व पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। साइकिल यात्रियो ने कई गांव का भ्रमण कर लोगों को स्वस्थ रहने व पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरुक किया।

गोपीगंज राजमार्ग बड़ा चौराहा से निकाली गई यात्रा को क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पश्चात साइकिल यात्रा गांधी गांव मे पहुची। जहां साइकिल यात्रियो का स्वागत किया गया। समाजसेवी केदारनाथ पांडेय ने साइकिलिंग क्लब की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधा रोपण जरुरी है उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए साइकिलिंग जरुरी है। कहा कि साइकिल चलाना एक बेहतरीन योग है, आस पास के काम साइकिल से या पैदल करना चाहिए। खुद साइकिल यात्रा में शामिल होकर पौधा लगाओ पर्यावरण बचाओ, हम सबने ये ठाना है पूरे भदोही को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, कौलापुर आदि गांव का भ्रमण करते हुए इंटर कालेज गोपीगंज पहुच कर समापन किया। साइकिल यात्रा में संकठा प्रसाद पांडेय, शशि कांत, राहुल पांडेय, प्रभात, कमलेश विश्वकर्मा, आलम अंसारी, फैज, अनिल बिंद समेत अन्य रहे।

## संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, आज निकाली जाएगी कलश यात्रा

**गोपीगंज।** नगर मे ज्ञानपुर रोड पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए ताड़केश्वरनाथ अग्रहरि ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 09 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। 15 दिसंबर तक आयोजित कथा मे पंडित शेषधर पांडेय कथा का रसपान कराएगे।रविवार को पूणार्हुति एवं हवन 16 दिसंबर को महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है।

### छत से गिरकर मजदूर की मौत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत खुटहन मार्ग स्थित नयी आबादी मोहल्ला में एक मकान पर काम करने के दौरान एक मजदूर अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर के नयी आबादी मोहल्ला के खुटहन मार्ग स्थित अशोक यादव के मकान पर आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के बागभार गांव निवासी 48 वर्षीय अरविन्द पुत्र राम बहाल रोज की भांति मकान पर मजदूरी का काम कर रहा था कि तीसरे माले पर काम करने के दौरान अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर गया जिसके चलते मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पल्स पोलियो महाभियान पर खुले रहे स्कूल



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय क्षेत्र के विद्यालयों में नन्हे मुन्ने बच्चों को आशा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों सहित अध्यापकों ने सुबह से ही प्रचार प्रसार कर छोटे छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इसी दौरान कंपोजिट विद्यालय गरियाँव में स्कूल पर स्लोगन लिख कर "हम सबने ठाना है पोलियो दूर भगाना है"। प्रधानाध्यापक संजय कुमार मिश्र ने घर घर जाकर अभिभावकों को अपने पाल्यों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु प्रेरित करने के साथ ही बूथ पर बच्चों को माल्यार्पण कर दवा पिलाने के बाद फल और मूंगफली की चिक्की भी वितरित किया गया जिससे बच्चे और उनके अभिभावक बहुत खुश नजर आये। दोपहर करीब 12 बजे तक गरियांव स्कूल पर 102 बच्चों ने पोलियो की खुराक पी ली थी।

### सड़क दुघर्टना में बाइक सवार युवक घायल



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ौना गांव के समीप सड़क दुघर्टना में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के बड़ागांव निवासी 30 वर्षीय हीरालाल बिंद पुत्र राजेन्द्र बिंद रविवार की शाम बाइक से शाहगंज की तरफ आ रहा था कि बड़ौना गांव के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## पोलियो ड्रॉप पिलाकर सीडीओ ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ



जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** महाराजा चेतसिंह चिकित्सालय में रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शिवाकांत द्विवेदी ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि जिले में कुल 2,74,000 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी।

जिला अस्पताल से अभियान का आगाज करते हुए सीडीओ ने इस अभियान को हर बच्चे तक पहुंचाने की अपील की। सीडीओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले के प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे। अभियान के दौरान जिन बच्चों को पोलियो ड्रॉप नहीं मिल पाएगी, उनके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम डोर-टू-डोर सेवा प्रदान करेगी। इस अवसर पर डॉ. संतोष चक, एडिशनल सीएमओ और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहयोग की अपील की।

## केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने किया रामपुर घाट पर भूमि पूजन, बन रहा दूसरा पुल

**शुभारंभ**

### रामपुर घाट पर पुल बनाये जाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज



**गोपीगंज।** नगर क्षेत्र के रामपुर गंगा घाट पर पक्का पुल बनाए जाने की मांग काफी दिनों से चल रही थी। मौजूदा सरकार द्वारा रामपुर गंगा घाट पर पुल बनाने की मांग को स्वीकृत भी कर लिया। ऐसे में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा रामपुर घाट के दूसरी छोर जोपा गंगा घाट पर रामपुर घाट तक पुल बनाए जाने की मांग को लेकर भूमि पूजन भी किया और उन्होंने बताया कि धन भी आवंटित हो गया है, लेकिन पक्का पुल रामपुर घाट पर न बनाकर अन्य घाट पर बनाया जा रहा है, जिससे आक्रोशित व्यापारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग चौराहे पर जमकर नारेबाजी किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने कहा कि रामपुर गंगा घाट प्राचीन गंगा घाट है और इसी गंगा घाट पर भूमि पूजन भी किया गया, ऐसे में पक्का पुल को अन्यत्र ले जाने पर यहां के व्यापारियों में आक्रोश बना हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन सहित मुख्यमंत्री से मांग किया कि रामपुर गंगा घाट पर ही पक्का पुल बनाये जाने की कवायद पूरी की जाए नही तो व्यापारी आंदोलन के लिए बंद होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से दिनेश कुमार, जगदीश उमर वैश्य, गुड्डू गुप्ता, अनीस जायसवाल, मुहम्मद आलम, मनोज कुमार, राम जी गुप्ता, पप्पू राइन, नूर आलम आदि लोग रहे।

## जीवन में अंधकार दूर करता है आदर्श और सत्संग

**महोत्सव**

### धूमधाम से मना श्रीश्री ठाकुर का जन्मोत्सव

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** परम प्रेममय श्रीश्री ठाकुर अनुकूल जी का 137वां जन्म महोत्सव सत्संग विहार कमलानगर के तत्वावधान में रविवार को बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान में धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें हजारो लोगो ने भागीदारी की।

धर्मसभा में विभिन्न प्रान्त और जनपदों से वक्ताओं ने कहा कि बिना ईष्ट और सदगुरू के अच्छा मानव बनना संभव नहीं है। जब तक व्यक्ति के जीवन में आदर्ष नहीं रहेगा वह सुमार्ग पर नहीं चल पायेगा और उसके जीवन से अंधकार दूर नहीं होगा। वक्ताओ ने कहा कि यजन याजन, याजन और ईष्टभृत्ति के माध्यम से जीवन जीवन को नियंत्रित करने में सफलता मिलती है। इसके पूर्व सवेरे साढ़े चार बजे से वेद मांगलिकी शहनाई से महोत्सव आरंभ होकर ऊषा कीर्तन, धर्मग्रन्थ पाठ एवं भजन हुआ। तत्पश्चात षोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान जय राधे राधे कृष्ण कृष्ण से पूरा बाजार गुंजायमान हो गया। दोपहर में मेडिकल कैम्प में सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए।

इसके बाद धर्म सभा में वक्ताओं ने कहा कि सत्संग और श्रीश्री ठाकुर पर विश्वास करने से जीवन में प्रकाश आता है। धर्म बचने बढ़ने का रीति और नीति है। अपनी प्रवृत्तियों को नियंत्रित करने के लिए एकनिष्ठ होकर आदश से जुड़ना होगा। जीवन का आधार आदर्श को बनाना होगा जो सच्चा मानव बनाने में सहायक होगा। कहा कि ठाकुर का कहना था कि हमे जंगल का सन्यासी नहीं गृहस्थ सन्यासी चाहिए जो पूरे परिवार को आदर्ष से जोड़कर आगे बढ़े। विद्वान वक्ताओं ने कहा कि गृहस्थ जीवन में संयमित रहते हुए अपने कार्य व्यवहार से आदर्श प्रस्तुत करे बड़ी बड़ी बातों से कोई प्रभावित नहीं होता। अपनी कथनी और करनी में एकरूपता रखनी होगी। मुख्य अतिथि बीएचयू के प्रोफेसर व लोक संवा आयोग के सदस्य रहे डा. आरएन त्रिपाठी रहे। धर्म सभा को एस बहादुर आले देहरादून, श्याम नारायन सिंह गाजीपुर, प्रकाशचन्द झा गोरखपुर, डा. पंकज सिंह प्रयागराज, षिवनाथ यादव बरेली, चितरंजन कैमूर बिहार ने सम्बोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. नीलेश श्रीवास्तव और संचालन काली प्रसाद सिंह एडवोकेट ने किया।

## संदिग्ध परिस्थिति में सर्विसिंग सेंटर के कुएं में मिली युवक की लाश

**खुटहन।** शाहगंज मार्ग पर संचालित एक वाहन की धुलाई सेंटर पर कार्यरत एक युवक की रविवार को सर्विस सेंटर के कुएं में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश पाये जाने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। घटना को लेकर थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

खुटहन बाजार निवासी मुहम्मद अजीज के 25 वर्षीय पुत्र डब्बल शाहगंज मार्ग के कैराडीह गांव में सुबास सर्विसिंग सेंटर पर नौकरी करता था। वह उसी सेंटर पर रात्रि विश्राम भी करता था। रविवार की सुबह सर्विसिंग सेंटर के कुंए में उसका शव उतराया पाया गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को बाहर निकलवाकर अस्पताल ले गई जहां देखते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत होती है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

## सनातन विस्तार योद्धा तैयार करना संस्कृति संवाद यात्रा का लक्ष्य : कृष्णा नन्द पाण्डेय

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** धरोहर संरक्षण सेवा संगठन द्वारा सनातन विस्तार के उद्देश्य को लेकर अनवरत चल रहे संस्कृति संवाद यात्रा की बैठक का (19वाँ पड़ाव) श्री सभाकर शिक्षण संस्थान इण्टर कॉलेज,बरैछे, चंदवक में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन केराकत ने किया।

मुख्य वक्ता संगठन के प्रमुख संयोजक कृष्णा नन्द पाण्डेय ने कहा कि आज जो परिवेश चल रहा है यह पूरे विश्व मे सनातन धर्म के लिए संक्रमण काल है। सनातन धर्म को विधर्मि राक्षसों के द्वारा खत्म करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश मे हिंदुओं के साथ जो बर्बरता हो रही है उससे मानवता शर्मसार हो रही है। इस शर्मनाक कृत्य से बचने के लिए हर सनातनी को साधक के साथ योद्धा बनना होगा। शस्त्र व शास्त्र दोनों मे पारंगत हर सनातनी होगा तभी मानवता की रक्षा हो पाएगी।

अभी समय है अवसर है, हर सनातनी को अपनी सुरक्षा के बारे मे सोचने का। भारत का हर सनातनी हिन्दू जब योद्धा बनेगा तभी सनातन संस्कृति का विस्तार होगा यह कहना अतिशयोक्ति नहीं हैं कि सनातन ही मानवता का रक्षक है। सनातन के विस्तार से ही मानवता की रक्षा सम्भव है, वक्ताओं में गौरव मिश्र ने कहा कि हर सनातनी को सैनिक व सनातन विस्तार योद्धा बनना पड़ेगा, अब समय आ गया है हर सनातनी को साधक के साथ योद्धा बनना होगा। विन्ध्यवासिनी पाण्डेय ने कहा कि सनातन संस्कृति को जन जन तक पहुँचाना होगा। हमारी परम्पराएँ ही पूरी दुनिया को सुख की अनुभूति कराती है। अनुराग सिंह ने कहाकि सनातन संस्कृति विश्व का कल्याण हो का उद्घोष करती है, ऐसी परम्परा, संस्कृति की रक्षा के लिए हमे अपने सर्वोच्च बलिदान के लिए तैयार रहना होगा।

## कंबल पाकर वृद्ध असहायों के खिले चेहरे



जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** क्षेत्र के ग्राम सभा सागररायपुर में उमंग आर्मी संस्था द्वारा जरूरत मंद ग्रामीणों को निःशुल्क कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के दो सौ से अधिक ग्रामीण बुजुर्ग एवं असहाय लोगों को सर्दी से बचने के लिए कम्बल वितरित किया गया। विगत सात वर्षो से अस्तित्व में आई, उमंग आर्मी संस्था सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभावग्रस्त लोगों की सेवा करती आ रही है। संस्था का उद्देश्य सभी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधा प्रदान करना है जिसके लिए ग्रामीण जन जीवत वंचित रह जाता है।

शीत ऋतु में ठंड से बचने के लिए वृद्धजनों को कंबल वितरित कर संस्था के सदस्यों ने बताया कि आगामी दिनों में गरीब बच्चों को स्टेशनरी एवं शिक्षा एवं गरीबों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाकर मोतियाबिंद सम्बन्धी अन्य सुविधा प्रदान करने के लिए आयोजन प्रस्तावित है। इस अवसर पर शिव कुमार चौवे, सुभाषित तिवारी, आशीष निगम पाण्डेय, श्याम प्रकाश पाण्डेय, विमल पाण्डेय, रिशु पाण्डेय, शशिकांत चौवे, पवन पाण्डे सहित उमंग आर्मी के सम्मानित सदस्य, ग्रामीण, नागरिक एवं क्षेत्र के संभान्त लोग उपस्थित थे।

## अष्टधातु की मूर्ति चोरी प्रकरण में ट्रेनी आईपीएस ने किया निरीक्षण

**जफराबाद।** क्षेत्र के जमैथा गांव में ठाकुरवाड़ी मंदिर से 27 नवम्बर की रात हुई भगवान विष्णु व लक्ष्मी जी की अष्टधातु की हुई मूर्ति चोरी के प्रकरण में ट्रेनी आईपीएस आयुष श्रीवास्तव तथा सीओ सिटी देवेश सिंह ने रविवार को घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया। इस प्रकरण में सीओ सिटी देवेश सिंह ने बताया कि मंदिर के आसपास सभी रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक कर लिया गया है परन्तु कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला। पुलिस अब शक के आधार पर गोताखोरों को लगाकर गोमती नदी में मूर्ति की खोज कराएगी। ज्ञात हो कि जमैथा गांव कणशिवपुर पुरवा के खाले पुरवा में ठाकुरवाड़ी मंदिर है जिसमें अष्टधातु की भगवान विष्णु व लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित थी जिसे बीते 27 नवम्बर की रात चोर उठा ले गए। हालांकि पुलिस इस मामले में कई कॉल डिटेल्स इत्यादि पर गहनता से जांच कर चुकी है।

# चोरी की दो बाइक, बैटरी, इनवर्टर व असलहे सहित 4 गिरफ्तार

### स्टेबलाइजर और दस हजार नकद भी बरामद



जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** क्षेत्र में चोरियों का बाजार गर्म रहने के बीच कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है और उसने चोरी करने वाले गैंग के चार सदस्यों को लाखों के माल मसरूका के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय के अनुसार बीते सात दिसम्बर को देर शाम कोतवाली क्षेत्र के बेलांव पुल के पास अपनी पूरी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि चोरी की एक बाइक और एक तमंचे था कारतूस के साथ अभियुक्त हाथ लग गए। पूछताछ करने पर उनकी निशानदेही पर देवकली बाजार से अन्य अभियुक्तों को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। चोरों से बरामद सामान में एक बाइक सुपर स्प्लेंडर, एक स्प्लेंडर प्लस, एक अदद स्टेबलाइजर पांच किलोवाट, एक अदद बैटरी ट्यूबलर माइक्रोटेक, एक अदद इनवर्टर 850 वाट, एक अदद तमंचा मय कारतूस और दस हजार 120 रुपए बरामद किए गए। सभी चारों अभियुक्त कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसेवा की वाले हैं जिनमें अनुज पुत्र जयसिंह चौहान, राजकुमार चौहान, पिंटू चौहान और सुमित चौहान शामिल हैं।

गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अवनीश कुमार राय, निरीक्षक अपराध विजय शंकर यादव, चौकी प्रभारी केराकत कस्बा चौकी राधेश्याम सिंह, प्रभारी मुफ़्तीगंज चौकी युगल किशोर, उपनिरीक्षक सच्चिदानंद व श्रीराम सिंह तथा हेड कांस्टेबल विनोद यादव व संजय यादव शामिल रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# सांसद निधि से 216 विकास कार्यों का लोकार्पण



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (2023-24) के तहत सांसद राज्यसभा जी.वी.एल. नरसिम्हा राव के प्रस्ताव पर वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में स्वीकृत 216 विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इन कार्यों की कुल लागत 10.40 करोड़ है।

यह कार्यक्रम महमूरगंज स्थित निवेदिता शिक्षा सदन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी.वी.एल. नरसिम्हा राव (निवर्तमान सांसद, राज्यसभा) के साथ ही विशिष्ट अतिथि

## मिलेगी सुविधा

### कुल लागत 10.40 करोड़ रुपये की है

गण स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायक कैण्ट सौरभ श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय और सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और यू.पी. सिडको, वाराणसी द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि जी.वी.एल. नरसिम्हाराव ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के विकास के लिए चल रही योजनाओं का हिस्सा है। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने पूर्व सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य वाराणसी के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। इस मौके पर अन्य अतिथियों ने भी सरकार की विकासशील नीतियों पर प्रकाश डाला और सभी को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का संचालन आशुतोष व अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन विनोद राम त्रिपाठी, परियोजना निदेशक(जिला ग्राम्य विकास अभिकरण) ने किया। कार्यक्रम में भाजपा के महानगर महामंत्री अशोक पटेल, उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, पूर्व क्षेत्रीय संयोजक अमित राय, अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण विभाग) पंकज राय, सहायक अभियंता (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण) विनोद राय, सहायक अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण विभाग) शेखर राय व मयंक चौधरी, अवर अभियंता (सिडको) एस. पी. राय, विक्रम विज, मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा गोपाल, पार्षदगण श्यामआसरे मौर्य, चंद्रनाथ मुखर्जी, मदन मोहन तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि गण राजीव सिंह पटेल, पुन्नू लाल बिंद, नवनीत पांडेय अतुल, पूर्व पार्षद भरत जायसवाल, राजेश सिंह, राजन बिंद, वेद प्रकाश मिश्रा, सुधीर जायसवाल, राज कुमार खरवार, राहुल जायसवाल, प्रिंस केशरी, मल्लू गौड़, वैभव मिश्रा, दीपक कसेरा, किशन शर्मा समेत कई अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थित रही।

## विधायक ने दो बूंद दवा पिलाकर किया शुभारंभ

### जनपद में रविवार को 2,65,066 बच्चों ने ली पोलियोरोधी दवा



**वाराणसी।** पल्स पोलियो अभियान के तहत बूथ दिवस पर रविवार को जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गयी। इसका शुभारंभ स्वामी विवेकानंद मेमोरियल चिकित्सालय (एसवीएम), भेलूपुर परिसर में बनाए गए बूथ पर कैंट विधायक शौरभ श्रीवास्तव ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान अभी पोलियो मुक्त नहीं हुये हैं, जिसके कारण हमारा देश पोलियो मुक्त होने के बावजूद भी यहां पोलियो रोधी दवाएं पिलायी जा रही हैं। आप सभी अभिभावक अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलवायें, जिससे जनपद को पोलियो मुक्त रखा जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि रविवार को जनपद में कुल 2,65,066 बच्चों ने पोलियो की खुराक ली है घर-घर भ्रमण के लिए कुल 1265 टीमें भी लगाई गई हैं। तथा 36 ट्रांजिट टीमें बनाई गई हैं बूथ तक न पहुंच पाने वाले बच्चों के लिए 9 दिसम्बर से घर-घर जाकर पोलियो की खुराक देने का काम होगा। इसके बाद भी अगर कोई बच्चा दवा पीने से वंचित रह जाता है तो उसे 16 दिसम्बर को पोलियो की खुराक दी जायेगी। इसलिए सतर्क रहें और अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलायें। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एके मौर्या, अधीक्षक एसवीएम भेलूपुर डॉ क्षितिज तिवारी, डब्ल्यूएचओ की एसएमओ डॉ चेल्सी, यूनिसेफ के डीएमसी डॉ शाहिद, यूएनडीपी की वीसीसीएम रीना वर्मा तथा अस्पताल के कर्मचारियों सहित जनसमुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## जैपुरिया स्कूल बाबतपुर 28 पदकों के साथ प्रथम



**वाराणसी।** सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल समूह द्वारा लखनऊ में आयोजित जैपुरिया स्कूलों की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता पिनाकल-2024 में जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर कैंपस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 28 पदकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 55 विद्यालयों के 5500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक आदि में प्रतिभाग किया।

जैपुरिया बाबतपुर के खिलाड़ियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 19 स्वर्ण, छह रजत व तीन कांस्य पदक प्राप्त किए और 185 अंकों के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया। 104 अंकों के साथ जैपुरिया पड़ाव कैंपस दूसरे व 91 अंक के साथ लखनऊ का गोमतीनगर कैंपस तीसरे स्थान पर रहा। जाह्नवी कौल, अंशुमान राय देवांश जायसवाल, अनन्या सिंह, अमन यादव व शिवांगी आदि ने स्वर्ण, आयुष, अनु कुमारी, अंशिका पाल ने रजत व अंकिता, मिहिर व नेत्रा तिवारी ने कांस्य पदक जीता। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निदेशक कनक गुप्ता ने विजेताओं व समूह को मेडल व ट्राफी के साथ सम्मानित किया।

जैपुरिया स्कूल बनारस के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने हर्ष जताते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। इस ऐतिहासिक जीत में खेल प्रशिक्षक रक्षित पुरी, आरबी सिंह, मृत्युंजय सिंह, ब्रजेश सिंह, राकेश पाल, दीपक मिश्रा, निशा निषाद आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही। विद्यालय पहुंचने पर हास्टल अधीक्षक कमल ठाकुर ने विजेता टीम का भव्य स्वागत किया।

# धर्म मोहब्बत का है, ये न किसी हिंदू और न मुसलमान का है...

## कवि सम्मेलन

### शुभांकर कवि सम्मेलन में कवियों ने रचनाओं से किया प्रभावित

### रचनाओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर व्यंग्य बाण चलाया

### काव्य पाठ चलता रहा और बजती रहीं तालियां

### अशोका इंस्ट्ीट्यूट में कवि सम्मेलन का आयोजन

**वाराणसी।** पहड़िया स्थित अशोका इंस्टीट्यूट के सभागार में रविवार को पूर्वाह्न में आयोजित शुभांकुर कवि सम्मेलन में दर्जनों रचनाकारों ने भाग लेकर अपनी रचनाओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर व्यंग्य वाण चलाया। कविताओं व गजलों पर सभागार में तालियां बजती रही और श्रोता वाह-वाह करते रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रो आशा गुप्ता विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में चंदना राम इकबाल निर्देशक राज्य हिंदी संस्थान और विशिष्ट अतिथि के रूप में राम अवतार शर्मा श्रम प्रवर्तन अधिकारी रहे। कार्यक्रम में पूरे पूर्वांचल से एक से बढ़कर एक कवि और कवयित्री ने अपनी अनुपम रचनाएं सुनाये और गुदगुदाये। ऑडिटोरियम पूरा खचाखच भरा था। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ डी.आर. विश्वकर्मा ने गंगा की अविरलता पर कविता सुनाते हुए वाणी और प्रबंधन पर प्रकाश डाला। संयोजक नरसिंह मौर्य ने सामाजिक अनुसंधान पर स्वरचित कविताएं सुनाई। कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ वी के शर्मा एक शिक्षक ने अपनी रचना को सुनाते हुए अनकही बात को कहती है, कविता, ख्वाबों की सैर कराती है कविता, दिल की बात जुबां पर लाती है कविता, कवि सम्मेलन भी कराती है कविता की बेहतरीन प्रस्तुति दिया। कवि सम्मेलन की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। मां शारदे वीणावादिनी दयानिधि दुःख हारिणी विद्यादायिनी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट



अतिथियों व अन्य गण्यमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित किया। इसके साथ ही काव्य पाठ की शुरुआत हुई।

श्यामलाल यादव फक्कड़ गाजीपुरी ने काव्य पाठ की शुरुआत कुछ यूं की- बानगी देखिये-मां का पीकर दूध लाल जब बाहर लहू बहाता है, वहीं जहां-जहां पर बेटा दूध का कर्ज चुकाता है। श्यामलाल यादव फक्कड़ गाजीपुरी पहड़िया में पूर्व मंडी सचिव रहे। इसके बाद लोहता से आये शिक्षक अरविंद सिंह ने काव्य पाठ किया- उन्होंने काव्य की व्याख्या की। कहा-धर्म मोहब्बत का है, ईमान का है, ये ना किसी हिंदू का है और ना मुसलमान का है।

तत्पश्चात आजमगढ़ से आये शिक्षक आरपी सिंह ने कुछ यूं काव्य पाठ किया।- ए वीर सिपाही संभल चलो, तुम अपने जीवन पथ पर। इसके बाद पूर्व जिला विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. डीआर विश्वकर्मा ने कहा कि रचनाकार, शब्द शक्ति व भाषा का उपासक होता है। इसके बाद चांदमारी से आये कुमार महेन्द्र ने सुनाया-रोज मिलक रर भी वो क्यू अजनबी बनती है, ये हवा भी जरा-जरा सी लगती है। डा. वेद प्रकाश वेदी ने मेरे गांव की पंगडंडिया पर काव्य पाठ किया। मऊ से आये सुनील हवाई गढ़ ने कभी तो ख्वाब में भी आती नहीं हो तुम सुनाया।

शिक्षक अरविंद कौशल ने चमन के बाग ले कलियां सजा के ले आया हूं। जबकि अरविंद द्विवेदी ने काशी हूं अविनाशी हूं सुनाया। सुरेश अकेला ने हमारा देश दुनिया से न्यारा है सुनाया। कवि और कवित्रियों के सम्मान जेएचडी कंपनी के चेयरमैन अरविंद शर्मा ने अंगवस्त्रम भेंट करके किया गया। सभी उपस्थित कवियों एवं कवित्रियों को काव्य के पथिक मंच के द्वारा प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

आमंत्रित प्रमुख कवियों में अजय कुमार शान जौनपुर, नाथ सोनांचली डॉ अरविंद द्विवेदी, डॉ.सुरेश अकेला, शायर शारिक मखदूम फूलपुरी, श्याम लाल यादव फक्कड़ गाजीपुर, अनिल राजभर अरविंद सिंह ,डॉ.फूलचंद विश्वकर्मा सौरभ, डॉ छोटेलाल मनमीत, राजबहादुर राज, डॉ वेदप्रकाश बेदी कुमार महेंद्र आदि ने एक से बढ़कर एक काव्य रचना की प्रस्तुति दिया।

आलोक यादव शिक्षक कवि और अशोका इंस्टीट्यूट के परिवार की ओर से सभी को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यतः अजीत कुमार, रघुवर दास, श्रीनाथ, श्याम बाबू, मनोज विश्वकर्मा, राममूरत, अवनीश अवस्थी, डॉ प्रदीप जायसवाल, शशिधर पंचगौड, कुमुद, मनीषा, संध्या दीपक संगीता, निशा आदि मौजूद थे।

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ आईएमए का चुनाव



**वाराणसी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का चुनाव रविवार को सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुआ, मतगणना देर रात तक जारी रहा। लहुराबीर स्थित आईएमए के सभागार में रविवार को सुबह नौ बजे चुनाव शुरू हुआ। अध्यक्ष उपाध्यक्ष वित्त सचिव संयुक्त सचिव सहित कुल 97 पदों के लिए वोट डाले गये। कुल 163 प्रत्याशी मैदान में थे। शाम पांच बजे तक मतदान

## एलेक्शन

### देर रात तक जारी रहा मतगणना

का कार्य होता रहा। इसके बाद देर रात्रि को मतगणना का कार्य शुरू किया गया। सभी पैनलों के लोग अपनी अपनी लॉबी के लिए चिकित्सकों से वोट मांगते रहे।पूरे परिसर में ही वोट डालने के लिए बूथ बनाया गया था।

# दक्षिण कोरिया की संसद ने दिखाया दम



## विधेयक लौटाया

### राष्ट्रपति के मार्शल लॉ लगाने के फैसले को सांसदों ने मिलकर लौटाया, राष्ट्पति ने बाद में सारे देश से माफी मांगी

**दक्षिण कोरिया** के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने देश में मंगलवार रात मॉर्शल लॉ लगाया लेकिन बुधवार सुबह उन्हें अपना फैसला पलटना पड़ा। विपक्षी सांसद सैन्य मौजूदगी के बावजूद संसद में दाखिल हुए और उन्होंने मार्शल लॉ लगाने वाले विधेयन को रद्द कर दिया। इसके बाद बढ़ते दबाव के बाद उन्होंने पूरे देश से इसके लिए माफी मांगी।

इससे पहले राष्ट्रपति यून ने देर रात एक टीवी संबोधन में इसका एलान करते हुए कहा कि देश से उत्तर कोरियाई समर्थक को हटाने के लिए ये कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि देश की उदारवादी संवैधानिक व्यवस्था को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। राष्ट्रपति योल ने कहा कि उनके पास मार्शल लॉ लगाने के अलावा और कोई चारा नहीं था. हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि इसके तहत क्या खास कदम उठाए जाएंगे।

भले ही राष्ट्रपति ने आपातकालीन मॉर्शल लॉ लागू करने का एलान किया हो, लेकिन देश में सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं और विपक्ष दोनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया था। समाचार एजेंसी योन्हाप ने विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे म्युंग के हवाले से कहा है कि मार्शल लॉ का एलान असंवैधानिक है। समाचार एजेंसी के मुताबिक सत्ताधारी दल पीपुल्स पावर पार्टी के अध्यक्ष हान दोंग-हून ने इस फैसले को वापस लेने की अपील की है और इसे गलत करार दिया है, राष्ट्रपति यून इसी पार्टी के सदस्य हैं।

## नेशनल असेंबली में सांसदों को घुसने से रोका

देश में मार्शल लॉ लगाने के एलान के साथ ही सेना ने सभी अर्द्धसैनिक गतिविधियों को निलंबित कर दिया था। योन्हप न्यूज एजेंसी ने कहा कि नेशनल असेंबली के सदस्यों को बिल्डिंग में घुसने से रोक दिया गया है। दक्षिण कोरिया के प्रमुख विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी ने सभी सांसदों को नेशनल असेंबली में इकट्ठा होने के लिए कहा था। सेना और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद सांसद मतदान कक्ष तक पहुंचे और राष्ट्रपति के निर्णय को निरस्त कर दिया। संविधान के प्रावधान मार्शल लॉ कमान को सांसदों की गिरफ्तारी से रोकता है इसलिए सेना उन्हें नहीं रोक पाई। दक्षिण कोरिया में विपक्ष के नेता ली जे म्युंग ने सोल में लोगों के मूड की झलक दी। न्होंने कहा कि मार्शल लॉ में अमूमन लोगों को कुछ गतिविधियों को अंजाम नहीं देने से रोका जाता है, लेकिन सोल की सड़कों पर सेना की मौजूदगी के संकेत नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने वहां पुलिसकर्मियों से बात की। उन्हें भी राष्ट्रपति के इस फैसले की वजह समझ नहीं आ रही है। एक पुलिसकर्मी ने कहा कि वो भी इसे लेकर आश्चर्यचकित हैं। राजधानी की सड़कों पर लोग सामान्य हैं। लोगों को इस फैसले पर अचरज हो रहा है, फिलहाल तो ये सिर्फ राजनीतिक कदम लग रहा है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी कई विवादों और स्कैंडल में फंस चुके हैं। राष्ट्रपति यून सुक-योल पीपुल्स पावर पार्टी के नेता हैं। उन्होंने 2022 में अपने प्रतिद्वंद्वी ली जे म्युंग को सिर्फ 0.7 फीसदी वोटों के अंतर से हराया था। 1987 में दक्षिण कोरिया में सीधा चुनाव होने के बाद से ये सबसे कम जीत का अंतर था। राष्ट्रपति यून पिछले कुछ समय से काफी अलोकप्रिय रहे हैं। कई विवादों और स्कैंडल में फंसने की वजह से जनता में उनकी रेटिंग लगातार कम हो रही है। उनकी पत्नी भी कुछ कथित घोटालों और विवादों से जुड़ी रही हैं। उन पर शेयरों के दामों में हेराफेरी, रिश्वत के तौर पर लग्जरी डियोर हैंडबेग लेने का आरोप था। पिछले दिनों राष्ट्रपति ने इस मामले पर ये कह कर माफी मांगी थी कि उनकी पत्नी को अच्छा व्यवहार करना चाहिए था। संसद में अपने एजेंडे को लागू करने के लिए भी उन्हें मशक्कत करनी पड़ रही है क्योंकि इसमें विपक्षी सांसदों का बहुमत है।

# ...तो इसलिए माने एकनाथ शिंदे

## संकट तो पार्टी में था

### सत्ता से परे हटते तो पार्टी के विधायक बागी हो जाते

### खुद उनका अस्तित्व पॉवर पॉलिटिक्स पर आधारित है



**चुनाव नतीजों** के बाद से एकनाथ शिंदे ने अपनी पोजीशन को लेकर सबको नचाए रखा। कुछ साफ संकेत नहीं दिया जबकि बीजेपी अबकी सीएम का पद उन्हें नहीं देने वाली थी। उसने 288 की संख्या वाली विधानसभा में 132 सीटें जीत लीं थीं। और जब शिंदे ने कुछदिन इधर-उधर किया तो बीजेपी ने अजित पवार से बात शुरू कर दी।

साफ इशारा था कि अड़े रहे दो बीजेपी-राकांपा के 173 विधायक सरकार बनाने को तैयार हैं। लेकिन अंत में कोई चारा न देख शिंदे साथ रहने पर माने और डिप्टी सीएम पद भी स्वीकार कर लिया। वो जमाना जा चुका है कि जो सीएम है वो डिप्टी सीएम नहीं बनेगा। सवाल नैतिकता और अनुशासन का भी है। पर महासागर में बहुत पानी बह चुका है। अब सवाल ये उठ रहा है कि 'महायुति' में शामिल शिवसेना (शिंदे) के प्रमुख एकनाथ शिंदे सीएम पद छोड़ने के लिए राजी कैसे हो गए?

महाराष्ट्र की राजनीति में अब एकनाथ शिंदे और उनकी पार्टी का सियासी भविष्य क्या होगा? महाराष्ट्र की राजनीति के जानकार मानते हैं कि शिंदे गुट के लिए सत्ता में बने रहना ज्यादा जरूरी है। महाराष्ट्र की राजनीति पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के पास इसके अलावा कोई विकल्प भी नहीं था और उनके गुट के लिए बहुत जरूरी है कि वो राज्य की सत्ता में बना रहे।

शिंदे के सामने और कोई चारा नहीं था। उनको किसी भी हालत में, बीजेपी जो भी कहे, वो मानना ही पड़ता, क्योंकि बीजेपी के विधायकों की संख्या सबसे ज्यादा है। यदि बीजेपी के पास नंबर नहीं होते तो वो इस बात पर सोचती। ढाई साल पहले जब बीजेपी की राजनीतिक जरूरत थी, तब उन्होंने शिंदे को सीएम का पद दिया और देवेंद्र फडणवीस डिप्टी सीएम बने। लेकिन अब बीजेपी की ऐसी मजबूरी नहीं थी कि शिंदे को सीएम बनाया जाए और इतने बड़े बहुमत से मिली जीत के बाद सीएम पद छोड़ दिया जाए। दूसरी ओर, शिंदे के पास कोई ऐसा ऑप्शन नहीं था, जिसमें वो दूसरे गठबंधन के साथ जाते. यदि वो इनको छोड़कर जाते भी तो बीजेपी आराम से बहुमत जुटा लेती। महाराष्ट्र विस चुनाव में इस बार बीजेपी की जीत का स्ट्राइक रेट 80 प्रतिशत से ज्यादा रहा है, जबकि शिवसेना और एनसीपी का स्ट्राइक रेट 70 प्रतिशत के आसपास रहा। यह भी माना जा रहा है कि शिंदे शायद किसी भावनात्मक मुद्दे पर भी सहमत हो गए होंगे। अथवा उनका कोई 'हिसाब' हो जिसके दबाव में आए हों। एक वजह यह भी संभव है कि आने वाले चुनावों में अगर शिवसेना को यानी शिंदे गुट को बहुमत से जीतना है तो उनको सत्ता में रहना जरूरी है। चूंकि सत्ता के बगैर वो संगठन नहीं चला सकते हैं और दोनों शिवसेनाएं बूढ़ी हो चुकी हैं, शिवसैनिक जो हम देखते हैं, उनकी उम्र 50-60 साल के ऊपर है। शिंदे ने प्रैक्टिकल सोच रखी होगी कि सत्ता में रहकर ही शिवसेना जीत सकती है। इस बार चुनाव के नतीजों ने सबको चौंकाया है। यहां तक कि सर्वे और एक्जिट पोल वालों के वैज्ञानिक अनुमान भी हवा हो गए। एमवीए तो कह रहा है कि बेइमानी से नतीजे बदले गए हैं। ऐसा परिणाम तो संभव नहीं था।

महाराष्ट्र की सत्ता में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। ऐसे में शिंदे और उनके गुट के सामने भी कुछ चुनौतियां और लाचारी सामने आ गई हैं। जानकारों का कहना है कि शिंदे की पार्टी और उनके सदस्यों के लिए सत्ता में रहना जरूरी है। क्योंकि, शिवसेना से जो लोग अलग हुए, वो लोग वही थे, जिनका कहना था कि हमें सत्ता में रहना चाहिए ताकि हम अपने लिए फंड्स लाएं और अपनी विधानसभा क्षेत्रों में काम करके खुद को मजबूत कर पाएं, महाराष्ट्र में जब एनसीपी, शिवसेना और कांग्रेस की सरकार थी तो उनको पूरा मौका नहीं मिल रहा था. इसलिए शिंदे उनको छोड़कर गए। अब फिर से वही स्थिति आ गई है, लिहाजा उनके लिए सत्ता में बने रहना जरूरी है। शिंदे के साथ जितने भी विधायक हैं उनकी भी सोच यही है।

# सीरिया में शियाओं का लंबा शासन कैसे खत्म हुआ?

**सीरियाई राष्ट्रपति** बशर अल-असद के जीवन में कई निर्णायक मोड़ रहे हैं, लेकिन हजारों किलोमीटर दूर हुई एक कार दुर्घटना ने शायद उनके जीवन को सबसे अधिक प्रभावित किया। शुरू में बशर अल-असद को अपने पिता की विरासत संभालने के लिए तैयार नहीं किया गया था। लेकिन बड़े भाई बासेल की मौत के बाद इस राह पर उनकी यात्रा शुरू हुई। बात साल 1994 के शुरूआती दिनों की है जब बशर लंदन में ऑप्थैल्मोलॉजी (नेत्र चिकित्सा) पढ़ रहे थे और दमिश्क के पास उनके बड़े भाई की एक कार दुर्घटना में मौत हो गई। इसके बाद छोटे भाई को सत्ता सौंपने की योजना की तैयारी शुरू कर दी गई। इसके बाद उन्होंने देश की बागडोर संभाली और उनके कार्यकाल में देश ने खूनी जंग देखी जिसमें लाखों लोगों की जान चली गई और दसियों लाख लोग विस्थापित हो गए। लेकिन बशर अल-असद का एक डॉक्टर से एक ऐसे निरंकुश नेता के रूप में रूपांतरण कैसे हुआ, जिन पर युद्ध अपराध के आरोप लगे?

बशर अल-असद का जन्म साल 1965 में हुआ था। उनके पिता का नाम हाफिज अल-असद था और मां का नाम अनीसा मखलूफ था। उनके जन्म का यह वही समय था जब सीरिया, मध्य पूर्व और उसके आसपास के हालात में नाटकीय बदलाव हुए। उस समय इस क्षेत्र के कई देशों में अरब राष्ट्रवाद क्षेत्रीय

## विद्रोहियों ने तख्ता पलटा

### असद को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है

राजनीति का अहम हिस्सा हुआ करता था और सीरिया भी इससे अलग नहीं था। मिस्त्र और सीरिया के बीच थोड़े समय के लिए हुए एकीकरण (1958-1961) की असफलता के बाद बाथ पार्टी ने सत्ता पर कब्जा कर लिया और अरब राष्ट्रवादी भावनाओं को बढ़ावा दिया। इस दौर के अधिकांश अरब देशों की तरह ही सीरिया में लोकतंत्र नहीं था और न ही बहुदलीय चुनाव की व्यवस्था थी।

असद परिवार का ताल्लुक अलावाइत समुदाय से है जो कि शिया इस्लाम को मानता है और यह सीरिया में सबसे पिछड़ा समुदाय था। आर्थिक मुश्किलें, इस समुदाय के बहुत से लोगों के सीरियाई सेना में शामिल होने का कारण बनीं। हाफिज अल-असद बाथ पार्टी के एक कट्टर समर्थक और एक सैन्य अफसर के तौर पर प्रमुखता से उभरे और 1966 में रक्षा मंत्री बने। हाफिज अल-असद ने सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत की और साल 1971 में राष्ट्रपति बन गए और इस पद पर वो साल 2000 तक रहे। सीरिया के आजादी के बाद के इतिहास में इतना लंबा कार्यकाल बहुत उल्लेखनीय था, क्योंकि तब तक यह कई सैन्य



तख़्तापलट का गवाह बन चुका था। हालांकि विपक्ष का दमन करते हुए और लोकतांत्रिक चुनावों को खारिज करते हुए हाफि ज अल-असद ने बहुत कड़ाई से शासन किया। लेकिन उन्होंने विदेशी नीति में व्यवहार कुशलता का परिचय दिया और सोवियत संघ के साथ गठबंधन के बावजूद, 1991 में खाड़ी युद्ध के दौरान वो अमेरिका की अगुवाई वाले गठबंधन में शामिल हो गए। हालांकि शुरू में बशर अल-असद ने राजनीति और सेना से अलग, अपना रास्ता अख्तियार किया। उन्होंने मेडिसिन में अपना करियर बनाने का फैसला किया। दमिश्क यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद, ऑप्थैल्मोलॉजी में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए वो साल 1992 में लंदन स्थित वेस्टर्न आई हॉस्पिटल में पढ़ाई के लिए ब्रिटेन चले गए। साल 2018 में आई बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'ए डेंजरस डायनेस्टीः द असद्स' के अनुसार बशर लंदन की ज़िंदगी में रम गए थे।

उन्होंने अंग्रेजी गायक फिल कोलिंस की तारीफ की और पश्चिमी संस्कृति के पहलुओं को अपनाया। आसमा किंग्स कॉलेज लंदन में कम्प्यूटर साइंस पढ़ रही थीं और बाद में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में एमबीए में उनका प्रवेश हो गया। हालांकि जल्द ही उनकी ज़िंदगी ने एक अलग मोड़ ले लिया। हाफिज अल-असद के दूसरे बेटे के तौर पर बशर की शख्सियत आमतौर पर अपने बड़े भाई बासेल की छाया में ही ढंकी रही। उस समय बासेल को ही 'उनका वारिस' माना जा रहा था। लेकिन जनवरी 1994 में बासेल की मौत ने बशर की ज़िंदगी को पूरी तरह बदल दिया। उन्हें तुरंत लंदन से वापस बुला लिया गया और इसके साथ ही सीरिया के नए नेता के रूप में उनकी तैयारी शुरू कर दी गई। बशर सेना में शामिल हो गए और भविष्य की अपनी भूमिका के लिए अपनी सार्वजनिक छवि बनाने लगे। साल 2000 में हाफिज अल-असद की मौत हो गई और 34 साल के बशर को तुरंत देश का राष्ट्रपति बना दिया गया। इसके लिए सीरियाई संविधान में न्यूनतम उम्र 40 वर्ष की सीमा को घटाने के लिए संशोधन किया गया। साल 2000 की गर्मियों में बशर ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली और नया राजनीतिक सुर अपनाया। उन्होंने 'पारदर्शिता, लोकतंत्र, विकास, आधुनिकीकरण, जवाबदेही और संस्थागत सोच' के बारे में बातें कीं। राष्ट्रपति बनने के कुछ महीने बाद बशर ने आसमा अल-अखरास से शादी कर ली, उनके तीन बच्चे हैं- हाफिज, जेन और करीम।

राजनीतिक सुधार और प्रेस की आजादी को लेकर बशर के बयानों ने शुरू में सीरियाई लोगों के बीच उम्मीद जगाई। उनके नेतृत्व की स्टाइल और आसमा की पश्चिमी शिक्षा से लोगों को लगा कि यह बदलाव के नए दौर की शुरूआत का संकेत है। कुछ समय के लिए सीरिया ने नागरिक बहसों और अपेक्षाकृत अभिव्यक्ति की आजादी का एक छोटा दौर देखा जिसे 'दमिश्क स्प्रिंग' के नाम से जाना जाता है। लेकिन साल 2001 में सुरक्षा बलों ने दमन का चक्र फिर से चला दिया और सत्ता के मुखर विरोधियों की गिरफ़्तारियां शुरू हो गईं। बशर ने सीमित आर्थिक सुधारों की नींव रखी जिसने निजी क्षेत्र में विकास को बढ़ावा दिया, उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के शुरूआती वर्ष में उनके चचेरे भाई रामी मखलूफ का उभार हुआ। मखलूफ ने अपना एक विशाल आर्थिक साम्राज्य स्थापित किया, जिसके बारे में आलोचकों का कहना था कि यह सत्ता और संपत्ति के गठजोड़ का प्रतीक था। सीरियाई राष्ट्रपति ने अमेरिकी आक्रमण का विरोध किया, कुछ लोगों का मानना है कि इसका कारण उनका ये डर था कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का अगला निशाना सीरिया हो सकता है।